सूर्योदय 5:30 सूर्यास्त 7:04

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.8 न्यू | 25.6 अधि |
| धर्मशाला | 15.1 न्यू | 31.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72776.13 |
| निफ्टी | 22104.05 |
| सोना | 71,560 |
| चांदी | 86,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




नीरज फेडरेशन कप के फाइनल्स में

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 14 मई, 2024 | 1 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 146, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान (दैनिक समाचार पत्र) अपील: **मत का होगा दान, तो देश बनेगा महान**

## आज का मैच



दिल्ली कैपिटल्स vs लखनऊ सुपर जायंट्स

समयः रात 7:30 बजे (दिल्ली)

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रदेश में हार्ट अटैक से दो पर्यटकों की मौत

**शिमला।** शिमला घूमने आए तमिलनाडु के एक पर्यटक की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तमिलनाडु के रहने वाले पर्यटक सुगूमारन (67) पुत्र रामानाथन पूरे परिवार के साथ शिमला घूमने आया था। वह शिमला के मॉल रोड स्थित एक निजी होटल में ठहरा था। रविवार शाम को होटल में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और होटल के कर्मचारी व स्टाफ उसे आईजीएमसी ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मनाली में ट्रैकिंग करने पहुंचे कर्नाटक के पर्यटक गुर्लिंग रामचंद्रपा गरील की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी के बाद अरविंद



केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, "यह दिल्ली के उपराज्यपाल पर निर्भर है कि अगर वह चाहें तो कार्रवाई करें, लेकिन हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे।"

### सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** जमीन घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार झारखंड के



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा गिरफ्तारी को दी गई चुनौती से संबंधित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने मामले की सुनवाई के लए 17 मई की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा है कि इस दौरान ईडी अपना जवाब दाखिल करें।

### सिरमौर में कार खाई में गिरी, दो की मौत

**शिलाई।** सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र में पुरुवाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांटी मशवा में हुए हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। तीन घायलों का अभी भी इलाज चल रहा है। रविवार को पांवटा साहिब के पांच युवक कांटी मशवा स्थित झरने में नहाने गए हुए थे। इस दौरान जब युवक अपनी कार से लौट रहे थे तो कार अचानक सतौन मार्ग पर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में 28 साल के युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक घायल हुए थे, लेकिन घायल अजय चौधरी (22) ने एमएमयू अस्पताल मुलाना (हरियाणा) में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## अनंत व्यंग्य




# चौथे चरण में 63% वोटिंग

## लोकसभा चुनाव : पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा और जम्मू-कश्मीर में सबसे कम मतदान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नौ राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश की 96 सीटों पर सोमवार को मतदान हुआ। औसतन मतदान 63 प्रतिशत रहा।

पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 75.72 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि जम्मू-कश्मीर में सबसे कम 35.97 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश की 175 सीटों और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों के लिए भी वोटिंग हुई। आंध्र प्रदेश में 68.01, जबकि ओडिशा में 62.96 प्रतिशत औसत मतदान हुआ।

मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक हुआ। चौथे चरण में भाजपा के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, टीएमसी की महुआ मोइत्रा व एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, भाजपा सांसद साक्षी महाराज समेत कई दिग्गजों का चुनावी भविष्य ईवीएम में कैद हो गया है।

### अब तक 379 सीटों पर हुआ मतदान

अभी तक लोकसभा चुनाव के चार चरणों में 379 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। मतदान एक जून तक सात चरणों में पूरा होगा और 4 जून को नतीजे आएंगे।



### 17.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने डाला वोट

**लोकसभा** चुनाव-2024 के चौथे चरण में 17.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.73 करोड़ महिला और 8.97 करोड़ पुरुष मतदाताओं ने वोट डाला। 85 से अधिक आयु के 12.49 लाख व 19.99 लाख दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभाई।

### कहां कितना मतदान

| राज्य | मतदान % |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 68.06% |
| बिहार | 55.44% |
| जम्मू-कश्मीर | 35.97% |
| झारखंड | 63.14% |
| मध्य प्रदेश | 68.20% |
| महाराष्ट्र | 52.63% |
| ओडिशा | 63.85% |
| तेलंगाना | 61.16% |
| उत्तर प्रदेश | 57.12% |
| पश्चिम बंगाल | 75.72% |
| औसत | 62.56% |

### 1,717 उम्मीदवार थे चुनाव मैदान में

**लोकसभा** चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों व एक केंद्रशासित प्रदेश से 1,717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है। इस चरण में 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर 19 लाख से अधिक चुनाव कर्मी तैनात किए गए थे। चौथे चरण के मतदान में 63 सीटें सामान्य, 20 अनुसूचित जाति और 12 अनुसूचित जनजाति कि लिए आरक्षित थीं।

मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 4661 उड़न दस्ते, 4,438 स्थैतिक निगरानी दल, 1710 वीडियो निगरानी दल और 934 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही थीं।

## दिग्गजों ने किया मतदान

- हैदराबाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने पत्नी के साथ वोट डाला।



- अभिनेता अल्लू अर्जुन ने किया मतदान।



- तेलंगाना में अभिनेता चिरंजीवी ने वोट डाला।



- सरायकेला में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्नी मीरा मुंडा के साथ मतदान किया।



- पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू मतदान के बाद अपनी पत्नी के साथ।



- सैफई में परिवार के साथ अखिलेश यादव ने वोट डाला



- अब्दुल्ला परिवार की तीन पीढ़ियों ने श्रीनगर में डाला वोट।



# भारत-ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर समझौता



समझौते के दौरान केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनेवाल, मेहरदाद बजरपाश व अन्य।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और ईरान के बीच सोमवार को चाबहार बंदरगाह के संचालन से जुड़ा एक समझौता हुआ। इसके तहत भारत 10 वर्षों के लिए ईरान के रणनीतिक चाबहार बंदरगाह का विकास और संचालन करेगा। यह भारत-ईरान संबंधों और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में एक ऐतिहासिक क्षण है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने समझौते की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताया। इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मैरीटाइम संगठन के बीच चाबहार में शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के संचालन के लिए दीर्घकालिक अनुबंध हुआ है।

यह अनुबंध अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशिया के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और संबंधों को बढ़ावा देगा।

समझौते पर हस्ताक्षर के लिए बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग

**अनुबंध अफगानिस्तान मध्य एशिया और यूरेशिया के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और संबंधों को बढ़ावा देगा**

मंत्री, आयुष मंत्री सर्वानंद सोनेवाल सोमवार को तेहरान पहुंचे। वह अपने समकक्ष मेहरदाद बजरपाश की उपस्थिति में हुए इस समझौते के गवाह बने। सोनोवाल ने कहा कि इस अनुबंध पर हस्ताक्षर के साथ हमने चाबहार में भारत की दीर्घकालिक भागीदारी की नींव रखी है। यह समझौता न केवल दो महान देशों के बीच संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला और समुद्री क्षेत्र में भारत की मजबूत पकड़ भी बनाता है। भारतीय कंपनी, इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) चाबहार बंदरगाह में लगभग 12 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी।

## दिल्ली शराब घोटाला

### ईडी की चार्जशीट पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी की ओर से दाखिल छठी पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर राऊज एवेन्यू कोर्ट 14 मई को सुनवाई करेगा। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने यह आदेश दिया।

ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें बीआरएस नेता के. कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार और अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने के. कविता के खिलाफ मनी लांड्रिंग कानून की धारा 45 और 44(1) के तहत आरोपी बनाया है। ईडी ने अब तक कुल सात चार्जशीट दाखिल की हैं। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# दो संसदीय क्षेत्रों से तीन दिग्गजों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

### हमीरपुर से भाजपा के अनुराग ठाकुर



**हमीरपुर।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हमीरपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पहुंच कर सादे एवं गरिमामय माहौल में नामांकन भरा। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर भी मौजूद थे।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर अपना नामांकन भरा।

### शिमला से कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी



**शिमला।** शिमला लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने अपना नामांकन भरा है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष एवं अर्की से विधायक संजय अवस्थी, कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान, अनिरुद्ध सिंह, ठियोग से विधायक कुलदीप राठौर समेत कई नेता मौजूद थे।

### शिमला से भाजपा के सुरेश कश्यप



**शिमला :** शिमला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने अपना नामांकन भरा। नामांकन के दौरान विधायक सुखराम चौधरी व बलवीर वर्मा, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज उपस्थित रहे। परंपरागत तौर पर कांग्रेस की मानी जाने वाली शिमला सीट पर 2009 से लगातार तीन बार बीजेपी जीत चुकी है। कांग्रेस को आखिरी बार शिमला सीट पर 2004 के चुनाव में सफलता हाथ लगी थी।

**चुनाव प्रचार** रोड शो में दक्षिण की शहनाई, बंगाली धुनकी और गुजरात के डांडिया की दिखी झलक

# वाराणसी में मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**एजेंसी, वाराणसी**

वाराणसी संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार नामांकन करने शहर में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम को मेगा रोड शो किया। भाजपा की ओर से आयोजित रोड शो में शामिल होने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। रोड शो में दक्षिण की शहनाई, बंगाली समाज की धुनकी और ढाक वाद्ययंत्र के साथ गुजरात का डांडिया के साथ पूरे भारत की झलक दिखी।

बीएचयू के सिंह द्वार लंका पर स्थित महामना मदन मोहन मालवीय के विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो की शुरुआत की। रोड शो में प्रधानमंत्री ने भगवा रंग का कुर्ता और सफेद रंग की सदरी पहन रखी थी। मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। लंका से प्रधानमंत्री का रथ लाखों के हुजूम के बीच आगे बढ़ा तो लोगों ने शाही अंदाज में विजेता नायक की तरह शंखध्वनि, पुष्पवर्षा के बीच भव्य स्वागत किया। रोड शो में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों की दीवानगी एक बार देखने को मिली।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब तथा (दाएं) मोदी के साथ यूपी के मुख्यमंत्री योगी।

### 500 युवा और 500 मातृशक्ति रोड शो के आगे चल रही थी

प्रधानमंत्री के रोड-शो में 500 युवा और 500 मातृशक्ति आगे-आगे चल रही थी। रोड शो में लघु भारत और उत्तर प्रदेश की संस्कृति दिखी। ढोल-नगाड़े की थाप पर जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक भी अभिनंदन कर रहे थे।

# सीबीएसई ने घोषित किए 10वीं, 12वीं के नतीजे, लड़कियों ने मारी बाजी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी कर दिए। सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.60 फीसदी तथा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 87.98 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए।

10वीं कक्षा में छात्राओं का रिजल्ट छात्रों से बेहतर रहा है। परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र और 94.75 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। छात्रों की तुलना में 2.04 फीसदी अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम साल 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर रहा है। पिछले साल 10वीं बोर्ड का पास प्रतिशत 93.12 फीसदी रहा था, जो इस साल बढ़कर 93.60 फीसदी रहा है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 39 लाख छात्रों ने भाग लिया।

सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा 7126 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इस साल 12वीं में कुल 1,63,3730 स्टूडेंट्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 16,21,224 स्टूडेंट्स परीक्षा में उपस्थित हुए थे। साल 2024, 12वीं की परीक्षा में 14,26,420 पास हुए थे। इस साल कुल पास प्रतिशत 87.98 रहा है. पिछले साल (2023) का कुल पास प्रतिशत 87.33 रहा था. यानी इस साल परिणामों में 0.65 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है

# हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी एनएच यातायात के लिए बंद

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर-अवाहदेवी-मंडी एनएच-70 यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। सोमवार शाम को कोट गांव के पास इस सड़क का एक हिस्सा टूट गया, जिस कारण सड़क पर कई दरारें आ गई। नेशनल हाईवे अथॉरिटीज ने सड़क पर बजरी फैंक कर उसे फिलहाल यातायात के लिए बंद कर दिया है, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

दरअसल में इस सड़क के निर्माण को लेकर कई बार सवाल उठते आए हैं। इसका निर्माण लंबे समय से सवालों के घेरे में है,लेकिन नेशनल हाईवे अथॉरिटीज और सरकार पर किसी तरह का कोई असर होता हो, ऐसा कभी नहीं दिखा। अब जिस जगह पर सड़क अवरुद्ध हुई है या फिर उसका हिस्सा टूटा है। उसकी मरम्मत इतनी आसानी से जल्दी होने वाली नहीं है।

क्योंकि उसका एक हिस्सा पिछली बरसात में भी बह चुका है और वहां बड़ा डंगा लगाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



कोट गांव के पास सड़क का टूटा हिस्सा।

# एचडी रेवन्ना को सशर्त जमानत

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे और जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को अदालत से बड़ी राहत मिली है। उन्हें अपहरण मामले में सशर्त जमानत मिल गई है। निचली अदालत ने उन्हें 5 लाख रुपए के बॉन्ड पर जमानत दी है। कोर्ट में उन्हें दो निजी जमानतदार भी पेश करना पड़ा। उनके सांसद बेटे प्रज्ज्वल रेवन्ना लीक हुए अश्लील वीडियो से जुड़े कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में आरोपी हैं

# मालीवाल ने केजरीवाल के पीए पर लगाया मारपीट का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने पुलिस से शिकायत की है कि दिल्ली मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट हुई है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की है।

उत्तरी दिल्ली पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे सिविल लाइंस पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला ने कहा कि उसके साथ मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की गई है। कुछ देर बाद सांसद स्वाति मालीवाल थाना सिविल लाइंस आईं, लेकिन बाद में शिकायत देने की बात कहकर चली गईं।



**पुलिस ने मामले की पुष्टि की**

दिल्ली पुलिस ने रोजनामचा में स्वाति मालीवाल की शिकायत दर्ज की है, "मैं अभी सीएम के घर पर हूं। उन्होंने अपने पीए वैभव कुमार से मुझे बुरी तरह पिटवाया है।"

दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि वह इस घटना की निंदा करते हैं और पूरी घटना की जांच की मांग करते हैं। किसी भी महिला के साथ इस तरह का बर्ताव होने पर उसे न्याय मिलना चाहिए।



# अनंत चुनावी बिसात




## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। इसके बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।
यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए पांचवें दिन कोई नामांकन नहीं




**मंडी।** मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार पांचवें दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी 2-मंडी संसदीय क्षेत्र, अपूर्व देवगन ने दी। उन्होंने बताया कि अब तक मंडी संसदीय क्षेत्र से कुल सात उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बताया कि मंगलवार 14 मई नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है।

## भाजपा ने 10 साल में लोगों को झूठे वादे करके ठगा : आनंद शर्मा

**अनिल छांगू, जवाली**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने सोमवार को जवाली विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर आनंद शर्मा का जवाली पहुंचने पर प्रदेश के कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार के नेतृत्व में जवाली ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

आनंद शर्मा ने कहा कि सांसद बनने पर कांगड़ा घाटी रेल ट्रैक पर सभी ट्रेनों की बहाली व ट्रैक का सुधारीकरण, पौंग विस्थापितों की समस्याओं का समाधान, उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी ने अपना मेनिफेस्टो में सभी वर्गों का ध्यान रखकर बनाया है, जिसमें मुख्य मुद्दा बेरोजगारी दूर करना है, किसानों के लिए एमएसपी, महिलाओं के लिए काम, गृह लक्ष्मी योजना के तहत हर महिला के खाते में हर साल एक लाख रुपए की सहायता राशि देना, हर गरीब परिवारों के लिए काम करना शामिल है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक विचारधारा को लेकर है और भाजपा पार्टी द्वारा जो 10 साल में लोगों को झूठे वादे करके ठगा गया है, उसके खिलाफ है। (अनंत ज्ञान)



जवाली में जनसभा के दौरान आनंद शर्मा।

## मोदी सरकार के 10 साल में टूरिज्म सेक्टर में हुआ अभूतपूर्व विकास: राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज सोमवार को शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गटनल, शिहू, हरनेरा, थमंबा दगरेला, बस्नूर लजोत, चड़ी, कल्याड़ा व लदवाड़ा में नुक्कड़ सभाओं में जनता से मिले तथा उनसे अपने पक्ष में वोट की अपील की।

इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 10 साल में टूरिज्म सेक्टर में अभूतपूर्व उछाल आया। देश में कम से कम पूंजी निवेश में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पीएम ने कहा था कि एक रुपए भेजते हैं 15 पैसे पहुंचते हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने 30 लाख करोड़ भेजे और पूरे पहुंचे। भाजपा ने 10 करोड़ फर्जी नाम हटाए। उनकी व्यवस्था ऐसी थी, जिस बेटी का जन्म नहीं हुआ, उसे विधवा पेंशन जाती थी। भाजपा ने फर्जी नामों को हटाने से 3 लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाया।



नुक्कड़ सभा के दौरान राजीव भारद्वाज।

## चुनावी टक्की

### बेरोजगारी मिट चुकी है



**मुझे** तो नेता जी को हर हालत में जिताना है, अगर नेता नहीं जीत पाए तो मेरा कारोबार बंद हो जाएगा। मेरे नेता ने मेरे परिवार पर बड़ा उपकार किया है। नेता ने हमारी बेरोजगारी को भी दूर किया है। मेरी बेरोजगारी के साथ ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं की बेरोजगारी भी दूर हो गई है। उनकी सोच बड़ी दूर की है। बेरोजगारी दूर करने के लिए ऐसा तरीका अपनाया है कि उसके लिए पढ़ाई भी जरूरी नहीं है। डिग्री होल्डर हों या अनपढ़ हों, सब खूब कारोबार चला रहे हैं। कुछ को नेता जी ने अपने लिए उगाही का काम सौंप दिया है, तो कुछ को सरकारी कर्मचारियों का जिम्मा दिया है। कुछ ऐसे बेरोजगार हैं, जिन्हें हफ्ता वसूली का काम दिया गया है। जो भी नेता जी के बिलकुल खास हैं, उन्हें सरकारी विभाग का ठेकेदार बनाया गया है। अब फिर से कोई बेरोजगारी के लिए रोता रहा हो तो नेता जी क्या करें? नेता जी के प्रयास से सभी ठेके भी अपने खास ठेकेदारों को दिलाए हैं। कुछ अपने घर और रिश्तेदारों के नाम भी चलाए हैं। कौन कहता है बेरोजगारी दूर नहीं हुई है। भाखड़े वाले पिंकू को देखो साइकिल भी नहीं थी, अब थार में चलता है। नेता जी के खासमखास बिल्लू और मिट्ठू भी पुरानी उधारी चुकाकर एसयूवी में घूम रहे हैं। फिर कहते हैं नेता जी ने क्या किया, देखा नहीं कितने अपने लोगों की बेरोजगारी दूर की। रौनकी ताऊ को पुराना ठेकेदार मिला, उसकी बात जिसने सुनी वह भी हिला। नेता का खूब किस्सा उसने सुनाया है। नेता जी ने रिवाज ही ऐसा चलाया है। नेता जी की पसंद से ही मिलेगा कोई भी टेंडर, उनकी मर्जी के बगैर नहीं बन पाएगा कोई वेंडर। **-राजेश शर्मा**

### बेटी ने जब पूछा सवाल

**चुनावी** खर्च को लेकर अब बच्चे भी सवाल पूछने लगे हैं। बेटी ने पूछा पापा लाखों खर्च करके नेताओं को चुनाव लड़ने की क्या जरूरत होती है। बिना पैसे के चुनाव क्यों नहीं लड़ा जा सकता है। पोस्टर और होर्डिंग पर होने वाला खर्चा गरीबों पर क्यों खर्च नहीं हो सकता। एक उम्मीदवार को करीब नब्बे लाख रुपए चुनाव में खर्च करने की अनुमति होती है। अगर नेता के पास इतना पैसा होता है तो उसे फिर लोगों के पास हाथ जोड़पे की क्यों जरूरत होती है? बेटी के सवालों का जवाब कुछ भी नहीं मिल पा रहा है। पापा सोच रहा है कि अगर कोई जवाअ दिया तो बेटी न जाने आगे कौन सा सवाल बता देगी। बेटी का एक सवाल हमारे जहन में भी घर कर गया। आखिर बड़े चुनाव में बड़े होर्डिंग की जगह छोटे पोस्टर से क्यों नहीं काम चल सकता है। जब सोशल मीडिया का जमाना है तो होर्डिंग और पोस्टर पर क्यों खर्च किया जाता है। इतना चुनाव प्रचार पर खर्च करने की जरूरत क्यों होती है? रौनकी ताऊ के पास इन सवालों का भी कोई जबाव नहीं बन पा रहा है। बेटी सच ही तो बोल रही है, लेकिन अब उसे कौन समझाए कि अगर खर्चा इतना है तो कमाई कितनी होगी। अगर बेटी ने नेता जी की चुनाव के बाद वाली कमाई पर नजर दौड़ाई तो अपने वाले नेता को लेकर कौन देगा सफाई? रौनकी ताऊ ने भी बेटी के पापा को एक ही बात बताई, उसे कहना दूसरों की बात नहीं करते उसमें होती है बुराई।

## यहां शूटिंग के लिए आई हैं भाजपा प्रत्याशी : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, आनी**

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मंडी से भाजपा की प्रत्याशी आजकल यहां घूमने और शूटिंग पर आई हैं, जो 4 जून के बाद अपनी नगरी मुंबई वापस लौट जाएंगी। सोमवार को आनी विधानसभा क्षेत्र में अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह अपने भाषणों में स्वतंत्रता सैनानियों का यह कह कर अपमान कर रही हैं कि देश को आजादी 2014 में मिली।

उन्होंने कहा कि जिसे देश के इतिहास की कोई जानकारी ही न हो वह कहीं का भी नेतृत्व करने योग्य नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह केवल वोट बटोरने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कोई बात नहीं करती। 15 माह के छोटे से कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने अपनी 10 गारंटियों में से 5 को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कोई भी खतरा नहीं है। यह पूरी तरह मजबूत है और अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को प्रदेश के लोगों को बताना होगा कि भाजपा ने आपदा के समय सरकार को विधानसभा के अंदर सहयोग क्यों नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने हिमाचल के हितों को पूरी तरह अनदेखा किया है। उन्होंने रामपुर, लुहरी क्षेत्र में विद्युत परियोजनाओं से प्रभावित सभी लोगों के पुनर्वास व हितों की पूरी रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद वह रामपुर में मेडिकल कॉलेज को खोलना, आनी की जलोड़ी जोत में टनल निर्माण के कार्य में तेजी लाना उनका प्रमुख लक्ष्य है।

जलोड़ी टनल के सर्वे के लिए उनकी सरकार ने 20 करोड़ रखे हैं। इसके अतिरिक्त भूभू जोत में भी टनल का निर्माण किया जाएगा, जिससे आनी क्षेत्र में पर्यटन विकास को तेज किया जा सके और यहां बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

**कहा बेरोजगारी महंगाई जैसे मुद्दों पर बात नहीं करती भाजपा**



आनी में जनसभा करते विक्रमादित्य सिंह व पार्टी के अन्य पदाधिकारी।

### आपदा में सरकार ने की सबकी मदद

**विक्रमादित्य** सिंह ने लोगों से भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह क्षेत्र उनके निवास स्थान रामपुर के साथ लगता है और यहां से उनके पारिवारिक रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र की समस्याओं को भली-भांति जानते हैं। उन्हें दूर करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आपदा के समय इस क्षेत्र में भवनों व सड़कों को बहुत नुकसान हुआ प्रदेश सरकार ने सभी प्रभावित लोगों की पूरी मदद की। उन्होंने कहा कि गत 15 माह में लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के निर्माण, सुधार पर 3500 करोड़ खर्च किए। आपदा में जिन लोगों के घर पूरी तरह नष्ट हुए उन्हें 7 लाख का मुआवजा दिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार ने आपदा राहत मेनुयल में संशोधित कर राहत राशि को बढ़ाया है।

## हर मोर्चे पर नाकाम रही प्रदेश सरकार: जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कंगना के नामांकन में भारी जन सैलाब उमड़ेगा। उनके नामांकन और जनसभा में प्रदेश के लोगों को पता चल जाएगा कि मंडी से इस बार जीत के सारे रिकॉर्ड टूट जाएंगे।

हिमाचल में चारों की चारों सीटें भाजपा जीतेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार 400 सौ से ज्यादा सीटों के साथ प्रधानमंत्री बनेंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर नाकाम है। सरकार की तानाशाही और बड़बोले पन से पूरे प्रदेश के लोग त्रस्त हैं और अपने वोट की चोट से सरकार को सबक सिखाने के लिए बेताब हैं। प्रदेश के लोग मुख्यमंत्री को यह बताना चाहते हैं कि अगर उन्हें संस्थान बंद करने में मजा आता है, अगर उन्हें नौकरियों से लोगों को निकालने में सुख मिलता है, तो लोगों को भी सरकार को सबक सिखाना आता है। सरकार को शून्य पर 'लॉक' करना आता है।

इस बार प्रदेश के लोग वही करने वाले हैं। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का खाता नहीं खुलने वाला है। पिछली दो बार की तरह इस बार भी भाजपा सभी की सभी सीटें जीतेगी। प्रदेश में दुख की सरकार चल रही यह सरकार बहुमत खो चुकी और जनता की नजर में भी गिर गई है। जिस तरह से कांग्रेस का विलोपन हो रहा है आने वाले समय में कांग्रेस खोजे नहीं मिलेगी।



पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर संबोधित करते हुए।

### झूठ की राजनीति करते हैं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू: इंद्रदत्त लखनपाल

**बिझड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से बड़सर विधानसभा का उपचुनाव तो जीतेंगे ही साथ में केंद्रीय मंत्री अनुराग को भी 15000 वोटों की बढ़त दिलाई जाएगी। बिझड़ी में भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय खोलने के बाद भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने यह बात कही। लखनपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री झूठ की राजनीति करते हैं और जनता इसका जवाब एक जून को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट डालकर देगी। भाजपा के कार्यकर्ता प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं जहां भी लोगों के बीच वोट मांगने जा रहे हैं लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। बिझड़ी में भाजपा का कार्यालय खोलने के बाद बाजार में लोगों से रू-ब-रू हुए और अपने लिए समर्थन मांगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव शर्मा, कमलनयन शर्मा, राकेश भाना, युवा भाजपा नेता शशि शर्मा, रवि कानूनगो, यशपाल सिंह, सुरेंद्र अगहोत्री सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




इंद्रदत्त लखनपाल कार्यकर्ताओं के साथ।

## मोदी के रूप में भारत को मिला सक्षम नेतृत्व : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस के नेता देश के पुनर्विभाजन की लड़ाई लड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश के अंदर कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन के रूप में ऐसी पार्टियों से समझौता किया है, जो लगातार देश विरोधी गतिविधियों के अंदर संलिप्त हैं। कांग्रेस पार्टी के नेता पाकिस्तान परस्ती के बयान देते हुए दिखाई देते हैं। कांग्रेस के नेता और इनके साथ जुड़ी हुई जो पार्टी के लोग कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम हैं और पाकिस्तान से दोस्ती कर लो और ये लोग लगातार पाकिस्तान के नाम पर डराते और धमकाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को पाकिस्तान से बार-बार जीत का आशीर्वाद आता है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य निश्चित रूप से भारत को शक्तिशाली ताकतवर राष्ट्र बनाना और यदि दुश्मन आंख उठा करके देखता है, तो उसके घर में घुसकर मारने की तैयारी करना रहा है। उन्हांने कहा कि पिछले 10 साल के अंदर आंतरिक सुरक्षा के अंदर भारी परिवर्तन आया है।

## बिलासपुर कांग्रेस कमेटी ने मीडिया सचिव किया बर्खास्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के खिलाफ कार्य करने और भाजपा के लिए प्रचार-प्रसार करने पर जिला मीडिया सचिव को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी की रैलियों और भाजपा के लिए प्रचार-प्रसार करना मीडिया सचिव को महंगा पड़ गया, जिसके चलते सोमवार को पार्टी ने तुरंत प्रभाव से उनकी सदस्यता भी रद्द कर दी और उनके पद पर अब पार्टी के कार्यकर्ता राजकुमार को मीडिया सचिव नियुक्त कर दिया है।

जिला कांग्रेस कमेटी की प्रधान अंजना धीमान ने कहा कि पार्टी के खिलाफ कोई भी नेता या कार्यकर्ता कार्य करता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों को लेकर इन दिनों कांग्रेस और भाजपा का प्रचार-प्रसार काफी तेजी से चला हुआ है।

ऐसे में कांग्रेस पार्टी को पिछले विधानसभा चुनावों में यहां के प्रत्याशियों के साथ हुए भितरघात का माहौल पैदा न हो, इसी के चलते यह कार्रवाई की गई है। वहीं, दूसरी ओर पूर्व जिला कांग्रेस मीडिया सचिव पहले से ही यहां पूर्व में रहे सांसद और कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए सुरेश चंदेल के काफी नजदीकी रहे हैं। चाहे फिर बात भाजपा की हो या फिर कांग्रेस की, मीडिया सचिव हमेशा सुरेश चंदेल के लिए कार्य करते हुए आए हैं। ऐसे में जैसे ही सुरेश चंदेल कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए, तो कहीं न कहीं मीडिया सचिव की कांग्रेस पार्टी से रुचि भी खत्म होने लग गई थी। वहीं, जिला कांग्रेस कमेटी प्रधान अंजना धीमान का यह भी कहना है कि उनको कई बार भाजपा की रैलियों में भी देखा गया था, जिसके चलते कमेटी ने तुरंत प्रभाव से यह कार्रवाई की है। सोमवार को जिला कांग्रेस भवन में कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिलाध्यक्ष अंजना धीमान ने सभी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी नियुक्त की, जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं को प्रभारी तो कुछ कार्यकर्ताओं को सहप्रभारी नियुक्त किया गया।




जिला बिलासपुर कांग्रेस कमेटी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

## राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के चंबा दौरे से गरमाई सियासत



चंबा में चुनावी रैली के दौरान राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन।

**एमएम डैनियल, चंबा**



राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन का नाम इन दिनों हिमाचल प्रदेश की राजनीति में खूब चर्चाओं का विषय बना हुआ है। महाजन लोकसभा चुनाव का दायित्व मिलते ही पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के अपने गृह जिला से लेकर कांगड़ा विस क्षेत्रों का तूफानी दौरा कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के चंबा-कांगड़ा विस क्षेत्र में दौरे ने भाजपा को नई ऊर्जा प्रदान कर दी है। हर्ष महाजन के आगमन पर चंबा में उमड़ा जनसैलाब भाजपा प्रात्यशी को लोस चुनाव में भारी समर्थन मिलने के संकेत दे रहा है।

दूसरी ओर कांग्रेस विस चुनाव में मिली जीत को लोकसभा चुनाव में कैश करने के मूड में है, जिसके लिए जहां कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा द्वारा पार्टी पदाधिकारियों, सदस्यों व कार्यकर्ता से बैठक की गई है। वहीं, इस बैठक के पश्चात सदर विधायक नीरज नैय्यर ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगने का अभियान छेड़ दिया है। सांसद हर्ष महाजन के समर्थकों का ग्राफ गत वर्षों की भांति कायम है। भाजपा के लोस व विस उपचुनाव में प्रचार-प्रसार के मुकाबले में कांग्रेस पीछे दिख रही है। चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में चुनाव भाजपा ने प्रत्याशी घोषित होते ही पार्टी से लेकर जन-जन से संपर्क साधने सहित अपने दिग्गज नेताओं को फील्ड में उतार दिया है। वहीं, इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी की लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां देखी जाएं तो चुनाव घोषित होने से पूर्व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का चंबा सदर व भटियात में दौरा हुआ, जबकि लोस चुनाव घोषणा व कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होते ही वह कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के संग मंडी संसदीय क्षेत्र अधीन भरमौर व पांगी का दौरा कर पाए हैं, जबकि चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से घोषित हुए कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा का महज एक दौरा हुआ है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र अधीन चंबा, भटियात, चुराह व डलहौजी चारों विस क्षेत्रों में पन्ना प्रमुख सम्मेलनों सहित कई नुक्कड़ सभाएं कर चुके हैं। दोनों पार्टियों के चुनावी प्रचार-प्रसार अभियान में जहां अंतर नजर आ रहा है, वहीं राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के चंबा-कांगड़ा क्षेत्रों के दौरे ने भाजपा को बैकफुट से फ्रंटफुट पर ला दिया है। (अनंत ज्ञान)

**राजनीति** | कांग्रेस प्रत्याशी बोले- कांग्रेस न होती तो सुधीर विधायक पेंशन पर घर बैठे होते

# धर्मशाला का विकास कांग्रेस की देन: जग्गी

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

धर्मशाला की जनता के मान-सम्मान को सर्वोपरि रखा जाएगा, मेरे घर के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे और मेरा फोन नंबर भी आम जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेगा। जनता को जो जिल्लत का दंश पूर्व में सत्तासीन माननीय ने दिया है, उसका हिसाब लेने का वक्त आ गया है।

कांग्रेस पार्टी और जनता से गद्दारी करने वाले अब जनता को गुमराह करने के लिए झूठ बोल कर जनता की सहानुभूति लेने का प्रयास कर रहे हैं। यह बात धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने एक विशेष भेंट वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कर्मचारी हितेशी है, इसलिए कर्मचारियों के हित एवं भविष्य को देखते हुए उन्हें ओपीएस बहाली की सौदात दी है। जग्गी ने मौजूदा सरकार ने इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान योजना, सुख आश्रय, एकल नारी के लिए 3 लाख रुपए अनुदान, किसानों, पशुपालकों एवं बागवानों की लिए शुरू की गई अनेक योजनाओं का जिक्र करते हुए इन योजनाओं को जन हितेशी बताया। देवेंद्र सिंह जग्गी ने कहा कि सुधीर शर्मा केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईटी पार्क और धर्मशाला के विकास कार्यों सहित विभिन्न मामलों को लेकर कोरा झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए वह सत्तासीन रहते क्यों कुछ नहीं कर पाए। आईटी पार्क का निर्माण कार्य जोरों पर है, लेकिन वह इस निर्माण कार्य को बंद बता कर हंसी का पात्र बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि धर्मशाला में हुआ विकास कार्य कांग्रेस पार्टी की देन है और यदि धर्मशाला में हुए विकास कार्यों का वह श्रेय ले रहे हैं तो विकास कार्य करने लायक उन्हें कांग्रेस पार्टी ने ही बनाया है। यदि बैजनाथ सीट आरक्षित होने के बाद कांग्रेस ने उन्हें धर्मशाला से टिकट नहीं दिया होता तो वह आज बैजनाथ में विधायक पेंशन के साथ घर बैठे होते। (अनंत ज्ञान)

### नामांकन के दिन 10 हजार से अधिक लोग होंगे मौजूद

**देवेंद्र** सिंह जग्गी ने कहा कि मंगलवार को वह अपना नामांकन दाखिल कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कैबिनट रैंक रघुवीर सिंह बाली, मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, विधायक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन व आशीष बुटेल सहित तमाम बड़े पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन के दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित 10 हजार से अधिक आम लोग पहुंच कर अपना आशीर्वाद देंगे। नामांकन के दिन जनसैलाव से ही सरकार एवं जनता विरोधियों की हार तय हो जाएगी।



चुनाव प्रचार के दौरान एक बुजुर्ग की बात सुनते देवेंद्र सिंह जग्गी।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक मंगलेट भाजपा में शामिल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चौपाल से विधायक रहे सुभाष चंद मंगलेट ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भी मुलाकात की। शिमला के चौपाल से मंगलेट मात्र 28 वर्ष की उम्र में 2003 में पहली बार निर्दलीय विधायक बने थे।

मंगलेट शुरू से ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यां से जुड़े रहे हैं। मंगलेट कांग्रेस में रहने के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के टीम में कई बार काम कर चुके हैं। पिछली कांग्रेस सरकार में मंगलेट मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रह चुके हैं। वह ऑल इंडिया एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के भी अध्यक्ष पद का पदभार भी संभाल चुके हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने मंगलेट को टिकट नहीं दिया था।

**मतदान का संदेश**




पधर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सेल्फी लेते मतदाता।

**जागरूकता अभियान**



ऊना में स्वीप के तहत लोगों को मतदान का महत्व बताया।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



आज सबसे बड़ा मुद्दा सुरक्षा का है। विश्व में कई देशों में तनाव चल रहा है। बावजूद इसके हिंदुस्तान खुद को सुरक्षित महसूस करता है। देश को ईमानदार और संशक्त सरकार की आवश्यकता है। ऐसी पार्टी और नेता को वोट दिया जाना चाहिए, जो देश के नागरिकों की रक्षा और सीमा ऑन की सुरक्षा की गारंटी दे। अपने देश के मजबूत भविष्य बनाने के लिए मतदान जरूर करना चाहिए। **बख्तावर सिंह, बड़सर।**

मैं लोकसभा चुनाव में उसी जनप्रतिनिधि को अपना वोट दूंगा, जो बेरोजगारी को खत्म कर रोजगार के नए अवसर पैदा करे और कारगर योजना को लेकर आए। जनता के कार्य को जो सर्वोपरि समझे और जो भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में समर्थ हो।



**रोहित ठाकुर, जाहलमा (लाहौल-स्पीति)**

मेरा जनप्रतिनिधि ऐसा होना चाहिए] जो जनता के हित में सोचे ओर जनता के काम करने की मंशा रखता हो। युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाने वाला हो और जनता के तकलीफों को समझने वाला हो, इसलिए मेरा वोट साफ सुथरी छवि वाले नेता के नाम होगा।



**राहुल शर्मा, गोहरमा (लाहौल-स्पीति)**



इस बार वोट उस कैंडिडेट को दूंगा, जो रोजगार के साथ-साथ साधन उपलब्ध करवाए। देश के हर पढ़े-लिखे युवाओं के बारे में सोच आज तक कोई ऐसा सांसद नहीं, जिसने यह रोजगार के साधन पैदा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए होंगे। चुनाव के दौरान बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं। वे बातें चुनाव तक ही सीमित होती हैं।

**मनीष कुमार, भोटा।**

हमारे संसदीय क्षेत्र में बीते 10 साल में काफी विकास हुआ है। चाहे स्वास्थ सुविधाएं हों या बेहतर शिक्षा। लोग भाजपा के साथ हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे।



**राजेश ठाकुर, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**

युवा बेरोजगारों में एक असुरक्षा की भावना आ चुकी है। रोजगार न मिलने से कई युवा मजदूरी कर रहे हैं। युवाओं के प्रति ईमानदार सोच रखने वाले प्रत्याशी को वोट दिया जाएगा। युवाओं को भी चुनाव के समय पूरे विवेक का इस्तेमाल करके मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।



**मनीष सोनी, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**



चुनाव से पहले प्रत्याशी बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वह वादे गुम हो जाते हैं। अब समय बदल रहा है, इसलिए सबसे पहले यह ध्यान देना होगा कि प्रत्याशी आमजन की मूलभूत जरूरतों को समझने वाला हो। प्रत्याशी चुनाव जीतने के बाद कामों में जुट जाते हैं, जिनसे सीधे तौर पर आम लोगों को फायदा नहीं होता। **जुल्फी राम, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**

# 15 साल के विकास की लंबी सूची, सुक्खू समय निकालें, सब बता दूंगा : अनुराग

## कहा- 15 माह तक प्रदेश सरकार ने कुछ नहीं किया, अब चुनाव के बाद आराम ही करेगी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**केंद्रीय** मंत्री और हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हमीरपुर में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर 15 साल के कार्यकाल का हिसाब मांगने के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा यदि इस संसदीय क्षेत्र में हुए विकास की लंबी सूची उन्हें समझ नहीं आ रही है, तो वह समय निकालकर उनके पास आएं, उन्हें विकास कार्यों की सारी सूची बता दूंगा। उन्होंने प्रदेश सरकार और राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर करारा हमला बोला है। कांग्रेस और इसके सहयोगी दल भय, भ्रम और अफवाहें फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का होना ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि 15 माह में उनके पास कोई भी उपलब्धि नहीं रही है। भाजपा के पास नरेंद्र मोदी हैं। इस क्षेत्र में विकास के ढेरों काम हुए हैं, लेकिन सुक्खू सरकार को नजर नहीं आ रहे हैं। 15 महीने तो इस सरकार ने मुकम्मल तौर पर आराम फरमाया है। अब चुनाव के बाद तो पूरी तरह आराम ही करेगी। (अनंत ज्ञान)

**सीएम सुक्खू के बयान पर किया पलटवार**



नामांकन दाखिल करने के बाद पिता प्रो. प्रेम कुमार धूमल के साथ अनुराग ठाकुर।

### जनता सिखाएगी कांग्रेस को सबक

नादौन विधानसभा क्षेत्र में क्रिकेट स्टेडियम उन्हें नजर नहीं आ रहा। न केवल हमीरपुर संसदीय क्षेत्र बल्कि हिमाचल में इतने सारे नेशनल हाई-वे, टू-लेन, फोरलेन भी यदि नजर नहीं आ रहे। 12 नई ट्रेनें जो चलाई गई हैं, यदि वह भी नजर नहीं आ रहीं, तो फिर इनका कुछ नहीं हो सकता। जनता ही इन्हें सबक सिखाएगी।

### कांग्रेस सपने देखती है, और देख ले

अनुराग ने कहा कि हिमाचल की चारों सीटें भाजपा जीतेगी। कांग्रेस यदि सपने देख रही है तो देख ले, उसने पहले भी देशवासियों को सपने ही दिखाए हैं, अब फिर से यदि सपने देख रही है, तो सपने देखना बुरी बात नहीं, कांग्रेस और सपने देख ले। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सभी ओछी राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस के पास न भविष्य के लिए दिखाने को कुछ है और न वर्तमान में उसके पास कुछ बचा है। पब्लिक ने उसे मुकम्मल तौर पर नकार दिया है, अब अफवाहें फैलाकर सपने देख रही है, देखती रहे कुछ होने वाला नहीं। देश की जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भविष्य को सुरक्षित देखती है। मोदी के नेतृत्व में जो विकास हो रहा है उस पर जनता को पूरा भरोसा है। छल-कपट करके कुछ भी होने वाला नहीं है।

# जनता की अदालत देगी भाजपा को जवाब : सुक्खू

## सुल्तानपुरी के नामांकन के बाद सीएम ने बोला हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने अपना नामांकन भरा है।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष एवं अर्की से विधायक संजय अवस्थी, कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान, अनिरुद्ध सिंह, ठियोग से विधायक कुलदीप राठौर समेत कई नेता मौजूद रहे।



नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीएम सुक्खू ने कहा कि पार्टी के सभी चारों प्रत्याशियों ने नामांकन भरा है। अब जनता की अदालत में जाने का समय है। यह चुनाव लोकतंत्र के भविष्य और देश की राजनीति को दिशा देने का चुनाव है। जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करने वाली भाजपा को एक बार फिर छह विधानसभा सीटों पर जनता की अदालत में जाना पड़ रहा है और फिर उन्हें इस बात मुंह की खानी पड़ेगी।

### जयराम सही जोड़ घटाव करना सीखें

सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा कि पहले अपने मैथ ठीक कर आंकड़ों का सही जोड़-घटाव करना सीखें। वह नहीं जानते हैं कि विधानसभा में अभी 62 सदस्य मौजूद हैं, जिसमें अभी भी 34 सदस्य कांग्रेस के हैं। बहुमत का आंकड़ा कांग्रेस के पास है। अभी 6 विधानसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है और आने वाले समय में तीन निर्दलीय विधायकों की सीट पर भी चुनाव होना है।

### देश की जनता देगी जवाब : सुल्तानपुरी

**शिमला** संसदीय सीट से प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि वह जनता की अदालत में जा रहे हैं, जिसका परिणाम 4 जून को कांग्रेस के पक्ष में आएगा। उन्होंने कहा कि वे पीएम मोदी पर कुछ नहीं बोलना चाहते हैं, लेकिन इस बार देश की जनता खुद बोलेगी।

# प्रदेशभर में पांचवें दिन 18 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

### भाजपा के कवरिंग कैंडिडेट वीरेंद्र कंवर



हमीरपुर संसदीय सीट पर भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के कवरिंग कैंडिडेट के रूप में वीरेंद्र सिंह कंवर ने नामांकन दाखिल किया।

### राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के जगदीप कुमार



हमीरपुर संसदीय सीट से राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के जगदीप कुमार ने नामांकन भरा।

### कुटलैहड़ से मनोहर लाल कवरिंग कैंडिडेट



कुटलैहड़ से मनोहर लाल ने भाजपा के कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर नामांकन भरा।

### लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी मार्कंडेय



लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने परचा भरा।

### कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से फॉरवर्ड ब्लॉक के संजीव



धर्मशाला। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से संजीव गुलेरिया ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी की ओर से नामांकन भरा।

### सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी के रविंद्र सिंह डोगरा



सुजानपुर। एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी रविंद्र सिंह डोगरा ने सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया।

### कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी चंचल



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी चंचल सिंह ने नामांकन भरा।

### गगरेट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया



गगरेट विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया ने नामांकन दाखिल किया और कवरिंग कैंडिडेट के तौर पर रेणु कालिया ने परचा भरा।

### कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी केहर सिंह



कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से आजाद प्रत्याशी के रूप में केहर सिंह ने भरा परचा।

### कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से बसपा की रेखा रानी



धर्मशाला। बहुजन समाज पार्टी की टिकट पर रेखा रानी ने कांगड़ा-चंबा लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया।

### बसपा से विजय कुमार कवरिंग कैंडिडेट



कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से बहुजन समाज पार्टी से विजय कुमार ने कवरिंग कैंडिडेट के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया।

### गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी मोहित



गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी मोहित बग्गा ने नामांकन भरा।

### गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी अशोक



गगरेट विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी अशोक सौंखला ने नामांकन दाखिल किया।

**राजनीति** प्रदेश के मतदाताओं का चौंकाने वाले नतीजे देने का पुराना और लंबा इतिहास रहा

# हिमाचल के दिग्गजों को देखना पड़ा है हार का मुंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** के मतदाता सियासत की पिच पर बड़े-बड़े राजनीतिक सूरमाओं को पटखनी दे चुके हैं। सूबे के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों स्वर्गीय वीरभद्र सिंह, शांता कुमार और प्रेम कुमार धूमल तक को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है।

इसके अलावा दिग्गज नेताओं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व मंत्री विद्या स्टोक्स, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, स्वर्गीय जीएस बाली, गुलाब सिंह ठाकुर इत्यादि को भी यहां के वोटर चुनाव के समय दिन में तारे दिखा चुके हैं। महज चार लोकसभा सीटों वाला हिमाचल बेशक छोटे राज्यों में शुमार है, लेकिन यहां की राजनीति का दायरा राष्ट्रव्यापी है। मौसम की तरह ही यहां के राजनेताओं का मिजाज और जनता का मत भांपना मुश्किल माना जाता है। यही वजह है कि राजनीति के सूरमाओं को भी हिमाचल की धरती में अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा है। हिमाचल में दिग्गजों की हार का ज्यादा उलटफेर विधानसभा चुनाव में हुआ है।

लोकसभा चुनाव में बड़े नेताओं की हार की बात करें, तो धूमल, शांता, वीरभद्र सिंह और प्रतिभा सिंह को हार का सामना करना पड़ा था। राज्य के मतदाताओं का चौंकाने वाले नतीजा देने का पुराना और लंबा इतिहास रहा है। यहां मतदाता कभी जिस नेता को सर आंखों पर बैठाते हैं, अगले ही पल उसको हार का स्वाद चखाने में देरी नहीं करते।

**हिमाचल बेशक छोटे राज्यों में शुमार, पर राजनीति का दायरा है राष्ट्रव्यापी**

### नड्डा भी 2003 में बिलासपुर सीट से हारे

**पूर्व** मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने पहला लोकसभा चुनाव 1984 में हमीरपुर से लड़ा था और धूमल की हार हुई थी। 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राजेंद्र राणा ने धूमल को पटखनी देकर सियासी सनसनी मचा दी। वहीं, छह बार सीएम रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने 1990 में रोहड़ू और जुब्बल-कोटखाई दो स्थानों से चुनाव लड़ा। रोहड़ू से तो वीरभद्र सिंह जीत गए, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ठाकुर राम लाल ने उन्हें जुब्बल-कोटखाई से हरा दिया। इससे पहले वीरभद्र सिंह को 1977 में मंडी संसदीय क्षेत्र से 35 हजार 505 वोटों की बड़ी हार झेलनी पड़ी थी। पूर्व मुख्यमंत्री रहे शांता कुमार 1993 में विधानसभा का चुनाव हार चुके हैं। कांग्रेस के मान चंद राणा ने उन्हें शिकस्त दी थी। 1996 और 2004 के लोकसभा चुनाव में उन्हें कांगड़ा लोकसभा सीट पर हार मिली। 1996 के लोकसभा चुनाव में शांता कुमार 37 हजार 524 वोटों से चुनाव हारे थे। कांग्रेस के सत महाजन से यह हार मिली थी। शांता कुमार राजनीतिक पारी में दूसरा आम चुनाव 2004 में हारे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी एक बार विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। वर्ष 2003 बिलासपुर सीट पर कांग्रेस के तिलक राज ने जेपी नड्डा को हराया था।

### अनुराग ठाकुर
#### 12.28 करोड़ संपत्ति के मालिक

**हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार अनुराग ठाकुर व उनके परिवार पास कुल 12,27,97,295 (12.28 करोड़) रुपए की चल व अचल संपत्ति है। 2024 में अनुराग के नाम 5,44,16,865 रुपए की चल संपत्ति, पत्नी के नाम 79,71,940 रुपए, हिंदू अनडिवाइडिड फैमिली के नाम 29,39,744 रुपए, 1,33,891 रुपए एक बच्चे और 81,887 रुपए दूसरे बच्चे के नाम हैं। अनुराग व उनके परिवार की कुल चल संपत्ति 6,56,78,218 (6.57 करोड़) रुपए है।

### सुरेश कश्यप
#### 3.13 करोड़ रुपए की संपत्ति, दो गाड़ियां

**शिमला** संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार सुरेश कश्यप 3.13 करोड़ के मालिक हैं। कश्यप के पास दो गाड़ियां हैं, जिसमें एक ऑल्टो और एक क्रिस्टा है, जिनकी किम्मत करीब 27.5 लाख है। 7.50 लाख रुपए के सोने के आभूषण हैं। बैंकों से 51 लाख रुपए का लोन लिया है, जिनका भुगतान बाकी है। कश्यप की ओर से चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में अपनी आय का मुख्य साधन कृषि और सैलरी बताया है।

### सुल्तानपुरी
#### 9.5 करोड़ की संपत्ति के मालिक

**शिमला** संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी 9.5 करोड़ की संपति के मालिक हैं। उनके पास दो गाड़ियां हैं। एक ऑल्टो और एक क फॉच्यूनर है, जिनकी किम्मत करीब 45 लाख है। उनके पास सोने के आभूषण भी हैं, जिनकी कीमत करीब 14 लाख है। उन्होंने बैंकों से लगभग 73.87 लाख रुपए का लोन भी लिया है, जिनका भुगतान करना अभी बाकी है। चुनाव आयोग को दिए एफेडेफिट में अपनी आय का मुख्य साधन कृषि और सैलरी बताया है।

क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रम। स्मृतिभ्रंशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति॥

**भावार्थ:** क्रोध से मनुष्य के मन में मोह उत्पन्न हो जाता है और किसी चीज के प्रति उत्पन्न मोह से स्मृति भ्रम उत्पन्न होता है। स्मृति भ्रम से मनुष्य की मति और बुद्धि का नाश हो जाता है एवं बुद्धि का नाश होने पर मनुष्य का अधः पतन निश्चित है। इसलिए मनुष्य को क्रोध से बचना चाहिए।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 14 मई 2024

# श्रीविष्णु ने पाया सुदर्शन चक्र



भगवान विष्णु जब सहस्त्रों नामों से शिव पूजा करने लगे, तो एक कमल कम पड़ गया, इस पर विष्णुजी ने कमल के समान अपने नेत्र को प्रभु शिव के लिए अर्पित कर दिया। ऋषियों ने श्री सूतजी से कहा कि सुदर्शन नाम वाला चक्र है, उसको भगवान श्री विष्णु ने कैसे प्राप्त किया, आप कृपा करके हमें बताएं, ऋषियों द्वारा इस तरह के प्रश्न पर सूतजी बोले, पूर्व में देवों और असुरों के साथ एक महासंग्राम हुआ। इस महासंग्राम में देव, दैत्यों से पराजित हो गए। सभी देवगण भगवान विष्णु की शरण में गए और प्रभु की अनके प्रकार से स्तुति करने लगे। देवों पर भगवान प्रसन्न होकर बोले आप मेरे पास किसलिए आए हैं, आप सब मुझसे कहो। देवताओं ने उनको प्रणाम कर कहा कि हम सभी दानवों के द्वारा पीड़ित हैं इसलिए आपकी शरण में आए हैं। हे प्रभु आप ही हमारा कल्याण करने वाले हैं। हे कमलनेत्र आप उन दैत्यों को शीघ्र ही हनन करने के लिए समर्थ हैं। जालंधर के वध के लिए शूलपाणि महादेवजी से जो सुदर्शन चक्र आपने प्राप्त किया था उसी से उनका हनन करिए। इस पर भगवान बोले, मैं निश्चय ही वैसा ही करूंगा। इस समय की बात है भगवान विष्णु ने हिमालय पर जाकर वहां एक शिवलिंग की प्रतिष्ठा करके गंगा के जल से व अनेक प्रकार के गंधादि से शिवलिंग की भली भांति पूजा-अर्चना की थी। भगवान विष्णु ने शिव की सहस्त्रों नामों से स्तुति की। प्रत्येक नाम पर एक-एक कमल अर्पित किए। इन सहस्त्र नामों का विस्तृत वर्णन सूर्य पुराण में वर्णित है। पूजा के दौरान एक कमल कम पड़ गया, तो भगवान विष्णु ने अपना कमल नेत्र निकाल कर शिवलिंग पर अर्पित किया। इस पर भगवान ने दर्शन दिए। करोड़ों सूर्यों के समान तेजस्वी, मस्तक में चंद्र धारण किए हुए थे। अनेक प्रकार के आभूषणों से विभूषित थे। शिवजी के प्रकट होते ही चारों ओर भूकंप आ गया। देव, दानव शिव के तेज को सहन नहीं कर पाए, वे भाग गए। सारे लोक कंपायमान हो गए। भगवान विष्णु ने शिवजी को दंडवत प्रणाम किया। शिवजी ने प्रसन्न होकर श्रीहरि को सुदर्शन चक्र प्रदान किया। इसी चक्र से भगवान विष्णु ने दैत्यों का संहार किया था।

**-अनिल शर्मा, नौबाही मंडी।**

# मोहिनी एकादशी पर देवासुर संग्राम में जब भगवान विष्णु ने धारण किया मोहिनी रूप

## मोहिनी एकादशी पर विशेष

वैशाख मास के शुक्लपक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी कहा गया है। स्कंद पुराण के अवंतिका खंड के अनुसार भगवान श्री विष्णु ने देवासुर संग्राम में मोहिनी का रूप धारण कर एकादशी के दिन अवंतिका नगरी में समुद्र मंथन से निकले अमृत का देवताओं और असुरों में वितरण करते समय असुरों को मोहित कर देवताओं को अमृत पान कराया था। इस दिन देवासुर संग्राम का समापन भी हुआ था। इस एकादशी को भगवान श्री विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है, इसलिए इस दिन को मोहिनी एकादशी कहा गया है। मोहिनी एकादशी पर 19 मई को अमृत सिद्धि, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है।



विनोद शर्मा, बैजनाथ

इसके अलावा इस दिन शुक्र और सूर्य वृषभ राशि में मौजूद रहेंगे, जिससे शुक्रादित्य और राजभंग योग का निर्माण होगा। इस योग के मंगलकारी प्रभाव से लोगों के जीवन में शुभता आती है। उनके जीवन के सभी संकट दूर हो जाते हैं और उनकी धन संपदा में अपार वृद्धि होती है।



# सीता नवमी पर पूजा करने से मिलता है 16 महान दानों का फल

**श्री** सीता जयंती 16 मई वीरवार को है। श्री सीता का जन्म वैशाख शुक्ल नवमी, मंगलवार, पुष्य नक्षत्र कालीन तथा मध्याह्न के समय हुआ था। पुष्यान्वितायां तु कुजे नवम्यां श्रीमाधवे मासि सिते हलाग्रतः ।। भुवोऽर्चयित्वा जनकेन कर्षणे सीता-विरासीत् व्रतमत्र कुर्यात्।। अतएव इस दिन व्रत रखकर श्रीजानकी-राम का संकल्पपूर्वक जन्मोत्सव तथा पूजन करना चाहिए। इस वर्ष यह नवमी अष्टमीयुता वाले दिन (16 मई, 2024 ई.) मध्याह्न-काल को है। 17 मई शुक्रवार को यह मध्याह्न-व्यापिनी नहीं है। अतः शास्त्र नियमानुसार यह पर्व अष्टमीयुता तथा मध्याह्न-व्यापिनी नवमी वाले दिन 16 मई वीरवार को मनाया जाएगा। संसार के महिला जगत में जानकी जी का सर्वश्रेष्ठ स्थान है उनकी पति-सेवा भारतीय धर्म-साधना के इतिहास में अनुपम है। जानकी जी के नाम स्मरण से ही नारियों में पति-व्रत घर्म के प्रति निष्ठा उत्पन्न होती है। जानकी जी के तेजस्वी तथा आदर्श व्यक्तित्व के गुणों को अपने जीवन में उतारने के लिए ही नारियां इस उत्सव को सामूहिक स्तर पर मनाती हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक बार मिथिला में पड़े भयंकर सूखे से राजा जनक बेहद परेशान हो गए थे, तब इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्हें एक ऋषि ने यज्ञ करने और धरती पर हल चलाने का सुझाव दिया। ऋषि के सुझाव पर राजा जनक ने यज्ञ करवाया और उसके बाद राजा जनक धरती जोतने लगे। तभी उन्हें धरती में से सोने की खूबसूरत संदूक में एक सुंदर कन्या मिली। राजा जनक की कोई संतान नहीं थी, इसलिए उस कन्या को हाथों में लेकर उन्हें पिता प्रेम की अनुभूति हुई। राजा जनक ने उस कन्या को सीता नाम दिया और उसे अपनी पुत्री के रूप में अपना लिया। सीता नवमी का दिन राम नवमी की तरह ही शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन जो राम-सीता का विधि विधान से पूजन करता है, उसे 16 महान दानों का फल, पृथ्वी दान का फल तथा समस्त तीर्थों के दर्शन का फल मिल जाता है। वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि पाने के लिए सीता नवमी को श्रेष्ठ माना गया है। सीता नवमी के दिन माता सीता को श्रृंगार की सभी सामग्री अर्पित की जाती हैं। साथ ही इस दिन सुहागिनें व्रत रखकर अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। **-डॉ. सुरेंद्र शर्मा (एमए अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, एमफिल, पीएचडी)**

## सीता नवमी की कथा



सीता नवमी की पौराणिक कथा के अनुसार मारवाड़ क्षेत्र में एक वेदवादी श्रेष्ठ धर्मधुरीण ब्राह्मण निवास करते थे। उनका नाम देवदत्त था। उन ब्राह्मण की बड़ी सुंदर रूपगर्विता पत्नी थी, उसका नाम शोभना था। ब्राह्मण देवता जीविका के लिए अपने ग्राम से अन्य किसी ग्राम में भिक्षाटन के लिए गए हुए थे। इधर ब्राह्मणी कुसंगत में फंसकर व्यभिचार में प्रवृत्त हो गई। अब तो पूरे गांव में उसके इस निंदित कर्म की चर्चाएं होने लगीं। परंतु उस दुष्टा ने गांव ही जलवा दिया। दुष्कर्मों में रत रहने वाली वह दुर्बुद्धि मरी तो उसका अगला जन्म चांडाल के घर में हुआ। पति का त्याग करने से वह चांडालिनी बनी, ग्राम जलाने से उसे भीषण कुष्ठ हो गया तथा व्यभिचार-कर्म के कारण वह अंधी भी हो गई। अपने कर्म का फल उसे भोगना ही था। इतने में एक भक्त ने उससे कहा देवी! आज तो सीता नवमी है, भोजन में अन्न देने वाले को पाप लगता है, इसीलिए आज तो अन्न नहीं मिलेगा। कल पारणा करने के समय आना, ठाकुर जी का प्रसाद भरपेट मिलेगा, किंतु वह नहीं मानी। अधिक कहने पर भक्त ने उसे तुलसी एवं जल प्रदान किया। वह पापिनी भूख से मर गई। किंतु इसी बहाने अनजाने में उससे सीता नवमी का व्रत पूरा हो गया। अब तो परम कृपालिनी ने उसे समस्त पापों से मुक्त कर दिया। इस व्रत के प्रभाव से वह पापिनी निर्मल होकर स्वर्ग में आनंदपूर्वक अनंत वर्षों तक रही। तत्पश्चात वह कामरूप देश के महाराज जयसिंह की महारानी काम कला के नाम से विख्यात हुई।

## इस बार दो शुभ योग

इस बार की सीता नवमी पर दो शुभ योग बन रहे हैं। पहला ध्रुव योग प्रातःकाल से लेकर सुबह 8 बजकर 23 मिनट तक है, वहीं रवि योग शाम 6 बजकर 14 मिनट से अगले दिन 17 मई को प्रातः 5 बजकर 29 मिनट तक है। सीता नवमी पर मघा नक्षत्र सुबह से लेकर शाम 6 बजकर 14 मिनट तक है, उसके बाद से पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र है।

# गंगा जयंती -गंगा दशहरा पर गंगा स्नान का विशेष महत्व

**गंगा** जयंती को गंगा दशहरा या जेष्ठा संक्रांति भी कहा जाता है। यह 14 मई 2024 को है। इस दिन पुण्य तोया गंगा का जन्म दिन मनाया जाता है। गंगा को भूतल पर लाने की योजना महाराजा सगर ने बनाई थी। महाराजा सगर के साठ हजार पुत्रों ने मिलकर अपने श्रम को सफल बनाया था।



विभा शर्मा, जोगिंद्रनगर।

इस दिन गंगा-स्नान का विशेष महत्व है। यदि यह न हो सके तो किसी भी नदी में तिलो-दक देने का विधान है। शुक्ला दशमी सोमवार तथा हस्त नक्षत्र सब पापों का हर्तता माना गया है।

इसी दिन धरती पर गंगावतरण हुआ था। इस दिन गंगा स्नान के पश्चात धूप, दीप, चंदन, पुष्प, दूध आदि से गंगा का विधिवत पूजन करना चाहिए। जलचरों को आटे की गोलियां चने आदि डालने चाहिए। ब्राह्मणों तथा गौश्रों को यथा-सामर्थय खाद्यान्न खिलाने चाहिए। इस दिन गंगा पूजन तथा गंगा स्नान से व्यक्ति सारे पापों से मुक्त हो जाता है। गंगा जल समस्त रोगों का नाशक है। वह सड़ता नहीं।



# योजनानुसार कार्य करते हैं पुष्य नक्षत्र में जन्मे जातक

**पुष्य** नक्षत्र का स्वामी ग्रह शनि हैं। चंद्रमा के इस नक्षत्र पर आने पर जातक के संबंध में कहा गया है कि ऐसा व्यक्ति ब्राह्मणों और देवताओं की पूजा करने वाला, धनवान, बुद्धिमान, राजप्रिय और बंधुओं से युक्त होता है। वैसे यह सभी गुण गुरु के हैं। गुरु स्वयं एक ब्राह्मण ग्रह है और देवताओं का गुरु है। उसमें देव ब्राह्मण भक्ति का होना स्वाभाविक है।

गुरु धन का कारक है, अतः व्यक्ति धनवान होता है तथा देवगुरु होने से वो बुद्धिमान भी होता है। इतना सब होने पर भी हमें इस नक्षत्र में शनि के ही गुण-दोषों को देखना होगा, क्योंकि विंशोत्तरी दशा पद्धति में पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि ही माना गया है। इसलिए शनियुक्त अर्थात पुष्य नक्षत्र में उत्पन्न व्यक्ति संयमी, मितव्ययी, दूरदर्शी, बुद्धिमान, आत्मनिर्भर, गंभीर, शांतचित, धैर्यवान, अंतर्ध्यानी, विचारशील, धर्मपारायण, धनवान, पंडित, ज्ञानी, सुंदर और सुखी होता है। यह प्रत्येक कार्य योजनानुसार करने वाला होता है। यह संदेह करने वाला तथा बुरे मित्रों की संगत में पड़ जाने वाला होता है। 35 वर्ष के पश्चात यह बहुत उन्नति करता है। इसका विवाह कुछ देरी से होता है। अनेक अवसरों पर इसे पारिवारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यवसाय से इसे लाभ होता है तथा यह अच्छा प्रबंधक भी होता है। इसे किसी गंभीर रोग का सामना करना पड़ सकता है। पुष्य नक्षत्र कर्क राशि के 3-20 अंश से 16-40 अंश तक है। इसे ज्योतिष और अमरेज्य भी कहते हैं। अमरेज्य शब्द का अर्थ है, देवताओं का पूज्य। स्त्री जातक अत्यंत शर्मिली तथा बहुत धीमे बात करने वाली होती है। जीवन में कई बार यह पति की शंकाओं का शिकार बनती है। पुष्य, अनुराधा और उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में उत्पन्न व्यक्ति को नीलम धारण करना चाहिए। इन नक्षत्रों का स्वामी ग्रह शनि है और नीलम शनि का रत्न है।

## नीलम धारण करना लाभदायक

जिसकी जन्म कुंडली में शनि शुभ भाव का स्वामी हो, उसके लिए नीलम धारण करना लाभदायक है। शनिवार के दिन नीलम खरीदकर, पंचधातु या स्टील की अंगूठी में जड़वा कर, गंगाजल आदि से शुद्ध कर, शनि के निम्न मंत्र का जप करके सूर्यास्त से 1-2 घंटा पूर्व धारण करें। ओम शं शनैश्चराय नमः। इस नक्षत्र वाले को नीलम के साथ माणिक्य, मोती, पीला पुखराज और मूंगा कभी धारण नहीं करना चाहिए।

### पीले फूल और नारियल चढ़ाने से प्रसन्न होती है बगलामुखी

# बगलामुखी देवी की पूजा से होता है शत्रुओं का नाश

**बगला** एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ दुल्हन होता है अर्थात दुल्हन के समान अलौकिक सौंदर्य और अपार शक्ति की स्वामिनी होने के कारण देवी का नाम बगलामुखी पड़ा। देवी को बगलामुखी, पीतांबरा, बगला, बगलामुखी, ब्रह्मास्त्र विद्या आदि नामों से भी जाना जाता है। माता बगलामुखी मंत्र कुंडलिनी के स्वादिष्ठान चक्र को जागृत करने में मदद करती है। देवी बगलामुखी का सिंहासन रत्नों से सुसज्जित है और देवी इस पर सवार होकर शत्रुओं का नाश करती हैं। देवी बगलामुखी दसमहाविद्या में आठवीं महाविद्या हैं, ये छंद विद्या की देवी हैं। संपूर्ण ब्रह्मांड की शक्ति माता शत्रुजा, वाकसिद्धि में समाहित हैं, वाद-विवाद में विजय के लिए इनकी पूजा की जाती है। इनकी पूजा से शत्रुओं का नाश होता है और भक्त का जीवन सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्त हो जाता है। ऐसा कहा जाता है कि देवी का सच्चा भक्त तीनों लोकों में अजेय होता है, उसे जीवन के हर



क्षेत्र में सफलता मिलती है। पीले फूल और नारियल चढ़ाने से देवी प्रसन्न होती हैं। पीली हल्दी की ढेरी पर देवी को दीपदान करें, देवी की प्रतिमा पर पीला वस्त्र चढ़ाने से बाधा भी नष्ट हो जाती है।

**-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।**


## कल है जयंती

हिंदू कैलेंडर के अनुसार बगलामुखी जयंती की सही तारीख जानने के लिए आपको वैशाख शुक्ल अष्टमी तिथि के बारे में जानना होगा। इस साल वैशाख शुक्ल अष्टमी तिथि 15 मई को प्रातः 4 बजकर 19 मिनट से प्रारंभ होगी और यह तिथि 16 मई को सुबह 6 बजकर 22 मिनट पर खत्म होगी. ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, इस साल बगलामुखी जयंती 15 मई को मनाई जाएगी उस दिन मासिक दुर्गाष्टमी भी है।

## बगलामुखी मंदिर का महत्व

हिंदू पुराणों के अनुसार भगवान राम ने भगवान हनुमान की सलाह पर रावण से जीत पाने के लिए माता बगलामुखी की पूजा की थी। कहा जाता है कि देवी बगलामुखी की पूजा से शत्रुओं की शक्ति कम हो जाती है और वे असहाय भी हो जाते हैं। मां बगलामुखी की पूजा करने से शक्ति प्राप्त होती है, व्यापार में समृद्धि मिलती है, कोर्ट-कचहरी के मुकदमों में जीत मिलती है और पारिवारिक समस्याएं दूर होती हैं। बगलामुखी देवी अपने भक्तों को बुरी आत्माओं और शत्रुओं से बचाती हैं। देवी को पीतांबरा देवी और ब्रह्मास्त्र रूपिणी भी कहा जाता है। बगलामुखी मंदिर तंत्र-मंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यहां बगलामुखी मंत्र का जाप करने से चमत्कारी प्रभाव मिल सकता है। बगलामुखी मंदिर वह स्थान है जहां कोई भी देवी के संपर्क में रह सकता है।

# क्या कैकेयी सच में एक बुरी मां थीं



श्रीश्री रवि शंकर
अध्यात्मिक गुरु

**एक मां के लिए यह बहुत सहज है कि वह अपने बच्चों के लिए अधिक से अधिक करना चाहे और यही प्रेम का लक्षण है। प्रेम में आपको यह लगता है कि आपने अपने बच्चों के लिए बहुत कम किया। आप कितना भी अधिक क्यों न कर लें, आपको लगता है कि आप और भी अधिक कर सकती हैं। वही वास्तविक प्रेम है। रामायण में, एक प्रसंग आता है कि राम को मां कैकेयी के कारण वनवास हो गया और उनका जीवन कष्टमय हो गया, लेकिन यह दृष्टिकोण सही नहीं है। इस दुनिया में कोई भी मां बुरी नहीं होती। हर मां हमेशा अच्छी ही होती है।**

**मां का प्रेम क्यों होता है विशेष:** एक मां होते हुए कभी आपको ऐसा नहीं लगेगा कि आपने पर्याप्त कर लिया है। आप अपने बच्चे के लिए पर्याप्त कर ही नहीं सकतीं। यह भाव कि आपने पर्याप्त नहीं किया है इसलिए होता है क्योंकि प्रेम कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता, प्रेम अनंत है।

**मां कैकेयी ने क्यों भेजा था श्रीराम को वन** कैकेयी का अर्थ है वह जो सदैव निस्वार्थ भाव से सबको देती रहती है। क्या आप यह समझते हैं कि कैकेयी बहुत बुरी मां थीं? आपको लगता है कि वह इतनी स्वार्थी थीं कि अपने पुत्र भरत के राज्याभिषेक के लिए, उन्होंने श्रीराम को वनवास भेज दिया। नहीं, ऐसा नहीं है। राम, कैकेयी को अतिप्रिय थे। कैकेयी के लिए राम, उनके 'प्राण' थे । राम को वनवास भेजने के कारण, कैकेयी को अपने बेटे से भी अपशब्द सुनना पड़े, सारी दुनिया की गाली लेनी पड़ी, लेकिन कैकेयी ने राम को वनवास इसलिए दिया क्योंकि वह जानती थीं कि राम कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे। राम का जन्म किसी विशेष कारण से हुआ था। राम को समाज में बहुत से भलाई के कार्य करने थे और समाज के कई वंचित वर्ग के लोग, राम जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम और सत्य और निष्ठा का पालन करने वाले आदर्श योद्धा की प्रतीक्षा कर रहे थे।

**मां कौशल्या ने राम को वनवास जाने से क्यों नहीं रोका:** जब राम मां कौशल्या के पास वन जाने की आज्ञा लेने के लिए गए, तब मां कौशल्या की आंखों में आंसू थे और उन्होंने राम से कहा कि 'यदि तुम्हारे पिता ने तुम्हें वनवास दिया है तो मैं रानी हूं, मेरे पास ज्यादा अधिकार हैं, मैं वनवास का आदेश काट सकती हूं और तुम्हें राज्य सौंप सकती हूं। मैं तुम्हारे पिता की बात का उल्लंघन कर सकती हूं, लेकिन यदि मां कैकेयी ने तुम्हें वनवास दिया है तो तुम जरूर जंगल चले जाना। कौशल्या यह बात जानती थी कि राम कैकेयी को अतिप्रिय थे। यदि कैकेयी ने राम को वनवास दिया है तो किसी बड़ी भलाई के लिए ही किया होगा।

**कैकेयी क्यों हैं रामायण की मुख्य पात्र:** रामायण इसलिए एक ग्रंथ बना क्योंकि उसमें राम ने वनवास जाकर 14 वर्षों तक अनेक भलाई के कार्य किए। बहुत से पीड़ित लोगों को न्याय दिलाया। समाज के सभी वर्गों को बिना भेदभाव किए अपने साथ जोड़ा। सबसे बड़ी बात बहुत ही अहंकारी और असुर राजा रावण के प्रभाव से संसार को मुक्त किया। अब मान लीजिए कि रामायण से वनवास का भाग ही निकाल दें, तो पूरे रामायण में कुछ बचेगा ही नहीं। यह एक साधारण कहानी होती कि कोई एक राजा थे। उन्होंने आराम से राज्य किया फिर एक दिन उनकी मृत्यु हो गई। अब इस तरह से रामायण में न सीता का हरण हुआ होता, न रावण का वध हुआ होता और न ही हनुमान जी मिले होते, न ही कोई अन्य घटना घटी होती। इसलिए रामायण का सबसे मुख्य अंश है, श्रीराम का वनवास और इस तरह से देखा जाए तो रामायण की सबसे बड़ी पात्र कैकेयी हैं क्योंकि यदि उन्होंने श्री राम को वनवास न दिया होता तो रामायण इतना आदर्श ग्रंथ न बन पाता।

**मां होना एक मनोभाव है:** मां होना एक मनोभाव है। आप हर किसी के लिए एक मां जैसा मनोभाव रख सकते हैं। आप दुनिया के उन सभी बच्चों के लिए मां बन सकते हैं, जिनके अपने माता-पिता नहीं हैं। तो मदर्स डे सभी माताओं के धैर्य का उत्सव मनाता है। मां अपने बच्चों से इसलिए कड़ाई बरतती है ताकि बच्चों को भविष्य में परेशानियां न झेलनी पड़ें। यह सब वह करुणा के कारण, प्रेम के कारण करती है, तो माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए केवल एक दिन पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह वर्ष के हर दिन मनाया जाना चाहिए।

## कांगड़ा में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक अवैध खनन पर विभाग की कार्रवाई

# 1520 चालान, 60 लाख जुर्माना वसूला

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के तहत अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक अवैध खनन के कुल 1520 चालान कर करीब 60 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। भले ही अवैध खनन को लेकर वन विभाग तथा उपमंडल प्रशासन समेत करीब आधा दर्जन विभागों को कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया है, लेकिन खास बात यह है कि खनन विभाग के अलावा सिर्फ पुलिस विभाग ही अवैध खनन के मामलों में कार्रवाई करता है जबकि अन्य किसी भी विभाग की ओर से साल में ऐसी किसी कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया गया।

### भविष्य में भी जारी रहेगी कार्रवाई: राजीव



राजीव कालिया, जिला खनन अधिकारी कांगड़ा ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ सरकारी तंत्र समय-समय पर कार्रवाई को अंजाम देता है। गत साल कुल 1520 मामलों में कार्रवाई करते हुए करीब 60 लाख रुपए का जुर्माना खनन माफिया के खिलाफ किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

खनन तथा पुलिस विभाग ने साल 2023-2024 में अवैध खनन के कुल 1520 मामलों में कार्रवाई की है। इनमें से 1428 मामलों में कार्रवाई करते हुए 5912310 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं 57 मामलों में से नौ मामलों में 40700 रुपए का जुर्माना कोर्ट में वसूल किया गया।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार खनन विभाग ने 2023-2024 में कुल 512 चालान कर 420 मामलों में जुर्माना वसूल किया। इन मामलों में खनन विभाग ने कुल 1055100 रुपए का जुर्माना वसूला।

इसके अलावा 57 मामले कोर्ट में पेश किए गए तथा नौ मामलों में कोर्ट ने अपना निर्णय सुनाते हुए अवैध खनन की एवज में 40700 रुपए का जुर्माना किया। इन सभी मामलों में कुल 1095800 रुपए का जुर्माना खनन विभाग ने अवैध खनन मामलों में लगाया। वहीं दूसरी तरफ पुलिस विभाग ने अवैध खनन के कुल 1008 मामले दर्ज किए। इन मामलों में पुलिस ने कुल 4857210 रुपए का जुर्माना वसूल किया। (अनंत ज्ञान)

# जीएवी कांगड़ा की रश्मि चौधरी ने किया टॉप

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में सीबीएसई जमा दो के परिणाम में रश्मि चौधरी ने 96.2 फीसदी अंक लेकर टॉप किया है। रश्मि जेई मेन में भी 98.6 परसेंटाइल लेकर मेरिट में रही है। जमा दो कक्षा में सानवी ठाकुर ने 92.6 फीसदी अंक मेडिकल में,अदिति ने 90.4 फीसदी अंक के साथ नॉन मेडिकल में टॉप किया है। कॉमर्स में 82.4 फीसदी अंक के साथ सलोनी टॉपर रही है। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस बार जमा दो में 92 छात्र बैठे थे और सभी उत्तीर्ण रहे हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस बार रश्मि ने टॉप किया है जिसका मिक्स्ड स्ट्रीम था। सानवी द्वितीय रही व समायरा ग्रोवर के 92.4 फीसदी यामिनी के 91.8,अदिति के 90.4, सक्षम शर्मा के 89.8, आर्यन के 89.6 व अनन्या शर्मा के 89.4 फीसदी अंक रहे हैं। 18 छात्रों ने 80 फीसदी से ज्यादा व 75 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में जमा दो उत्तीर्ण की है। अंग्रेजी में सक्षम शर्मा ने 97, फिजिक्स में रश्मि-समायरा ने 95 ,केमिस्ट्री में रश्मि-अदिति ने 96, बायोलॉजी में रश्मि-मिस्टी ने 98 ,गणित में रश्मि ने 98 ,फिजिकल एजुकेशन में यामिनी बराड़ ने 98 व कंप्यूटर साइंस में अदिति ने 88 अंक लेकर टॉप किया है। कॉमर्स में सभी विषयों में सलोनी टॉपर रही है। जीएवी स्कूल प्रबंधक कमेटी की अध्यक्ष डॉक्टर नीना पाहवा व अन्य सदस्यों ने प्रधानाचार्य, स्टाफ, अभिभावकों व छात्रों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)



सीबीएसई जमा दो के परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा के होनहार शिक्षकों के साथ।

# रेनबो के मेधावियों ने चमकाया स्कूल का नाम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के छात्रों ने सीबीएसई की दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि कश्यप ने बताया कि दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अक्षरा वालिया ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर टॉप किया। समीक्षा ने 94. ,रिजुल धीमान ने 94 ,आदित्य कौंडल ने 93.4 ,वंशिका ने 93.2, सुकृति ने 92.6 ,मन्नत, अच्युत शर्मा व अच्युत ने 92.2, हर्षिता ने 91.8, अनुष्का शर्मा ने 91.4,रिया मोहन ने 91,अनुज कुमार शर्मा व आशिमा जम्वाल ने 90.4, कौशिक कपूर ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।

इसके अतिरिक्त अंशुमत राणा, मैथिली, शगुन,आंचल,रुद्रांश शर्मा,आयुषी शर्मा, प्रियांशी बस्सी, अक्षत कौंडल, कृतिका दुर्गवाल,वरदान भारद्वाज, सोमिल शर्मा ,आयुष धीमान, स्वास्तिक शर्मा ,कमलप्रीत, वंशिका ठाकुर ,दिव्यांगना, तन्मय, अंजली ठाकुर ,अक्षरा,अवनी,काव्या वर्मा,आर्यन प्रसाद,अमीषिका कौंडल ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। बारहवीं के नॉन मेडिकल में ऋषभ व तुषार ने 91 प्रतिशत अंक, मेडिकल में पारुल ने 91, रचित, यश पठानिया, कनिका ने 90, मुस्कान ने 89.2 ,वैष्णवी मेहरा ने 88.8,श्रुति मेहरा ने 88.6, ऐरोन भंडारी ने 87.2,प्रिंस नलेटु ने 86.8, शिवांग रणोत ने 85.6 व वसुंधरा ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। नॉन मेडिकल में अभय चौधरी ने 87 व प्रत्यूष ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त कॉमर्स में धैर्य कुमार ने 91 प्रतिशत और आर्ट्स में अर्पिता ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।आरूषि,निश्चय गुलेरिया, मिताली, साक्षी, आस्था बजाज,कशिश कौंडल, नितिका कटोच, सक्षम, सान्या और लक्ष्य मेहरा ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस उपलक्ष पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने बच्चों का मुंह मीठा करवाते हुए उनके भावी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल की एडमिनिस्ट्रेटिव मैनेजर मधु चौधरी,एकेडमिक हड रेणू मराठा ,सीबीएसई इंचार्ज अर्पणा भारद्वाज व स्कूल के अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।



रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां के छात्र अध्यापकों के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### बलाहरा स्कूल को दान किए पंखे



शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा को पंखे दान करते अध्यापक।

**डरोह।** शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा के लिए राजकीय माध्यमिक विद्यालय भेड़ी में कार्यरत अध्यापक नरेश जम्वाल और शहीद रणजीत सिंह राजकीय उच्च विद्यालय जुजपुर के अध्यापक बाबू राम ने बलाहरा स्कूल को दो-दो पंखे दान किए। मुख्याध्यापक दुनी चंद ने दोनों अध्यापकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय हमारे विद्यालय में कार्यरत अध्यापक राकेश राणा को जाता है जो हमेशा विद्यालय के विकास के लिए लगे रहते हैं।

### शिव मंदिर दधोना ढाटी में भंडारा आज

**डरोह।** प्राचीन शिव मंदिर दधोना ढाटी में 14 मई को बाबा मंगल गिरि की ओर से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा बाबा मंगल गिरि के गुरु बाबा बुध गिरि की 21वीं बरसी पर लगाया जा रहा है। भंडारे में समस्त जनता और भक्तगण प्रसाद ग्रहण करके आशीर्वाद प्राप्त करें।

### स्यूल खड्ड में आज बंद रहेगी बिजली

**डाडासीबा।** 11 केवी फीडर स्यूल खड्ड में उपकरणों की आवश्यक मरम्मत व जरूरी रखरखाव के चलते 14 मई को विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। यह जानकारी ई. जनक राज, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल संसारपुर टैरस ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान फीडर स्यूल खडड के अंतर्गत पडते गांव नारी, घाटी, बुहाला, घमरूर, बाडी गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### थरोट स्कूल में नौनिहालों ने किया योग



**शाहपुर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय थरोट व आंगनबाड़ी केंद्र में संयुक्त रूप से जेबीटी अध्यापक अनिल कुमार के सानिध्य में नौनिहालों के लिए डॉ. भवानी के निर्देशानुसार आयुर्वेदिक हेल्थ एवं वेलनेस केंद्र रैत शाखा के योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक एवं अनुराधा शर्मा द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान आसन प्राणायाम के साथ-साथ विशेष रूप से तनावरहित तथा स्मरण शक्ति वृद्धि के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक ने सभी से कहा कि वे याददाश्त बढ़ाने के लिए रोजाना भ्रामरी प्राणायाम करें। इस अवसर पर 40 बच्चों सहित अध्यापक वर्ग रजनी धीमान, आशा देवी, शशि बाला, लज्या देवी मौजूद रहीं।

### बाथरूम में घुसा कक्कड़ का बच्चा

**बैजनाथ।** बैजनाथ के पंडौल रोड स्थित कैलाश सर्विस स्टेशन के बाथरूम में एक कक्कड़ का बच्चा घुस आया। सर्विस स्टेशन के मालिक अनिल सूद ने सर्विस स्टेशन के बाथरूम में घुसे कक्कड़ के बच्चे को वन विभाग के प्रतिनिधियों को सौंप दिया। उपवन क्षेत्र अधिकारी संदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ उसे वन में छोड़ दिया।

### टिलेश्वर महादेव छिंज मेला 19 को



**नगरोटा बगवां।** पिछले कई वर्षो से बंद हुए टिलेश्वर महादेव छिंज मेला दोबारा शुरू होने जा रहा है। समस्त ठारु वासियों के प्रयास से इस मेले को दोबारा शुरू किया जा रहा है । क्षेत्र का मशहूर मेला किन्हीं कारणों से बंद करना पड़ा था, लेकिन 19 मई को इसका दोबारा शुभारंभ पूरे जोश के साथ होने जा रहा है जिसमें नामी पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे। यह जानकारी मेला कमेटी प्रधान मयंक कायस्था ने दी।

### टैट परीक्षा तिथियों में किया गया बदलाव

**धर्मशाला।** टीजीटी टीईटी आर्ट्स और मेडिकल की टीईटी की परीक्षा तिथियों में बदलाव किया गया है। अब उक्त विषयों की परीक्षा 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इससे पूर्व उक्त विषयों की परीक्षा 30 जून निर्धारित की गई थी। यह जानकारी स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा 8 मई 2024 के दृष्टिगत एचपी एचएएस की परीक्षा 30 जून 2024 की तिथियों में टकराव होने के कारण, जनहित में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा टीजीटी आर्ट्स एवं टीजीटी मेडिकल की टैट परीक्षाओं के आयोजन की तिथि को 30 जून 2024 के स्थान पर 13 जुलाई को पुनः निर्धारित किया गया है । टीजीटी टीईटी आर्ट्स 13 जुलाई सुबह 10 से साढ़े 12 बजे तक और टीजीटी टीईटी मेडिकल की परीक्षा 13 जुलाई दोपहर 2 से साढ़े 4 बजे तक होगी।

### मतदान के लिए जागरूक किए लोग

**धर्मशाला।** विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खनियारा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल अनीश बनियाल ने की। विधानसभा क्षेत्र 18-धर्मशाला सहायक निर्वाचक अधिकारी व एसडीएम संजीव कुमार भोट के मार्गदर्शन में स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच ने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

### 96 बोतल अवैध देसी शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत कोतवाली बाजार धर्मशाला में परवीन कुमार पुत्र दुनी चंद निवासी ढुग्यारी डाकघर गगल तहसील व जिला कांगड़ा की गाड़ी टैक्सी नंबर एचपी 01डी 5658 से 96 बोतल देसी शराब मार्का संतरा व 24 बोतल बीयर बरामद की है। इस संदर्भ में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सवाणा में मिली गली-सड़ी लाश, दहशत का माहौल

**अनंत ज्ञान टीम, डाडासीबा / गरली**

पुलिस चौकी डाडासीबा के तहत ग्राम पंचायत सवाणा के वार्ड नंबर एक नजदीक तयामल रोड से लगभग 150 मीटर दूर एक गहरी खाई में पेड़ के नीचे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी का माहौल पैदा हो गया।

सोमवार सुबह जब एक स्थानीय व्यक्ति वहां से गुजर रहा था तो उसे दुर्गंध आई जब उसने नीचे आकर देखा तो वहां पर गली-सड़ी लाश पड़ी हुई थी। उसने स्थानीय पुलिस सहित पंचायत प्रतिनिधि बीडीसी रमेश कुमार को सूचना दी। जानकारी मिलने पर मौके पर चौकी प्रभारी रवि दत्त शर्मा सहित अन्य पुलिस बल उक्त स्थान पर पहुंचा। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया।

इलाके में यह ऐसा पहला प्रकरण है इसके बाद इलाके में दहशत का माहौल है। हालांकि पुलिस हर पहलू पर जांच पड़ताल कर रही है, लेकिन इस मृत्यु पर बहुत से प्रश्न भी खड़े होते हैं। जानकारी के मुताबिक पुलिस को जांच के दौरान उक्त शव के समीप एक बैग व उसमें सल्फास की गोलियों सहित एक लाल चुनरी मिली है।

मामले की पुष्टि करते हुए चौकी प्रभारी डाडासीबा रवि दत्त शर्मा ने कहा कि डाडासीबा पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

# जीत के दावों में कितना दम आज होगा पहला आकलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सुधीर शर्मा और जग्गी आज भरेंगे नामांकन**

देवेंद्र सिंह जग्गी और सुधीर शर्मा के जीत के दावों में कितना दम है, इसका आकलन 14 मई को हो जाएगा। धर्मशाला उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी मंगलवार को अपना-अपना शक्ति प्रदर्शन करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी और भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के दिन दोनों ही प्रत्याशी विशाल रैलियां आयोजित करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी की रैली दाड़ी मेला मैदान में रखी गई है जबकि भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा की रैली तपोवन स्थित जोरावर मैदान में रखी गई है। नामांकन के दिन भीड़ जुटा कर दोनों प्रत्याशी अपनी ताकत दिखाना चाहेंगे। दोनों पार्टियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अधिक से अधिक भीड़ को इकट्ठा करने में जुटे हुए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी के नामांकन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित प्रदेश के तमाम बड़े नेता आ रहे हैं। ऐसे में जग्गी के नामांकन में सरकार की मौजूदगी पार्टी पदाधिकारियों को भीड़ एकत्रित करने में मदद कर सकती है हालांकि सुधीर शर्मा के पार्टी छोड़ने के बाद संगठन की पुनर्निर्माण की अभी जारी प्रक्रिया एक चुनौती हो सकती है। वहीं दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा को भी भीड़ इकट्ठी करने का दबाव रहेगा। भाजपा में शामिल हुए सुधीर शर्मा को संगठन का पूरा साथ मिलने की संभावना है और वह भी भीड़ जुटाने में देवेंद्र सिंह जग्गी से कम साबित नहीं होंगे। नेताओं की नाराजगी सुधीर शर्मा के लिए चुनौती साबित हो सकती है बहरहाल, राजनीतिक विशेषज्ञ पक्ष और विपक्ष की आज आयोजित होने वाली रैलियों से यह आकलन लगाने का प्रयास करेंगे कि किस रैली में ज्यादा दम है।

### थुरल के गांवों में 16 मई को रहेगा पावर कट

**डरोह।** विद्युत उपमंडल थुरल के अंतर्गत आने वाले 11 केवी गढ़ एचटी लाइन की मरम्मत व उचित रख रखाव हेतु 16 मई को पावर कट रहेगा। यह जानकारी ई. प्रवीण सिंह सहायक अधिशाषी अभियंता विद्युत उपमंडल थुरल ने दी। उन्होंने कहा कि ढाटी, गढ़ बसदी, बौंण, रोंह, हल्दरा, कौना, ललेहर, पलहूणी, दधोना, सपड्डल, लींझन आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से लेकर कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। ई. प्रवीण सिंह ने इस दौरान जनता से सहयोग की अपील की है।

### चुनाव की दूसरी रिहर्सल 24 को

**बैजनाथ।** चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनावों की 22 मई को होने वाली रिहर्सल अब 24 मई को राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में होगी। यह जानकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर देवी चंद ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि बैजनाथ में 105 पोलिंग बूथ हैं तथा एक पोलिंग बूथ दूरदराज क्षेत्र बडा भंगाल में बनाया गया है, जहां हैलिकॉप्टर के माध्यम से पोलिंग स्टाफ को भेजा जाएगा। 22 मई की रिहर्सल 24 मई को चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों अनुसार बदली गई है। रिहर्सल वाले दिन ही कर्मचारियों को पोस्टल बैलट दिए जाएंगे। राजेश ठाकुर निर्वाचन कानूनगो ने बताया कि सभी कर्मचारी अपने साथ अपना पासपोर्ट फोटो लेकर आएं।

# थुरल स्कूल में होनहार नवाजे

**अनंत ज्ञान, डरोह**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल में सोमवार को मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर सिकंदर कुमार प्रवक्ता रसायन विज्ञान तथा पूजा शर्मा प्रवक्ता वाणिज्य द्वारा मंच सचालन किया गया। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने बतौर मुख्य अतिथि भूमिका अदा की। इस कार्यक्रम में कक्षा जमा दो के मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन तथा प्रबंधन समीति द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें कॉमर्स संकाय में शिवांश प्रथम, नीतिका द्वितीय, अंशुल तीसरे स्थान पर, साइंस संकाय में कार्तिक प्रथम, आयुशी द्वितीय, गुजन तीसरे स्थान पर तथा कला संकाय में अदांशी प्रथम, पायल द्वितीय तथा अक्षिता तीसरे स्थान पर रहने पर सम्मानित किया गया। इसके आलावा पायल, मुनीष अमित, पलक, कीर्ति, अद्वित्य, अवस्थी, रूपाली ,यशराज, अखिल, साहिल, महक, रूपाली को 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेने पर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने इस कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद किया तथा स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष लवली धीमान ने प्रबंधन समिति की तरफ से इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रीता डोगरा, सुषमा कटोच, लेखराज, सिकंदर कुमार, सीमा समकाडिया, अजीत कुमार धीमान, वरुण दत्त शर्मा, चमन लाल, मनोज मेहरा, अर्चना, अनिल कुमार शर्मा, राशि, सीमा, पूजा शर्मा, अंशुमन, अनुराधा, उषा, सुरेश, पूजा व अनिल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**मुलाकात** बार एसोसिएशन से मिले भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा

# हाईकोर्ट की सर्किट बेंच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने बार एसोसिएशन धर्मशाला में सभी वकीलों और बाकी अधिकारियों कर्मचारियों से मुलाकात की। इस दौरान बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट तरुण शर्मा ने कहा कि हमारी मुख्य मांग यह रहेगी कि धर्मशाला कोर्ट में हाईकोर्ट की सर्किट बेंच स्थापित करने की आवाज उठाई जाए।

सुधीर शर्मा ने कहा कि हमारे कार्यकाल में धर्मशाला को दूसरी राजधानी बनाने और बेंच स्थापित करने का प्रस्ताव था, लेकिन किन्ही कारणों की वजह से मामला लटक गया। यह मांग पूरी तरह वाजिब है, क्योंकि चंबा तथा कांगड़ा सहित कई दूर-दराज के लोग शिमला नहीं पहुंच पाते और खर्चा भी ज्यादा होता है। ऐसे में यह आवाज जरूर उठाई जाएगी। सुधीर शर्मा ने कहा कि उनके पिता ने यही शिक्षा दी है कि काम करना है और बाकी कुछ नहीं। उन्होंने अपील की कि आप साथ दें और अच्छे मार्जिन से जिताएं, आपकी आवाज पहले भी उठाई और आगे भी उठाई जाएंगी। इसी के साथ बार एसोसिएशन ने चैंबर, पार्किंग सहित कई और समस्याएं उनके सामने रखी। जिस पर भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने चुनाव के बाद ध्यानपूर्वक गौर करने की बात कही। इस दौरान उनके साथ बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट तरुण शर्मा, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर के मीडिया को-ऑर्डिनेटर और वकील विश्व चक्षु और कई अधिकारी और वकील भी मौजूद रहे। इसके उपरांत मीडिया के साथ बातचीत में सुधीर शर्मा ने कहा कि 14 मई को नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। नामांकन भरने के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी शामिल रहेंगे। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला की जनता से मेरी यही अपील रहेगी कि यह धर्मशाला के मान-सम्मान, विकास की लड़ाई का चुनाव है। 14 मई को नामांकन पत्र दाखिल होने उपरांत रखी गई रैली को भी स्वाभिमान दिवस का नाम दिया गया है। सुधीर शर्मा ने कहा कि मैं जब चुनाव लड़ता हूं तो सिर्फ अपने चुनाव को देखता हूं कि कैसे लड़ रहा हूं। बाकी प्रत्याशी क्या कर रहे हैं, सबका अपना-अपन हिसाब है। एक सवाल के जवाब में सुधीर शर्मा ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि सीएम मुझे कोसना छोड़र प्रदेश हित में काम करेंगे तो मुझे खुशी होगी।

### पठानिया ने पत्रकारों को भाजपाई करार दिया



**जवाली।** वरिष्ठ कांग्रेस मंत्री चौधरी चंद्र कुमार की साख को धूमल करने में लगे है अपनी ही पार्टी के लोग, ये हम इसलिए कह रहे है क्योंकि अब जवाली में पत्रकारों को सवाल पूछने की आजादी भी खत्म की जा रही है। आज कांग्रेस पार्टी लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा का जवाली विधानसभा का दौरा था, लेकिन प्रत्याशी द्वारा जनसमूह को संबोधित करने के उपरांत जब पत्रकारों ने लोकसभा प्रत्याशी से महिलाओं को मिलने वाले 1500 रुपए के बारे में प्रश्न किया तो अभी लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा उत्तर दे ही रहे थे कि फतेहपुर विधानसभा के विधायक भवानी पठानिया ने पत्रकारों को भाजपाई करार दे दिया। क्या अब सवाल भी नेताओं को पूछकर करना पड़ेगा। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कांग्रेस विधायक द्वारा कुचलने की कोशिश की गई। वही इस संबंध में भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने कहा कि भवानी सिंह पठानिया सत्ता के नशे में चूर होकर अनाप-शनाप बयानबाजी पत्रकारों के खिलाफ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की कोई पार्टी नहीं होती यह समाज सेवा के भाव से काम करते हैं।

### नूरपुर पुलिस ने पकड़ा उद्घोषित अपराधी

**जवाली।** जिला पुलिस नूरपुर द्वारा उद्घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए गए अभियान में पुलिस को सफलता मिली है। जिला पुलिस नूरपुर ने 30 अप्रैल 2024 को माननीय अदालत जवाली द्वारा उद्घोषित अपराधी राकेश कुमार पुत्र गोरखी राम निवासी दियाल धमेटा को शमशार (आनी) से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अपराधी के खिलाफ 30 मार्च 2010 को धारा 354 के तहत मुकद्मा दर्ज हुआ था। 30अप्रैल 2024 को जवाली कोर्ट ने अपराधी को उद्घोषित कर दिया तथा जिला पुलिस नूरपुर ने 12मई 2024 को उद्घोषित अपराधी राकेश कुमार पुत्र गोरखी राम निवासी दियाल को आनी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इसी संदर्भ में पुलिस थाना जवाली में 174ए के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि अभी तक जिला पुलिस नूरपुर द्वारा 17 उद्घोषित अपराधियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### 18 मई को रैहन में होगी नड्डा की जनसभा

**नूरपुर।** लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 18 मई को विधानसभा क्षेत्र फतेहपुर के रैहन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने जसूर स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक कर प्रेस वार्ता के माध्यम से दौरे की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को लेकर भी विस्तृत जानकारी दी। उच्च नेतृत्व ने डॉ. राजीव भारद्वाज पर भरोसा जताया है। राजीव भारद्वाज युवा तथा जुझारू नेता हैं तथा जमीनी स्तर के नेता हैं और वह वर्षों से एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की सेवा कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री ने जो आम जनता के हित में कार्य किया है उसको देखते हुए 400 पार का नारा दिया है। प्रदेश महामंत्री ने कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब कांग्रेस को संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी नहीं मिला तो फिर आनंद शर्मा को बाहर से बुलाकर बली का बकरा बनाया गया।

### आनंद शर्मा के लिए जुटाया समर्थन

**शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के मंझगरा द्रमन, सद्दू, कुरेला में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर कांगड़ा-चंबा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने चुनावी प्रचार किया। पठानिया ने जनता से लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए समर्थन जुटाया। शाहपुर की जनता ने कांग्रेस के प्रति अपना समर्थन देने की बात भी कही। उन्होंने भाजपा पर झूठ, धर्म,ओर जातपात की राजनीति करने का आरोप लगाया। पठानिया ने कहा कि भाजपा सरकारों ने देश ओर प्रदेश की जनता को सिर्फ ठगा ही नहीं बल्कि जो वादे किये थे उनको भी पूरा नहीं किया। सिर्फ वोट लेने के लिए मोदी ने हिमाचल की जनता को सपने ही दिखाए।

### सच्चाई के रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**गगल।** संत निरंकारी भवन घुरकड़ी में सोमवार को समर्पण दिवस मनाया गया। सत्संग में प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए प्रचारक महात्मा बहन रूपा गुरंग ने कहा की सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने यही फरमाया कि आज हम सभी बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने मन में समर्पण का भाव लिए हुए यहां आए हैं। बाबा जी की शिक्षाएं जीवन भर के लिए याद रखना। इस दौरान सभी ने सच्चाई के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### मनियाला में सैकड़ों ने सुनी शिव महापुराण कथा

**गरली।** मनियाला में चल रही शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास भागवत रसिक श्री आदर्श शर्मा महाराज के प्रवचन सुनने के लिए कथा स्थल पर सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। आदर्श शर्मा ने भगवान शिव के विशेष गुण का वर्णन किया और मोक्षदायक पुण्य क्षेत्रों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण कथा सुनने से विघ्नों का नाश होता है। वहीं व्यक्ति के जीवन में कल्याण की प्राप्ति होती है। कथा आयोजक मनियाला के वरिष्ठ समाजसेवी पंडित हेमराज शर्मा व उनकी धर्मप ी सरोज शर्मा ने बताया कि शिव महापुराण कथा कराने से कई पीढ़ियां संवर जाती हैं। जिस जगह कथा का आयोजन होता है, वहां आत्माएं व जीव-जंतु को मुक्ति मिल जाती है।

# सीबीएसई की परीक्षाओं में जिले के छात्रों का डंका, अधिकतर स्कूलों के परिणाम 100 प्रतिशत

## डीएवी हमीरपुर का नतीजा 100 प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



डीएवी स्कूल हमीरपुर की होनहार छात्राएं।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा के परिणाम के बाद सोमवार को सीबीएसई ने भी दसवीं और बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। सीबीएसई की परीक्षाओं में भी जिले के सभी स्कूलों के बच्चों की काबिलियत का डंका बजा है। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक लेकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। कई बच्चे 95 प्रतिशत से भी अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण हुए हैं।

इसी कड़ी में डीएवी स्कूल हमीरपुर का सीबीएसई बारहवीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। 12वीं कक्षा की छात्रा पल्लवी राणा ने 95 फीसदी अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है।

वहीं, मिनोली गर्ग व नंदिका बातिश ने 94 फीसदी अंक लेकर दूसरा व काव्या जसवाल ने 92.6 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। आयुष शर्मा, श्वेता व सूजल कुमार ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान हासिल किया है। इसके अलावा सानिया ने 91 प्रतिशत, ध्रुव पटियाल ने 90.4, ईशा वर्मा ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

अनमोल ने फिजिकल एजुकेशन में 100 में से 100 अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने कहा कि स्कूल के सभी 85 छात्रों प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने होनहार बच्चों व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी और अध्यापकों के प्रयास को सराहा।

## डीएवी भड़ोली के सात बच्चों के 90% से ज्यादा अंक



शानदान अंक प्राप्त करने वाले 12वीं के बच्चे।

**नादौन।** डीएवी भड़ोली के छात्रों ने जमा दो विज्ञान संकाय परीक्षा परिणाम में अपना वर्चस्व कायम रखा। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

स्कूल प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि इस बार 12वीं के 46 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 7 मेधावी छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल के नाम रोशन किया है। शिव्यांशी ठाकुर ने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया, निहारिका ने केमिस्ट्री में 100 में से 100 अंक और 479 अंक प्राप्त कर द्वितीय, अक्षत चैधरी ने 477 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। फिजिकल एजुकेशन' में अक्षत चौधरी और प्रिया ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। प्रिया ने 469 अंक, आदर्शनी ठाकुर ने 461 अंक, काजल मीना ने 457 अंक, अक्षत ने 456 अंक लेकर प्रिंसिपल, अभिभावकों और अध्यापकों के नाम को रोशन किया है। उन्होंने अभिभावकों व बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 10वीं कक्षा का दिव्यांशु 93 प्रतिशत अंक लेकर डीएवी आलमपुर में प्रथम



डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर के मेधावी स्टूडेंट्स।

**सुजानपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर सीबीएसई दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2023-24 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा में सभी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिनमे से 31 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की। दसवीं कक्षा में 119 विद्यार्थियों नें प्रथम स्थान प्राप्त किया और 56 विद्यार्थियों नें डिस्टिंक्शन प्राप्त की। दसवीं कक्षा में दिव्यांशु भट्टी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य राणा ने 92.5 प्रतिशत फीसदी अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। अभिनव जैन 91.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा। इस उपलब्धि पर उच्च अधिकारी आर्य रत्न डॉ. पूनम सूरी, पदमश्री अवार्डी अध्यक्ष डीएवी सीएमसी, नई दिल्ली और अध्यक्ष, मैडम पी. सोफत उपाध्यक्ष, डॉ. वी. सिंह निदेशक, श्री वीके यादव प्रबंधक व बिक्रम सिंह एआरओ सह प्राचार्य ने अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

## ओजस्वनी 92.50 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहले स्थान पर





केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर के दसवीं कक्षा के होनहार विद्यार्थी।

**हमीरपुर।** सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर की दसवीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सुनील चौहान ने दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट परिणाम के लिए समस्त विद्यार्थियों, अध्यापकों, व अभिभावकों को बधाई दी। कुल 88 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 92.50 प्रतिशत अंक लेकर ओजस्वनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 41 विद्यार्थियों के कुल अंक 75 प्रतिशत से ज्यादा हैं व 85.2 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की।

## हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की उत्तर कुंजी जारी

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 (एचपीसीईटी) की उत्तर कुंजी जारी की है। जिन अभ्यर्थियों ने बीटेक, बी फार्मेसी, एमसीए, एमबीए व एमबीए पर्यटन में प्रवेश के लिए 7868 अभ्यर्थियों ने दस मई को प्रवेश परीक्षा दी है। तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के सभी विषयों की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थी तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उत्तर कुंजी देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि उत्तर कुंजी से संबंधित किसी अभ्यर्थी का कोई सुझाव है जो वह 16 मई सायं पांच बजे तक ई-मेल के माध्यम से सूचित कर सकता है। कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का परिणाम अगले सप्ताह घोषित किया जाएगा।

# भीषण आग से बारीं गांव में लाखों की वन संपदा राख

## ग्रामीणों ने आग बुझाने का किया प्रयास, नहीं हुए सफल

**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी**



बारीं के नाले में लगी आग से उठता हुआ धुआं।

टौणी देवी के साथ सोमवार दोपहर बाद अचानक बारीं गांव के नाले में धुआं व आग की लपटें दिखाई दी और थोड़ी ही देर में पूरे जंगल में आग हवा की तरह फैल गई। आग से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।

ग्रामवासियों ने इसकी सूचना पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर को दी। प्रधान द्वारा अग्निशमन केंद्र हमीरपुर को इस बारे सूचित किया, लेकिन संपर्कसड़क न होने की वजह से फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच सकी। गांव वासियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हुए। समाचार लिखे जाने तक जंगल में आग धधक रही थी। अकसर गर्मियों में इस तरह की आग की घटनाएं देखने को मिलती है, जिसमें वन संपदा के साथ-साथ लाखों जीव-जंतु भी मारे जाते हैं। पंचायत प्रधान ने ग्रामीणों से आह्वान किया है की जंगलों को बचाएं व इस तरह की घटना पर निगरानी रखें और आग लगने वाले की सूचना पुलिस को दें।

## भोरंज स्कूल के होनहार सम्मानित

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के होनहार विद्यार्थियों को ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया गया। इस दौरान कक्षा दसवीं में 615 अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल करने वाली बेटी संजना और अन्य होनहार बच्चों को को ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन वाइस प्रेसिडेंट एडवोकेट दिनेश संधू द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीडीसी सदस्य वीना कुमारी, एसएमसी प्रधान सुषमा देवी, ग्राम पंचायत प्रधान भोरंज पूजा देवी, स्कूल के प्रधानाचार्य और अन्य मौजूद रहे।

पूजा देवी ने दसवीं कक्षा के शत प्रतिशत परिणाम पर स्कूल प्रशासन का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के अध्ययन की नींव बहुत गहरी हो रही है और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इसी तरह कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 98त्न रहने पर एसएमसी प्रधान द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य व विद्यालय परिवार की सरहाना की गई।

# एनसीसी कैडेट्स को दिए सैन्य अधिकारी बनने के टिप्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी में ट्रेनिंग प्राप्त करते एनसीसी कैडेट्स

जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी में 4 एचपी (आई) कंपनी एनसीसी हमीरपुर की ओर से कमांडिंग आफिसर कर्नल एसएस रावत एआरओ हमीरपुर के डायरेक्टर कर्नल बीएस भंडारी ने सेना में अधिकारी कैसे, कौन और कब बन सकता है, इस बारे में बताया और और सैन्य अधिकारी बनने के लिए कठिन परिश्रम तथा अभ्यास की आवश्यकता को बताते हुए सेना अधिकारियों को मिलने वाली सुविधाओं और उनके व्यक्तित्व में होने वाले सार्थक परिवर्तनों के बारे में चर्चा करते हुए कैडेट्स को इसके लिए प्रेरित किया।

इससे पहले सूबेदार मेजर मनोज कुमार झा ने अग्नि वीर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी कि इसके लिए आवश्यक योग्यताएं क्या हैं? योजना के लाभ क्या-क्या हैं? एनसीसी कैडेट्स को कितना लाभ इस योजना में मिलता है?

आज सुबह सभी कैडेटस का ड्रिल टेस्ट हुआ जिसमें कैडेट्स ने जोश के साथ ड्रिल्स स्किल का परिचय दिया ।विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट रहने वाले कैडेट को समापन-समारोह में सम्मानित किया जाएगा । कैडेट्स ने फायरिंग कंपटीशन में भी हिस्सा लिया, जिसमें सभी वर्गों में विजेता कैडेट्स को भी सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा ।स्टडी परेड में कैडेट्स ने मैप रीडिंग में ग्रिड प्रणाली, बैक बेयरिंग एंड फ्रंट बेयरिंग , हथियार- प्रशिक्षण में इंसास राइफल के बारे में जानकारी, सिविल डिफेंस ऑर्गेनाइजेशन ,आपदा के समय में कैडेट्स की भूमिका इत्यादि विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# कांग्रेस जीतेगी लोकसभा और विधानसभा की सभी सीटें : अनीता

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



अनीता वर्मा पत्रकार वार्ता करते हुए।

कांग्रेस पार्टी की पूर्व विधायक और सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की को-ऑर्डिनेटर अनीता वर्मा ने कहा है कि आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में सभी सीटों पर कांग्रेस पार्टी जीत हासिल करेगी।

वर्मा ने सुजानपुर में पत्रकारों से बातचीत ने कहा कि लोकसभा की सभी चारों ओर विधानसभा उपचुनाव में होने वाली सभी 6 सीटों पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के उठाए गए कदम से जनता बेहद नाराज है। राजेंद्र राणा पहले भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए उसके बाद कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए।

उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने वाले रणजीत सिंह राणा एक जिताऊ उम्मीदवार हैं और सभी कांग्रेसी उनके प्रचार में कार्य कर रहे हैं।

# तकनीकी विश्वविद्यालय की यूजी व पीजी की परीक्षाएं शुरू



तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में परीक्षा देते छात्र।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की दूसरे, चौथे, छठवें सेमेस्टर की नियमित और रि-अपीयर की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हुई।

तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित शिक्षण संस्थानों में बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए, एमबीए पर्यटन, बी आर्क, एमसीए, बीएचएमसीटी सहित अन्य विषयों की परीक्षाएं जून के अंतिम सप्ताह तक चलेगी।

तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों की परीक्षाएं सुचारू रूप से शुरू हो गई है।

# नडोह व लंबलू में दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



नडोह गांव में महिलाओं को मतदान के महत्व के बारे में बताते गणमान्य।

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा विकास खंड भोरंज के गांव नडोह में महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सोमवार को मतदाता जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' यानी सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता के तहत आयोजित इस जागरूकता सत्र के दौरान पीएनबी आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने प्रतिभागी महिलाओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया तथा उन्हें आगामी एक जून को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ भी दिलाई। आरसेटी के विनय चौहान ने भी महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसी तरह गांव नडोह के अलावा पंजाब नेशनल बैंक की लंबलू शाखा में भी सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अजय कुमार कतना और शाखा के प्रबंधक ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बैंक के ग्राहकों को लोकसभा चुनाव-2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# 'कार्यकर्ता हर घर पर लगाएं भाजपा का झंडा'

## भरेड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं व बूथ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



भरेड़ी में आयोजित बैठक के बाद कार्यकर्ता व पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

ससंदीय क्षेत्र हमीरपुर के भोरंज के भरेड़ी में भाजपा के प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर को रिकॉर्ड तोड़ वोटों से विजय बनाने के लिए भरेड़ी में सभी कार्यकर्ताओं व बूथ के सभी पदाधिकारियों की बैठक हुई।

इस दौरान खास तौर पर उत्तराखंड से आए हुए प्रवासी कार्यकर्ता प्रमोद मिश्रा, बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र सिंह गारला, दिनेश भाटिया प्रदेश सचिव एससी मोर्चा और राजकुमार किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस बैठक में पन्ना प्रमुख के विषय में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बैठक में बताया गया कि जो लोग बाहर कंपनियों में काम करते हैं उनकी सूची बनाई जाए, ताकि वह भी चुनाव के समय में अपना वोट दे सकें। सभी कार्यकर्ता 'अपना बूथ सबसे मजबूत' इस क्रम को आगे बढ़ते हुए अपने बूथ के सभी घरों में भाजपा के पत्रक स्टीकर पोस्ट व झंडा हर घर में लगाएं। हर एक पदाधिकारी कार्यकर्ता हर एक घर में दस्तक दें। मोदी की जन विकास एवं देश हित की योजनाएं लोगों को बताएं।

बैठक में बताया गया कि सभी एकजुता दिखाएं क्योंकि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है और पांचवीं बार हमीरपुर से अनुराग सिंह ठाकुर को लोकसभा में जीताकर भेजना है। इस बैठक में योगेंद्र पाल शर्मा, जगदेव शर्मा, वीर सिंह, विक्रम, बलदेव सिंह, कश्मीर सिंह चैहान, किशोरी लाल, रविकांत खट्टा, विपिन खट्टा, राजकुमार शर्मा, राजकुमार चैहान, हेमराज महिला, हरि चंद, राकेश कुमार चैहान, धर्मचंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# सुजानपुर की जनता भाजपा प्रत्याशी से पूछे पाला क्यों बदला : पठानिया

## केसीसी बैंक के चेयरमैन ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में की नुक्कड़ जनसभाएं



नुक्कड़ जनसभा में मौजूद कांग्रेस के नेता और अन्य।

**अनंत ज्ञान हमीरपुर**

केसीसी बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया ने कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह राणा के पक्ष में सोमवार को लंबरी, भटेरा, चौरी-1, चबियाणा, कशीरी, पीपल, डूहक, छतरुड़ू, स्पाहल, चौरी-2 सहित 13 बूथों पर नुक्कड़ सभाएं की।

इस दौरान उनके साथ कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह राणा, ब्लॉक अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर, पल्यूशन बोर्ड के डारेक्टर अरुण ठाकुर, मीडिया पैनलिस्ट चंदन राणा, कांग्रेस नेता विवेक कटोच, स्पाहल पंचायत के प्रधान अश्वनी, पनोह के बीडीसी आरती, उपप्रधान राजिंद्र सिंह डॉ. हर्ष कालिया सहित अन्य ने सुजानपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी की चुनाव प्रचार की कमान संभाली हुई है।

पठानिया ने कहा कि सुजानपुर की जनता का मुख्यमंत्री सुक्खू के पक्ष ने भारी समर्थन मिलने के साथ ही लोग कैप्टन को जिताने के लिए तैयार हैं। सुजानपुर की जनता भाजपा प्रत्याशी से पूछे कि उन्होंने पाला क्यों बदला और उनकी जिला के मुख्यमंत्री सुक्खू के खिलाफ जाने की भाजपा के साथ क्या डील हुई है। उन्होंने कहा कि जिला के मुख्यमंत्री सुक्खू के लिए सुजानपुर की जनता कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह राणा को भारी बहुमत से जिताएगी, ताकि बिकने वालों और जिला के मुख्यमंत्रीयों के खिलाफ साजिश रचने वालों को सबक सिखाया जा सके।

उन्होंने कहा कि जिले के विकास और ईमानदार मुख्यमंत्री सुक्खू के लिए सुजानपुर की जनता भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा को हराने के लिए पूरी तरह एकजुट है। जनता इस बार मुख्यमंत्री के नाम पर ही मतदान करेगी और जो बिकाऊ और स्वार्थी हैं, उनको सबक सिखाएगी।

**धार्मिक** | कथा वाचक अभिषेक सारस्वत ने बताया भागवत कथा का महत्व

# भागवत कथा सुनने से होती है पुण्य की प्राप्ति

**अनंत ज्ञान, बड़ा**



उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के धंगड़ में चल रहे भागवत सप्ताह के दौरान कथा वाचक अभिषेक सारस्वत ने लोगों भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा की भागवत कथा के श्रवण से पुण्य की प्राप्ति होती हैं लोगों को भागवत कथा का अवश्य श्रवण करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का भी व्याख्यान किया।

## कोट, कलंझड़ी दरकोटी, मोहीं, रोपा में कल बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल टौणीदेवी के अंतर्गत ठाणा दरोगण में 15 मई को विद्युत लाइन और ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य के चलते गांव ठाणा दरोगण, दरकोटी, मोहीं, रोपा, कोट, कलंझड़ी, सराहकड़, कराड़ा, ढनवान और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता दीपक चौहान ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### नाले में मिला युवक का शव

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत बुधान गांव में 18 वर्षीय युवक का शव नाले में मिला है। मृतक युवक की पहचान रघु पुत्र माखन निवासी बिजोर जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह बुधान गांव में यूपी के रघु का शव नाले में मिला। स्थानीय लोगों ने शव को देख पंचायत प्रधान सहित पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के दौरान मृतक की पहचान हुई, जो कि डियूगली पंचायत में अमरनाथ के घर किराए के मकान में रहता था। मृतक के भाई ने बतलाया कि रघु की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा जांच शुरू कर दी है।

### हनुमान मंदिर सलोह अपर हट्टियां में भंडारा आज

**हरोली।** क्षेत्र के गांव सलोह अप्पर हट्टियां में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राचीन हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन 14 मई को किया जाएगा । यह जानकारी मंदिर के सेवक पंडित रोशन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर में भगवान हनुमान को समर्पित हवन यज्ञ किया जाएगा। झंडे की रस्म अदा की जाएगी व विशाल भंडारे का आयोजन होगा ।

### चैतन्य शर्मा गगरेट से आज भरेंगे नामांकन

**गगरेट।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने आम जनता से अपील की है इस मौके पर भारी संख्या में पहुंचकर चैतन्य शर्मा और भारतीय जनता पार्टी का सहयोग करें। राजेश ठाकुर ने पार्टी के वरिष्ट कार्यकर्ताओं से ज्यादा संख्या में बंजाल में उपस्थित होने की अपील की है

### घट गई कांग्रेस प्रत्याशी कालिया की संपत्ति

**गगरेट।** आम तौर पर आपने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संपत्ति बढ़ते हुए सुना होगा, लेकिन विधानसभा क्षेत्र गगरेट से हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया ऐसे प्रत्याशी हैं, जिनकी संपत्ति महज छह साल में ही बढ़ने की बजाय घट गई है। वर्ष 2017 में हुए विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया ने शपथ पत्र देकर अपनी करीब अठारह करोड़ रुपए की संपत्ति की घोषणा की थी तो अब वर्ष 2024 में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में उन्होंने शपथ पत्र के माध्यम से अपनी जो संपत्ति घोषित की है, वह पौने सोलह करोड़ रुपए के करीब है। हालांकि उनके द्वारा लिए गए कर्ज जरूर कम हुए हैं।

### गुंडा टैक्स के लिए बदनाम हुआ गगरेट : कुलदीप

**गगरेट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं पूर्व उद्योग मंत्री कुलदीप कुमार ने कहा कि पिछले चौदह माह में पूरे प्रदेश में गगरेट गुंडा टैक्स के लिए बदनाम हुआ है। उन्होंने भी गगरेट में पच्चीस साल तक राजनीति की है, तीन चुनाव जीते हैं। जो लोग आज आकर खुद को गगरेट का मसीहा बता रहे हैं, न तो उन्होंने कभी पच्चीस सालों में उनके बारे में सुना और न ही उनका यहां कभी घर देखा। राकेश कालिया मेरा छोटा भाई है। जो प्यार गगरेट की जनता ने मुझे दिया, वही प्यार राकेश कालिया को देकर इस उपचुनाव में बारी मतों से विजयी बनाएं। कुलदीप कुमार सोमवार को भंजाल में राकेश कालिया के नामांकन-पत्र दाखिल करने पर आयोजित कार्यक्रम में गगरेट की जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राकेश कालिया ही गगरेट की जनता को न्याय दिलाएंगे और राकेश कालिया ही गगरेट का विकास करवाएंगे।

### शिवालिक स्कूल बीहड़ू ने मनाया मातृ दिवस



मुख्यातिथि बबीता कुमारी को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ।

**बंगाणा।** शिवालिक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीहड़ू ने मातृ दिवस मनाया। इस अवसर पर पाठशाला की को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ दिवस हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल यह मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि माताओं के प्रति कृतज्ञता करने का विशेष अवसर है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि माताएं हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण होती हैं और उनके प्रति हमारी कृतज्ञता कभी भी कम नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पंचायत प्रधान दोबड़ बबीता कुमारी ने उपस्थिति दर्ज करवाई साथ में प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा प्रिंसिपल रितु कुमारी ब अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### मोबाइल टावर न लगाने को लेकर सौंपा मांग पत्र


उपमंडल अधिकारी ऊना को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण।

**ऊना।** ऊना जिले के तहत गांव भटोली वार्ड नंबर 34 के लोग सोमवार को अपनी समस्या को लेकर उपमंडल अधिकारी से मिले और अपना मांग पत्र सौंपा। लोगों ने मांग कि है कि हमारे वार्ड में आबादी के बीच मोबाइल टावर लग रहा है, जो कि इंसानों और जानवरों के लिए घातक है। पंचायत के माध्यम से टावर का काम रुकवा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है की इस गांव में आबादी 3000 से अधिक है। आम लोगों का यही मत है कि यह टावर आबादी में न लगाया जाए। ग्रामीणों ने उपमंडल अधिकारी से टावर निर्माण कार्य को रोकने के लिए मांग की है। इस मौके पर अजय कुमार, मधु वाला, ज्योति, शंकर दास, वालकिशन, पूजा, प्रेमचंद, संतोष, कमला, निशांत, प्रीति, मनोज, रमन कुमार, आशा देवी, विनोद, प्रिया, सुमन, अरुण आदि मौजूद रहे।

### जनता को पता है कौन है ईमानदार : मनकोटिया


चुनाव प्रचार के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ राजकुमार मनकोटिया।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ की देव तुल्य जनता को 44 वर्ष पूर्व ज्ञात हो गया था कि कुटलैहड़ में कौन नेता गद्दार है और कौन ईमानदार है, तभी बार-बार कुटलैहड़ की जनता के नकारने के बाद एक मौका और मांग रहे हैं। हमें राजनीति में अभद्र भाषा नहीं आती है, लेकिन अगर उक्त नेता बार-बार गंदी और अभद्र भाषा का प्रयोग देवेंद्र कुमार भुट्टो पर करने से बाज नहीं आए तो फिर अपनी हकीकत सुनने के लिए तैयार रहें। ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष एवम बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया ने कुटलैहड़ जन संपर्क अभियान में कहे। उन्होंने कहा कि जब कुटलैहड़ की जनता ने देवेंद्र कुमार भुट्टो को विधायक चुन लिया था, तो उनका दायित्व था कि बह कुटलैहड़की जनता की समस्याओं का समाधान करवाते, लेकिन 14 माह के कार्यकाल में उक्त नेता द्वारा मुख्यमंत्री के कानों में हमारे खिलाफ जहर भरा गया और हर कार्य को रोका गया। इस कारण ही देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहा है।

### पिता-पुत्र ने पीटा 60 वर्षीय बुजुर्ग, आई चोटें

**ऊना।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की मुच्छाली पंचायत के गांव वौट के सुरम सिंह पुत्र शिव राम उम्र लगभग 60 साल ने पुलिस थाना बंगाणा में शिकायत दर्ज करवाई है कि गांव के ही ओंकार सिंह पुत्र बली राम व मुनीश कुमार पुत्र ओंकार सिंह ने उनकी मलकीयत भूमि से पेड़ काट लिए, जब सुरम सिंह ने इसका विरोध किया तो इन दोनों ने सुरम सिंह की जमकर पिटाई कर डाली। इस मारपीट में सुरम सिंह के दो दांत टूट गए हैं। वहीं, पर कान पर भी चोटें आई हैं। इस कारण सुरम सिंह का मेडिकल करवाया जा रहा है। पुलिस थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई होगी।

# संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस लड़ेगी हर जंग : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने घालुवाल में कांग्रेस अनुसूचित वर्ग की संकल्प रैली को किया संबोधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



घालूवाल की कांग्रेस अनुसूचित वर्ग की संकल्प रैली में उपस्थित लोग।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस हर लड़ाई लड़ने को तैयार है। भारत में न तो संविधान को मिटाने दिया जाएगा और न ही लोकतंत्र का गला घुटने दिया जाएगा। भारत में पिछड़े वर्गों के आरक्षण को भी यथावत जारी रखने के लिए कांग्रेस पीछे नहीं रहेगी।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को हरोली के घालुवाल में कांग्रेस अनुसूचित वर्ग की संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने के लिए केंद्र की सरकार को सत्ता से हटाना जरूरी है। महज धर्म के नाम पर वोट हासिल करने वाले देश की दुर्दशा करने पर उतारु हैं। दक्षिण भारत से प्राप्त रुझानों के अनुसार भाजपा की बुरी तरह से हार होती दिखाई पड़ रही है और उत्तर भारत में भी हिमाचल समेत अन्य प्रांतों में भाजपा बुरी तरह से पिछड़ रही है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भारत का संविधान डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखा गया था और इस संविधान को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। इसके साथ ही लोकतंत्र की व्यवस्था को हमेशा के लिए समाप्त करके एक राष्ट्र एक नेता के सिद्धांत पर बीजेपी आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अनुसूचित और पिछड़े वर्गों के लिए हमेशा ही मुसीबत पैदा की है और कांग्रेस द्वारा इन वर्गों को संरक्षित किया गया है, इसलिए इस वर्ग को अब एकजुटता दिखाते हुए भाजपा को सबक देना होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अनुराग ठाकुर खेल मंत्री भी रहे और बीसीसीआई में पदाधिकारी भी थे। इन पदों पर रहते हुए भी ऊना जिला में कोई भी क्रिकेट का मैदान नहीं बना सके। हिमाचल प्रदेश की सरकार अपने प्रयासों से ऊना जिला में एक बेहतरीन क्रिकेट का मैदान तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। कांग्रेस के लोग भी धर्म को मानते हैं, लेकिन रावण का रूप धारण करके छल नहीं कर सकते।

करोड़ों रुपए की राशि हिमाचल के धार्मिक स्थलों और इन मंदिरों पर खर्च की जा रही है। इस दफा ऊना से कांग्रेस ने सतपाल रायजादा के तौर पर मजबूत प्रत्याशी दिया है, अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की जीत भी तय है। इस अवसर पर सतपाल रायजादा, कुलदीप कुमार, रंजीत राणा, परवीन सहित, कमल सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री जयराम कंगना रनौत को नहीं जिता पाएंगे : उपमुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चौदह मई को प्रदेश में नामांकन-पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के दो-तीन बाद प्रदेश के तीन और विधायक पूर्व विधायक हो जाएंगे। चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस संख्या बल में चालीस हो जाएगी और भाजपा पच्चीस पर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो छह विधानसभा उपचुनाव के साथ लोकसभा की चार सीटें भी जीत रही है, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कंगना रणौत को मंडी से नहीं जिता पाएंगे। मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को विधानसभा क्षेत्र गगरेट से हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया के नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को शिमला की कुर्सी पर बैठने में जल्दी थी, इसलिए ही भाजपा ने सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा। जयराम ठाकुर यह तो कहते हैं कि हम एक राज्यसभा सीट जीत गए, लेकिन यह भूल गए कि छह विधानसभा उपचुनाव हार रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका भी जल्द ही पर्दाफाश होगा कि सरकार गिराने की साजिश किसने और कैसे रची।

उन्होंने कहा कि राकेश कालिया के नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में अपार जनसमूह देख कर पता चल रहा है कि राकेश कालिया बहुत बड़े अंतर के साथ जीत रहे हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल सिंह रायजादा के समर्थन में जिस प्रकार अपार जनसमूह हमीरपुर में उमड़ा, वह भी यह बता रहा है कि इस बार हमीरपुर की जनता भी बदलाव के मूड में है। बिलासपुर के लोग इस बार ऊना का साथ देने को तैयार हैं। ऊना के लोग भी इस बार सतपाल रायजादा को भरपूर आर्शीवाद दें ताकि दमदार आवाज इस बार लोकसभा में गूंज सके और इस लोकसभा क्षेत्र के मुद्दे उठा सके।

## वशिष्ट स्कूल के 26 बच्चों के 90 फीसद से अधिक अंक

**अनंत ज्ञान, ऊना**


वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के मेधावी छात्र।

सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के 26 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय में वशिष्ट पब्लिक स्कूल के ऋत्विक सैनी ने 96 फीसद अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। अश्लेष साहनी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। आदित्य लाल तथा ईशान शर्मा ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।

इसके अलावा कनिष्का विज ने 91 फीसद, अमिति शर्मा ने 91 फीसद ,आकांक्षा रायजादा ने 90 फीसद तथा हरमन जोत कौर ने 90 फीसद अंक हासिल किए। कॉमर्स संकाय में शिवांश ने 96 फीसद अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया। तनुष भोगल ने 94 फीसद अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया। शगुन ठाकुर ने 93 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। अंबिका रसिन ने 93 फीसद, समर्थ ने 90 फीसद, जैसमीन कुमार ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। आर्यन कानूनगो और तनुष भोगल ने शारीरिक शिक्षा विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। शिवांश ने बिजनेस स्टडीज में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल के12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 14 बच्चों ने 90 फीसद से अधिक और 36 बच्चों ने 80 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए। सीबीएसई की ओर से घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में वशिष्ट पब्लिक स्कूल की छात्रा राशि ने 97 फीसद अंक लेकर जिला ऊना में प्रथम स्थान हासिल किया है। वृंदा ने 93 फीसद अंक लेकर द्वितीय स्थान हासिल किया।

श्रुति सुधा पांडा ने 92.2 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आंचल ने 92 फीसद, आयुषी रायजादा ने 92 फीसद, प्रांजल कौशल ने 92 फीसद, अनुष्का ने 91 फीसद, विनायक राणा ने 90.4 फीसद, आशीष ने 90 फीसद, अनामिका पुरी ने 90 फीसद, रितिका ने 90 फीसद, अक्षित सिंह ने 90 फीसद अंक प्राप्त किए हैं। वशिष्ट पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 12 बच्चों ने 90 फीसद से अधिक और 29 बच्चों ने 80 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे परिणाम की घोषणा सुनकर सभी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अभिभावकों ने इसका श्रेय स्कूल प्रबंधन व स्टाफ को दिया।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास होता रहेगा। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि यह वशिष्ट पब्लिक स्कूल की मजबूत टीम की मेहनत का नतीजा है। स्कूल के चेयरमैन सतपाल वशिष्ट ने अभिभावकों, स्कूल स्टाफ तथा बच्चों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी ।

## एसएसआरवीएम विद्यालय का 10वीं और 12वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सीबीएसई द्वारा 10वीं तथा 12वीं कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। स्थानीय एसएसआरवीएम विद्यालय में 46 छात्रों ने 12वीं और 83 विधार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी। प्रथम स्थान पर साइंस विषय में अंश ने 95 फीसद अंक, आर्ट्स विषय में द्वितीय स्थान मेघा 90 फीसद अंक, चिन्मय साइंस में 90 फीसद अंक, वैष्णवी ने 90 फीसद, तृतीय स्थान आर्ट्स विषय में सक्षम ने 88.4 फीसद, साक्षी ने 88.2, साइंस विषय में चतुर्थ स्थान पल्लवी ने 87 फीसद अंक, पांचवा स्थान प्रज्ञा, निशांत ने 85 फीसद लेकर प्राप्त किया।

तीन विद्यार्थी 90 फीसद से अधिक अंक लेकर पास हुए, वहीं 11 विद्यार्थी 80 फीसद से अधिक अंक लेकर पास हुए। 15 से अधिक विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय में 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त कि किए। 18 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए। चिनमय ने जीव विज्ञान में 90 फीसद, प्रज्ञा ने 92 फीसद, निशांत ने 92 फीसद, मेघा ने राजनीतिक विज्ञान में 96 फीसद, शारीरिक शिक्षा में 95 फीसद, अंश ने 99 फीसद, राजनीतिक विज्ञान, रासायनिक विज्ञान में 95 फीसद, गणित में 95, सक्षम ने राजनीतिक विज्ञान में 99 फीसद, चिन्मय ने अंग्रेजी विषय मे 98 फीसद, मेघा ने 90 फीसद, कृष ने 93 फीसद, आस्था ने 94 फीसद, निशांत ने 91 फीसद, प्रज्ञा ने 91 फीसद, हिमानी ने 91 फीसद, वैष्णवी ने 96 फीसद अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक सुमेश शर्मा, प्रधानाचार्या बृजबाला शर्मा, शिक्षा समन्वयक सुरेंद्र रात्रा व अन्य अध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को सराहनीय परीक्षा परिणाम के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह सफलता सभी बच्चों की लगन मेहनत प्रतिभा व कठिन परिश्रम की परिचायक है।

## विक्षांत को 10वीं में अच्छे नंबर लेने ने किया सम्मानित


विक्षान्त सहोता स्कूल स्टाफ के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में विक्षांत सहोता पुत्र संजीव कुमार को स्कूल प्रशासन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

विदित है विक्षान्त सहोता दसवीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में 633/700 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित करके विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा। अनिल ठाकुर प्रधानाचार्य ने मेडल पहनाकर व अनिल कुमार उपप्रधानाचार्य द्वारा मिष्ठान खिला कर विक्षांत सहोता का विद्यालय में विशेष अभिनंदन व स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अनिल कुमार उपप्रधानाचार्य, बलबंत सिंह प्रवक्ता, प्रवीण शर्मा प्रवक्ता व स्टॉफ सचिव, अंबिका रानी प्रवक्ता ,सतीश कुमार प्रवक्ता, राजीव डोगरा प्रवक्ता, मनोज कुमार प्रवक्ता, राकेश कुमार प्रवक्ता, धीरज कतना प्रवक्ता, सुषमा देवी शिक्षका, स्नेह शर्मा शिक्षका व अन्य मौजूद रहे।

## कांगेस प्रत्याशी विक्कू ने भाजपा को लिया आड़े हाथ

### जनसंपर्क अभियान के तहत सोलह सिंगीधार में किया प्रचार, वोट डालने की अपील की

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


जनसभा को सम्बोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू।

कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू ने क्षेत्र के सोलह सिंगीधार के अंतर्गत कोट, मतोह, झंडीयाना, सिहाणा, डोलू जरोला आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत कांग्रेस की नीतियों का प्रचार और प्रसार किया तथा शाम को क्षेत्र के मलांगड़ में लोगों से मतदान की अपील की।

इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार जो कि आमजनमानस के लिए कार्य कर रही है, उनको समर्थन देने की अपील की। साथ ही उन्होंने इन गांव से जुड़ी समस्याओं को भी लोगों के द्वारा सुना गया। जल्द ही चुनाव परिणाम के बाद इस धार समस्याओं को लेकर समाधान करने की पहल की जाएगी। इस धार में जब मेरे पिताजी विधायक थे, तो उस समय बिजली और पानी के लिए आवाज उठी थी और उसको पूरा किया था उसके बाद सड़क मार्ग से क्षेत्र को जोड़कर लाभान्वित किया था। मैं पूछना चाहता हूं कि वर्तमान भाजपा प्रत्याशी पूर्व समय में अपने कार्यकाल के दौरान कौन सी ऐसी बात है व कौन सी ऐसी समस्या है, जो कि उन्होंने विधानसभा के पटल पर रखी। क्षेत्र की सोलह सिंगी धार जो कि काफी लंबे क्षेत्र में फैली हुई है, उसके एक सिरे के पास पूर्व विधायक और भाजपा प्रत्याशी के घर हैं मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि अपने घर के लिए आपने कौन सी बात सदन में रखी और जिस सोलह सिंगी की धार को आप अपना गांव में क्षेत्र मानते हैं, उससे जुड़े कोई एक समस्या साझा करें।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आज भाजपा राम के नाम के साथ चुनाव को प्रभावित करना चाहती है उन्होंने कहा कि राम सबके हैं और सबके ही रहेंगे उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ राम के नाम की राजनीति ही करना चाहती है, पिछले 500 वर्षों से जिनहोंने राम भगवान के मंदिर को बनाने की बात की जा रही है कहीं न कहीं वह भी पहले सनातनी विचारधारा के थे और सनातन वह समुद्र हैं, जिसमें इंसानों रूपी पंथों की नदियां समाहित है सनातन की एक ही परिभाषा है कि मर्यादा में रहें।

### धोखेबाजों को सबक सिखाने को तैयार : मोदगिल

विवेक शर्मा बीकू के प्रचार अभियान में प्रदेश कांग्रेस की बेटी के सचिव देसराज मोदगिल भी उपस्थित हुए इस मौके पर उन्होंने कहा कि जनता एहसान फरामोश धोखेबाजों को सबक सिखाने के लिए तैयार है क्योंकि जिन्होंने कुछ माह पूर्व कांग्रेस की टिकट से जीत कर लोगों के साथ छल किया है, अब उनके बारे में जनता को मालूम है। क्षेत्र के लोग अब इन लोगों के किए काले कारनामों को लेकर जल्द ही इनका हिसाब करने वाली है। ऐसी कौन सी मजबूरी थी, जो आपने 14 माह में सरकार के पक्ष में बात रखी और उसके बाद मंत्रीमंडल के साथ ब्रेकफास्ट करने के बाद दोपहर को और ही बदल गए।

**चुनाव** सतपाल सिंह सत्ती ने भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के पक्ष में किया प्रचार

## मित्रों को खुश करने में बीते प्रदेश सरकार के डेढ़ साल : सत्ती

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


जनसंपर्क अभियान के दौरान सतपाल सत्ती देवेंद्र कुमार भुट्टो के लिए वोट मांगते हुए।

कुटलैहड़ के भाजपा चुनाव प्रभारी एवं ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कुटलैहड़ के करीब आधा दर्जन पंचायतों में जैसे झलेड़ा, बदोली, कोटलाखुर्द, रायसरी, डठवाड़ा, नंगल सलंगडी आदि में कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो के पक्ष में प्रचार करके जनता से समर्थन मांगा। वहीं, सत्ती ने राज्य की सुक्खू सरकार को निकम्मी और मित्रों की सरकार की संज्ञा देते हुए नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज राज्य के सुक्खू सरकार की हालत उस प्रकार बनी हुई है, जैसे राज्य में छह सीटों पर नहीं, बल्कि 68 सीटों पर चुनाव हो रहे हो।

सत्ती ने कहा कि सुक्खू सरकार के डेढ़ वर्ष का कार्यकाल केवल मित्रों को खुश करने में ही बीत चुका है। आपदा पर केंद्र सरकार ने 1768 करोड़ आर्थिक सहायता प्रदान की, लेकिन सुक्खू सरकार और उनके नजीर हर दिन केंद्र सरकार को हर मंच से अभद्र भाषा का प्रयोग करके कोस रहे हैं।

सत्ती ने कहा कि श्रीराम मंदिर, धारा 370, दस करोड़ परिवारों को फ्री स्वास्थ्य सुविधाएं, 22 करोड़ परिवारों को फ्री गैस सिलेंडर देकर मोदी सरकार ने राहत प्रदान की है, इसलिए अब सभी हमारे भाजपा के कार्यकर्ता हर बूथ हर पंचायत से एक एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में डलवा कर नरेंद्र मोदी जी को मजबूती प्रदान करें। सत्ती ने कहा कि आज विपक्ष के कुछ नेता बोल रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बन रही और भाजपा गठबंधन हार रहा है। यह वे नहीं, बल्कि उनका भ्रष्टाचार बोल रहा है।

सत्ती ने विपक्ष पर चुटकी लेते हुए कहा कि कुछ विपक्ष जेल में और कुछ बेल पर चले हुए है। अब उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार तीसरी प्रधानमंत्री की पारी शुरू होने से डर लग रहा है, क्योंकि मोदी का सीधा फंडा है, न खाऊंगा और खाने दूंगा। जिन नेताओं ने भ्रष्टाचार करके हजारों करोड़ डकारे हैं, उन्हें अब जेल की हवाओं में जाने से डर लग रहा है।

वहीं, कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। भुट्टो ने कहा कि राज्य के सुक्खू सरकार का समय भी अब चंद दिनों का रह चुका है। जैसे ही चार जून को चुनावी परिणाम निकलेंगे, देश के साथ राज्य में भी भाजपा की सरकार बनेगी। भुट्टो ने कहा कि डेढ़ वर्ष के कार्य काल में राज्य सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है, जो सुक्खू सरकार जनता के बीच जाकर बताएं। केवल मित्रों को खुश करने के लिए सुक्खू सरकार ने राज्य का खजाना खाली करके डेढ़ वर्ष में 27 हजार करोड़ का कर्ज लेकर इतिहास बनाया है। इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम बबलू, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, मास्टर तरसेम सिंह, दीपक, अरुण मनकोटिया, सुदर्शन शर्मा, राजनीत राणा के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राकेश कालिया को लेकर हर किसी में दिखा जोश

**सन्नी पुरी, गगरेट**

गगरेट कांग्रेस की एकजुटता और युवा जोश के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की उपस्थिति में सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया के नामांकन पत्र दाखिल करने के उपलक्ष्य पर भंजाल में रखा गया कार्यक्रम ऐतिहासिक पलों का गवाह बना। राकेश कालिया को फिर से विधायक बनता देखने के लिए युवाओं में काफी जोश था। नामांकन-पत्र दाखिल करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में गगरेट कांग्रेस की एकता व युवाओं का जोश देखकर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी यह दावा कर गए कि गगरेट विधानसभा उपचुनाव में राकेश कालिया के रूप में कांग्रेस की जीत ऐतिहासिक होगी।

यह पहला मौका था जब सब पुराने गिले शिकवे मिटा कर गगरेट कांग्रेस के सब नए-पुराने कार्यकर्ता एक ही शामियाने के नीचे राकेश कालिया की जीत की प्रतिज्ञा लेने के लिए एक साथ दिखे। नए व पुराने कार्यकर्ताओं के चेहरे पर संतोष के भाव बता रहे थे कि इस बार हर कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी राकेश कालिया की जीत को अविस्मरणीय बनाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा देगा। उस पर युवाओं का जोश देखते ही बनता था। अहम बात यह थी कि राकेश कालिया को आशीर्वाद देने अपने सारे काम धंधे छोड़कर वे कार्यकर्ता भी पहुंचे हुए थे, जिन्होंने कांग्रेस को सींचने में उम्र लगा दी।

कार्यक्रम में कुछ ऐसे चेहरे भी नजर आए जो अक्सर विरोधी खेमे की रैलियों में ही नजर आते थे। इससे राजनीति के जानकार यह अनुमान लगा रहे हैं कि गगरेट का रण इस बार कांग्रेस बनाम भाजपा नहीं रहा है, बल्कि राकेश कालिया की ओर से इस बार चुनाव की सारी बागडोर आम जनता ने अपने हाथ में ले ली है। (अनंत ज्ञान)

> **यदि** हमारे बीच कोई शांति नहीं है, तो वह इसलिए क्योंकि हम भूल गए हैं कि हम एक-दूसरे से संबंधित हैं। -मदर टेरेसा

## संपादकीय

# फिर उठा पीओके का मसला

क्या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके वाकई भारत का हो जाएगा? इस सवाल का जवाब देना बेहद कठिन है। लोकतंत्र के महापर्व के बीच पीओके का मसला एक बार फिर जोर-शोर से उठ रहा है। पीओके में आजादी की मांग तेज हो गई है। वहां के निवासी आए दिन आटा, दाल, चावल व बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ पाकिस्तान सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। सब्सिडी देने की मांग को लेकर लोग हिंसक हो गए हैं। वह पाकिस्तान सरकार से इतने तंग हो गए हैं कि अब पीओके को भारत में विलय की मांग भी करने लग पड़े हैं। मुजफ्फराबाद और रावलकोट में तो पोस्टर तक लग गए हैं। कुल मिलाकर पीओके में हालत बेहद खराब हैं।

पाकिस्तान के लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर पीओके के बाशिंदे पाकिस्तान के खिलाफ इतने मुखर क्यों हो गए? लोग इन सब मसलों के पीछे पाकिस्तान में अस्थिर सरकार को सबसे बड़ी वजह बता रहे हैं। आर्थिक तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान अपने पैर पर खड़ा नहीं हो पा रहा है। उसे देश संभालना कठिन हो रहा है। दूसरी तरफ भारत पीओके पर कब्जे की बात कर रहा है। पाकिस्तान ने इसे साल 1947 में कब्जे में लिया था। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन इस स्थिति को पाकिस्तान नियंत्रित कश्मीर कहते हैं। पीओके पर भारत लंबे समय से दावा करता रहा है। एनडीए सरकार के शीर्ष मंत्री पीओके को भारत में मिलाने की कई बार बात कर चुके हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिसे वापस पाना हर भारतीय का लक्ष्य है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत पीओके पर दावा कभी नहीं छोड़ेगा, पर उसे बलपूर्वक भी कब्जा नहीं करना पड़ेगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि कश्मीर में विकास को देखने के बाद वहां के लोग खुद ही भारत का हिस्सा बनना चाहेंगे। केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि पीओके कभी देश से बाहर नहीं था। यह हमेशा से देश का हिस्सा रहा। देश की संसद में संकल्प पारित हुआ है कि पीओके भारत का हिस्सा है। फिर दूसरे लोगों का इस पर नियंत्रण कैसे हो गया? केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने कहा है कि पीओके अपने आप ही भारत में शामिल हो जाएगा। इसके लिए आपको बस थोड़ा सा इंतजार करने की जरूरत है।

अब ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि चुनावी समर के बीच ही यह मसला आखिर क्यों उठ रहा है? क्या भाजपा राष्ट्रवाद के नाम पर वोट हासिल करना चाहती है? पीओके को भारत में मिलाना इतना आसान भी नहीं है, जितना समझा जा रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक से भी बात नहीं बनने वाली। इसके लिए निश्चित रूप से पाकिस्तान से युद्ध ही करना पड़ेगा। अगर पाकिस्तान से युद्ध होता है तो उसमें चीन भी कूदेगा। दरअसल, पीओके दो हिस्सों में विभाजित है, जिसका एक हिस्सा गिलगिट बाल्टिस्तान के तौर पर जाना जाता है। यह 64,817 किलोमीटर वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है, जबकि दूसरा हिस्सा पीओके है और वह 13,297 किलोमीटर वर्गमीटर में फैला है। विशेषज्ञों के हिसाब से पीओके को हासिल करने के जो संभावित तरीके और रणनीतियां हैं, उनमें पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को तोड़ना, वहां बिजली और इंटरनेट जैसी बुनियादी चीजों को बाधित करना, अफगानिस्तान को इस्तेमाल करना और चीन के साथ शांति वार्ता आदि शामिल हैं।

पीओके भारत के लिए कई मायनों में बेहद अहम है। यह विभिन्न देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन के साथ सीमा साझा करता है। पीओके इसके अलावा ताजा पानी का भी बड़ा स्रोत माना है, जबकि वहां के मीरपुर और मुज्जफराबाद में सोना, कोयला, चॉक, ग्रेफाइट और बॉक्साइट जैसे प्राकृतिक संसाधन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। चीन ने मोटी रकम खर्च करके जो चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर तैयार किया है, वह भी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर जाता है। ऐसे में पीओके को हासिल करना भारत की संप्रभुता के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है। सरकार को जो भी निर्णय लेना हो सोच समझकर ही लेना होगा। ■

# स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम करने की आवश्यकता

सुप्रीम कोर्ट निजी अस्पतालों द्वारा आम जनता से उपचार के नाम पर की जा रही देशव्यापी लूट को लेकर इस साल दो बार सख्त टिप्पणियां कर चुका है। एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान पिछले महीने कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें निजी अस्पतालों में एकरूपता के साथ उपचार की दरें तय नहीं कर पाती हैं तो कोर्ट खुद सीजीएचएस यानी केंद्रीय कर्मचारियों के लिए निर्धारित दरों को देशभर में लागू करने के आदेश दे देगा।

दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि देश में हर साल 6.3 करोड़ लोग महंगे इलाज के चलते गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं, लेकिन देश के आम चुनावों में यह मुद्दा कहीं भी सुनाई नहीं दे रहा है। आरक्षण, संविधान बदलने और धार्मिक तुष्टिकरण, जातिगत जनगणना जैसे मुद्दे इस लोकसभा चुनाव में विमर्श का केंद्रीय विषय बने हुए हैं, जबकि जनसरोकार की राजनीति के लिए यह जरूरी था कि पक्ष-विपक्ष जन स्वास्थ्य को लेकर भी अपनी चिंताओं को लेकर वोटरों के बीच जाते। अमरीका, इंग्लैंड ,फ्रांस जैसे लोकतंत्र में स्वास्थ्य के अधिकार और सरकारों के प्रदर्शन पर चुनावी चर्चाएं खूब होती हैं, लेकिन हमारे देश में ऐसा नहीं होता है। इस मामले में हम किसी एक दल को दोषी नहीं ठहरा सकते हैं क्योंकि कोई भी दल शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य मूलभूत मुद्दों पर चुनावी राजनीति को आगे बढ़ाने में भरोसा नहीं रखता है।

कोरोना महामारी के दौरान देश के प्राइवेट अस्पतालों ने जिस तरह संगठित लूट का उदाहरण जनता के सामने प्रस्तुत किया था, उसके बाद यह आशा जगी थी कि सरकारें इस महत्वपूर्ण मसले पर नीतिगत रूप से आगे बढ़ेंगी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के ताजा रुख से स्पष्ट है कि देश में निजी अस्पतालों पर किसी का अंकुश नहीं है। स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए सीधे इस मामले में जवाबदेह भी राज्य सरकारें ही हैं। 15 साल पहले क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट बनाया गया, जिसमें निजी अस्पतालों के लिए विनियमित करने के प्रावधान थे, लेकिन अभी तक केवल 15 राज्यों ने ही इसे अपने यहां लागू किया है। नतीजतन देश की राजधानी दिल्ली से लेकर एनसीआर, हरियाणा, यूपी जैसे राज्यों में निजी अस्पताल आम आदमी के लिए लूट के अड्डे बन गए हैं।



लेखक : डॉ. अजय खेमरिया
वरिष्ठ पत्रकार

भारत को दुनिया का फार्मा हब कहा जाता है, लेकिन इसके बाद भी देश के लोग ब्रांडेड दवाओं के नाम पर महंगी दवाओं पर निर्भर हैं। इस मामले में एक पूरा इकोसिस्टम काम करता है क्योंकि भारत में अकेले दवाओं का कारोबार ही 2 लाख करोड़ का है। बड़ी कंपनियां पे रोल पर बड़ी संख्या में डॉक्टरों को अपने यहां रखती हैं, जो रिसर्च के नाम पर अलग-अलग बीमारियों के लिए ब्रांडेड दवाओं के लिए वातावरण बनाने का काम करते हैं। नतीजतन मोदी सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद जन औषधि केंद्रों के जरिये सस्ती दवाओं की उपलब्धता का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि देश के कुल पंजीकृत एलोपैथी डॉक्टरों का केवल 20 फीसदी ही सरकारी सेवाओं में है, यानी 80 फीसदी डॉक्टरों पर सरकार का कोई सीधा नियंत्रण नहीं है।

जाहिर है सस्ती दवाओं को प्रचलन में लाया जाना बगैर डॉक्टरों के संभव नहीं है। दूसरी तरफ करीब 800 ब्रांडेड दवाओं की कीमत पिछले दो साल में ही 15 फीसदी तक बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार के अधीन दवा मूल्य नियंत्रण प्राधिकरण ने ही दाम बढ़ाने की अनुमति दी है। कॉरपोरेट इंडिया की हालिया रिपोर्ट बताती है कि देश में स्वास्थ्य संबंधी महंगाई पिछले पांच साल खासकर कोरोना के बाद 14 प्रतिशत बढ़ गई है। वैश्विक रूप से देखें तो भारत में 63 प्रतिशत लोगों का खर्चा अपनी आमदनी के अनुपात में इलाज पर ज्यादा होता है, यानी लोग बगैर सरकारी मदद के अपना इलाज कराते हैं। इसमें खास बात यह है कि इस खर्च में 72 प्रतिशत खर्चा दवाओं और उपकरणों का होता है। यह तब है, जब भारत विश्व में दवाओं के निर्माण में अग्रणी देश है। देखा जाए तो सरकारें आज भी आम आदमी के स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार की मान्यता देने में बहुत ही पीछे हैं। संसद में सरकार ने खुद बताया कि भारत में एक साल में एक आदमी पर सरकारी खर्च महज अठारह सौ रुपए है, जबकि एक सांसद के ऊपर यह इक्यावन हजार आता है। नेशनल हेल्थ अकाउंट्स की रिपोर्ट बताती है कि विगत वर्ष कुल 5.96 लाख करोड़ जन स्वास्थ्य पर खर्च हुए, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर 2.42 करोड़ ही खर्च किए, शेष राशि देश के नागरिकों ने अपनी जेब से खर्च की है। बेशक मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत जैसी अच्छी योजना आरंभ कर करीब 11 करोड़ परिवार और 50 करोड़ लोगों को पांच लाख के स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया है, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि 50409 करोड़ खर्च करने के बावजूद महज 4 करोड़ 30 लाख लोग ही इसके जरिये प्रत्यक्ष लाभार्थियों में शामिल हुए हैं।

यहां भी ध्यान देने वाली बात यह है कि इस आंकड़े में दक्षिण के राज्य सर्वाधिक हैं, जहां पहले से ही जन स्वास्थ्य सुविधाएं शेष भारत से बेहतर हैं। जाहिर है देश में **स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में अभी बहुत बड़े पैमाने पर काम की आवश्यकता है**। आज भी निजी क्षेत्र के 71 प्रतिशत कर्मचारियों को अपने इलाज के लिए अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है, केवल 15 फीसदी कंपनियां ही अपने कर्मचारियों को बीमा कवरेज देती हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि 2023 में कामकाजी लोगों की संख्या 52.2 करोड़ है, जो 2030 में बढ़कर 56.9 करोड़ हो जाएगी। स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का प्रीमियम भी इस बीच लगातार बढ़ रहा है। कोरोना के बाद से इसमें 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का दावा है कि उपचार की लागत के साथ बीमा दावे भी बढ़ रहे हैं, इसलिए बढ़ते प्रीमियम ऐसे वर्ग की पहुंच से दूर हो रहे हैं, जो आयुष्मान या सीजीएचएस जैसे कवरेज में नहीं आते हैं। 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, बीमा पहुंच में 2.7 प्रतिशत से बढ़कर 4 पर आ गई है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में भारत में स्वास्थ्य बीमा की पहुंच आज भी बहुत कम है। दुनिया भर के लिहाज से भारत दूसरा सबसे कम बीमा कवरेज वाला देश है। एक महत्वपूर्ण पक्ष निजी बीमा कंपनियों का यह भी है कि करीब 70 फीसदी क्लेम के मामले कंपनियों द्वारा खारिज कर दिए जाते हैं या विवादित होकर वे अलग-अलग उपभोक्ता आयोग के पास पहुंचते हैं। हालांकि अधिकतर बीमा धारक तो विवाद की स्थिति में कानूनी सहायता से ही परहेज करते हैं, ऐसे में एक देशव्यापी स्वास्थ्य बीमा या गारंटी की आवश्यकता है, जो लोगों को अपनी जेब से खर्च को कम कर एक समावेशी स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करती हो।

2022 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार अगर कोई व्यक्ति सिर्फ बुखार से पीड़ित होकर सरकारी अस्पताल में भर्ती होता है, तो उसे 2,845 रुपए खर्च करने पड़ते हैं, वहीं प्राइवेट अस्पताल में यह खर्च 15,513 हो जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हाशिये पर जाती बहुजन समाज पार्टी

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपनी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक के पद से हटा दिया है। छह महीने पहले ही उन्होंने आकाश को धूमधाम से अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि आकाश तब तक उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं बन सकते, जब तक वे पूरी तरह परिपक्व नहीं हो जाते।

आकाश आनंद के पिछले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों में बसपा के प्रचार अभियान का मुख्य चेहरा थे। उनके भाषणों में भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) पर तीखे हमले किए गए थे। अप्रैल में सीतापुर में एक चुनावी रैली के दौरान कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था। मायावती को लगता है कि यह भाषण पार्टी द्वारा निर्धारित नियमों और नीतियों से मेल नहीं खाता था। मायावती के इस तरह के अचानक फैसले पहले भी देखे गए हैं, लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इसका पार्टी और उनके दलित आंदोलन पर क्या असर होगा। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने अपने परिवार को पार्टी से दूर रखा था और मायावती को उनके नेतृत्व कौशल के कारण ही अपना उत्तराधिकारी चुना था। इस रणनीति ने पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में अपने दम पर सत्ता दिलाई, जहां दलित समाज आबादी का लगभग 21 फीसदी हिस्सा हैं।

लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

हालांकि, मायावती बसपा को एक व्यापक बहुजन समाज की पार्टी के रूप में विकसित करने में विफल रहीं। पार्टी के कई संस्थापक नेता, जो ओबीसी, अल्पसंख्यक और दलित समुदायों का प्रतिनिधित्व करते थे, मायावती के नेतृत्व शैली से असंतुष्ट होकर पार्टी छोड़ गए। आज बसपा अपने पुराने अखिल भारतीय दलित संगठन के रूप में अपनी पहचान लगभग खो चुकी है, भले ही मायावती कहने को तो आज भी देश की सबसे बड़ी दलित नेता बनी हुई हैं। मायावती द्वारा बसपा के आंदोलनकारी चरित्र को नजरअंदाज करने और अपने परिवार के भीतर नेतृत्व को मजबूत करने के उनके फैसले ने पार्टी के विकास को नुकसान तो पहुंचाया ही है। दुर्भाग्य से, कई अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने भी यही रास्ता अपनाया है, जिनमें वे दल भी शामिल हैं, जो वैचारिक रूप से शक्तिशाली आंदोलनों से उभरे थे।

इसमें तमिलनाडु में द्रविड़ आंदोलनों से विकसित हुई डीएमके और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार की राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं, जो लोहियावादी समाजवादी परंपरा और मंडल राजनीति की विरासत का दावा करती हैं। बसपा के मामले में पार्टी के पतन को नए दलित नेताओं के उदय ने भी तेज किया है। पार्टी का वोट शेयर लगातार गिर रहा है। इस बात की संभावना कम ही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा उत्तर प्रदेश में कोई उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### है दुनिया की रीत


शिव सन्याल
जवाली, कांगड़ा

चिकने मुंह को चाटते,
मतलब के सब यार।
अपना उल्लू साध के,
करें पीठ पर वार।।
चिकने मुंह को चाटते, चापलूस लोग।
रहना इन से दूर है,
छुपे कई हैं रोग।।
चिकने मुंह को चाटते,
श्वान मिलेंगे पास।
जब तक टुकड़ा है मिले,
बन के रहते दास।।
बच के रहना ही भला,
करो नहीं विश्वास
चिकने मुंह को चाटते,
बन के अपने खास।।
धन दौलत है पास तो ,
सब बनते हैं मीत।
चिकने मुंह को चाटते,
है दुनिया की रीत।।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# प्रसिद्ध फिल्म निर्माता व निर्देशक

मृणाल सेन भारतीय फिल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक हैं। बंगाली, उड़िया, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में समान रूप से सक्रिय रहे मृणाल सेन भारत में समानांतार सिनेमा आंदोलन के अग्रणी माने जाते हैं। मृणाल सेन का जन्म पूर्वी बंगाल (अब बांग्लादेश) के फरीदपुर में हुआ। कोलकाता से भौतिक शास्त्र में पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने मेडिकल रिप्रेंजेंटेटिव, पत्रकारिता और साउंड रिकॉर्डिंग सरीखे कई काम किए। फिल्मों में जीवन के यथार्थ को रचने से जुड़े और पढ़ने के शौकीन मृणाल सेन ने फिल्मों के बारे में गहराई से अध्ययन किया और सिनेमा पर कई पुस्तकें भी प्रकाशित कीं। मृणाल सेन ने फिल्मों में निर्देशन की शुरुआत 1956 में बंगाली फिल्म 'रात भोरे' से की। बंगाली फिल्मों की तरह ही मृणाल सेन हिंदी फिल्मों में भी समान रूप से सक्रिय दिखे। मृणाल सेन को भारत सरकार द्वारा 1981 में कला के क्षेत्र में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया था। इसके अतिरिक्त 2005 में 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार भी प्रदान किया। उनको 1998 से 2000 तक मानक संसद सदस्यता भी मिली। फिल्मों के सृजन संसार को आजीवन समर्पित मृणाल सेन ने कई सम्मान और पुरस्कार बटोरे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म का 'राष्ट्रीय पुरस्कार' भी शामिल है, जो उन्हें चार बार मिला। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भी इन्हें कई पुरस्कार मिले। 2008 में उन्हें 'ओसियन सिने फैन फेस्टिवल' और 'इंटर नेसनल फिल्म फेस्टिवल' द्वारा 'लाइफ टाइम अचिएवेमेंट' सम्मान से सम्मानित किया गया।



मृणाल सेन
जन्म : 14 मई, 1923
मृत्यु : 30 दिसंबर, 2018

# धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में धर्म के आधार पर आरक्षण कैसे न्यायोचित ?

आरक्षण का मुद्दा दिखने में तो सिर्फ किसी को लाभ या किसी दूसरे को लाभ से वंचित रखने का मुद्दा लगता होगा। कभी-कभी राजनीति के हथियार के रूप में जनता को रिझाने तक सीमित दिखता होगा, पर असल गहराई में उतर कर देखें तो समझ आएगा, यह समता का आवश्यक प्रतिबिंब है। क्या समता के विकास पथ पर मैरिटोरीयस समता का दर्पण है। ध्यान केंद्रित करने पर पाओगे कि एक आईएएस का बेटा आईएएस की पढ़ाई में जिस सुविधा से लबालब होगा, एक किसान का बेटा उस सुविधा से वंचित होगा, तो फिर समता कहां रही। इसे आप इस रूप में भी ले सकते हैं यदि वह समुदाय जो सालों से हर सुविधा से वंचित रहा है और वह समुदाय जो अग्रगामी रहा, कैसे समता का आधार हो सकता है।

सामाजिक न्याय की गणना के बिना यदि सिर्फ मैरिटोरीयस को ही प्राथमिकता दी जाए तो समाज में कुछ लोग ही अग्रगामी रहेंगे, बाकी वर्ग पिछड़ते ही जाएंगे। एक बच्चे को उसके पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के आधार पर बचपन से ही शिक्षा के रूप में हर सुविधा उपलब्ध है, वहीं दूसरा बालक स्कूल से आने के बाद वह रोजी-रोटी के लिए कभी चाय की दुकान पर काम करता है, कभी खेत-खलिहान संभाल रहा है, तो जहां सुविधा से लबालब बच्चा बाहरवीं पास करके ही आईएएस की तैयारी शुरू करता है, वहीं अभावग्रस्त बच्चा अपनी बीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद आईएएस बनने की सोचता है, तो ऐसे में दोनों कैसे समता दर्शा सकते हैं। उसके लिए आरक्षण के रूप में आईएएस बनने का यदि मौका मिलता है तो वह अपने परिवार ही नहीं, अपने समाज को भी मुख्यधारा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि यह मौका पिछड़े वर्ग को न दिया जाए तो समाज कभी विकसित नहीं हो सकता। बस कुछ लोग ही मुख्यधारा में रह जाएंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि पिछड़े वर्गों में काबिलियत की कमी है, बल्कि मौका न मिलने से काबिलियत नहीं दिखा पाते हैं।



लेखिका : रीना भारद्वाज
रोहड़ू (जांगला)

संरक्षणात्मक भेदभाव से सकारात्मक समानता अपरिहार्य है। जाति, आर्थिकी, लिंग, धर्म आदि के नाम पर भेदभाव, सामाजिक भेदभाव है और सामाजिक न्याय किसी भी राष्ट्र की उन्नति में महत्वपूर्ण पहलू है।

महिलाएं गंभीर न सोच सकें या साहसिक कदम न उठा पाएं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि महिलाओं में काबिलियत नहीं है, बल्कि उन्हें मौका नहीं मिला। यह एक सामाजिक न्याय नहीं है। केरल में त्रवणकोर में निम्न जाति के साथ भेदभाव जिसमें पुरुषों को सिर का टैक्स व निम्न जाति की महिलाएं शरीर के ऊपरी हिस्सा खुला रखें या इसे डकने का टैक्स देना पड़ता था, जिसका नाम था ब्रेस्ट टेक्स, जो 1924 में खत्म हुआ। केले के पत्ते में टैक्स देना पड़ता था।

नांगिली (एजेवा जाति) से जिसने ब्रेस्ट टैक्स देने से मना किया, जब दबाव पड़ा तो नांगिली ने स्तन काट कर टैक्स के रूप में अर्पित किए। अगले दिन ही राजा को उस समुदाय को इस टैक्स से मुक्त करना पड़ा। नाडार जाति में भी ऐसा था, तो उन्होंने क्रिश्चियन धर्म अपनाया व महिलाओं ने कपड़े पहने। 1859 में दो महिलाओं को उनके ऊपरी हिस्सा डकने पर फांसी दे दी गई, विद्रोह के बाद इससे मुक्ति पाई। सामाजिक अन्याय के यह उदाहरण व समाज में अग्रगामी रहे समुदाय, कैसे समानता का दर्पण हो सकते हैं। वंचित वर्ग या समुदाय को मुख्य धारा में लाना समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है, इसलिए कुछ हद तक आरक्षण की अहम भूमिका है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि आरक्षण जिस रूप में, जैसा चल रहा है, यह त्रुटिपूर्ण नहीं है।

हमारे संविधान में आर्टिकल 15-16 में आरक्षण की सुविधा है। एससी 19 प्रतिशत, एसटी 10 प्रतिशत, ओबीसी 41 प्रतिशत आदि कोटा फिक्स है। जनरल ओबीसी कितने हैं, कोई पता नहीं है, 1931 के बाद जाति की गणना नहीं हुई। 1980 में मंडल आयोग ने 1931 की जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण है। आंकड़ों से ज्यादा आज मुद्दा यह है कि क्या आरक्षण तर्कसंगत है। एक बार आरक्षण का लाभ मिलने के बाद उच्च पद प्राप्ति के बाद वह परिवार कैसे वंचित वर्ग में आ सकता है।

एक व्यक्ति के आईएएस बनने के बाद पीढ़ी दर पीढ़ी संतानों का आरक्षण लेकर आईएएस बनना कैसे सामाजिक न्याय है। क्या इन्हें आरक्षण से बाहर करना आवश्यक नहीं है। क्या वोट की राजनीति निष्पक्ष आरक्षण अधिनियम लाकर त्रुटियों को बाहर का रास्ता दिखाने में सक्षम होगी। आरक्षण कितना आवश्यक और किस रूप में यह बहस सार्थक रूप में होना आवश्यक तब है, जब यह सही निर्णय तक पहुंचें। बार-बार जाति व धर्म के नाम पर आरक्षण का लाभार्थी कैसे आर्थिक तौर पर पिछड़ा हुआ रह सकता है। यदि आर्थिक स्थिति सही हो चुकी है तो फिर आरक्षण कैसे सामाजिक न्याय है। इस स्थिति में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में सही सोच की तरफ दिशा मोड़ना आज के सामाजिक न्याय की मांग है। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में धर्म के आधार पर आरक्षण कैसे न्यायोचित माना जा सकता है। पिछड़े वर्ग के अंदर भी अब आर्थिक आधार देखना अब न्याय संगत होगा, क्योंकि आजादी के इतने वर्षों बाद अब कई वर्ग मुख्यधारा के समकक्ष आ गए हैं। अब इस पर गहन बहस की आवश्यकता है कि किसे आरक्षण का लाभ मिले, क्योंकि आरक्षण का लाभ वह वर्ग ले रहे हैं जो दर्पण के आगे पहले ही मुख्य धारा में हैं या आ चुके हैं।

अत: सामाजिक न्याय में सात्विक सत्य का बोध परम आवश्यक है। राजनीति के अखाड़े में वोट बैंक बड़ा मुद्दा है, पर स्वच्छ राजनीति सत्य के बोध पर ही सिद्ध हो सकती है। सत्य अपने आप में इतना शाश्वत है कि वह सभी को अपनी ओर आकर्षित करने की ताकत रखता है। इसलिए आरक्षण के मुद्दे में भविष्य में खुशहाल भारत की परिकल्पना करते हुए शाश्वत सत्य को ही अपनाया जाना चाहिए, जो कभी वर्तमान स्थिति की तरह त्रुटिपूर्ण नहीं हो सकता।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**स्मार्टफोन** आपकी सुविधा के लिए है, पर क्या आपने नोट किया कि इन दिनों आप अपना अधिकांश समय मोबाइल फोन के साथ ही बिता रहे हैं। यह न केवल आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। तकनीक में बदलाव आने के साथ-साथ हमारे लाइफ स्टाइल में भी बहुत बदलाव आया है।

स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण ही हम उम्र से पहले ही कई बीमारियों में फंसते चले जाते हैं। इनमें आखें कमजोर होने से लेकर कई मेंटल और फिजिकल प्रॉब्लम शामिल हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका मोबाइल चेहरे पर आने वाली झुर्रियों का कारण भी बन सकता है? इतना ही नहीं यह आपके तनाव और एंग्जाइटी बढ़ाकर मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सेलफोन की लत से सिर्फ हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे हमारी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। एक्सपेरिमेंटल एंड क्लिनिकल साइंस की रिसर्च में साबित हुआ है कि सेल फोन की लत रिश्तों में लड़ाई के साथ काम पर ध्यान नहीं लगने का कारण हो सकता है। इस कारण हमें एक दिन में कम से कम दो घंटे ही इस पर बिताने होंगे। लोगों को मोबाइल फोन का चस्का सबसे ज्यादा कोरोना कॉल में पड़ा है।

**-डिपंल, अहजू**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

## पाठकों के पत्र...

**मैं** पिछले तीन महीने से 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र रोज पढ़ रही हूं। इस समाचार पत्र की सबसे अच्छी बात मुझे यह लगी कि इसमें जो भी समाचार प्रकाशित हो रहे हैं, उसमें निष्पक्षता दिखाई देती है। 'अनंत ज्ञान' में हमें पूरे हिमाचल के समाचार आसानी से मिल जाते हैं। प्रदेश में होने वाले चुनावों की कवरेज बेहतर है। 'चुनावी बिसात' के दो पेजों में पूरे प्रदेश की सियासत की जानकारी इन दो पेजों में भरपूर मिल रही है। छोटी से लेकर बड़ी राजनीतिक पार्टियों की सियासी हलचल भी नजर आती है। प्रथम पृष्ठ पर मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए शुरू की गई 'अनंत ज्ञान' अपील वाकई ही अलग तरह का प्रयोग है। मेरी और मेरे परिवार की तरफ से 'अनंत ज्ञान' टीम को शुभकामनाएं।

**मंजूबाला, थुरल, जिला कांगड़ा**

**आपसे** निवेदन है कि मैं जिला चंबा की कूंर पंचायत का निवासी हूं। महोदय हमारे इलाके की कई जनसमस्याएं आपके दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाई जाती हैं, लेकिन गांव में समाचार पत्र उपलब्ध न होने के चलते लोग अखबार नहीं पढ़ पा रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की कमी के चलते लोग ऐप का लाभ ही नहीं ले पा रहे हैं।

आपसे विनम्र आग्रह है कि ऐसी कोई व्यवस्था की जाए कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र कूंर पंचायत के निवासियों तक टाइम से पहुंच सके और लोग अखबार पढ़कर नई जानकारियां जुटा पाएं और अपने क्षेत्र की समस्याओं को आपके समाचार पत्र के माध्यम से सरकार व प्रशासन तक पहुंचा सकें।

**करतार ठाकुर, पूर्व उपप्रधान, ग्राम पंचायत कूंर, जिला चंबा**

**मैं** लंबे समय से नियमित रूप से 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र पढ़ रहा हूं। वैसे तो पूरा ही समाचार पत्र बहुमूल्य जानकारियों से भरा होता है, लेकिन समाचार पत्र के चुनावी बिसात के दो पृष्ठों में लोकसभा चुनावों एवं हिमाचल में हो रहे छह विधानसभा उपचुनावों की बहुत ही अच्छी कवरेज देखने को मिल रही है।

इन पन्नों में सभी राजनीतिक पार्टियों से संबंधित समाचारों को स्थान दिया जा रहा है। पूरी निष्पक्षता के साथ खबरों का संकलन और प्रकाशन किया जा रहा है। अखबार के प्रथम पृष्ठ पर राज्य के साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समाचारों को भी जगह दी जा रही है, जो कि सराहनीय है।

पेपर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें हर आयु एवं वर्ग के पाठकों के लिए जानकारियां मिल जाती हैं। पाठकों की प्रतिक्रियाओं एवं सुझावों को अगर स्थान मिल सके तो ज्यादा अच्छा। प्रथम पृष्ठ पर शुरू की गई पहल 'अपील' भी काफी अहम है।

**पवन कुमार, मटौर जिला कांगड़ा**

**मैं** दो माह से अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ रही हूं। इस समाचार पत्र में हिमाचल के महत्वपूर्ण समाचारों को सही स्थान देकर पाठकों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा रहा। खबरों का असर भी देखने को मिल रहा है और लोगों को समस्याओं से राहत मिल रही है। आपके द्वारा समाचार पत्र में सप्ताह के हर दिन दिए जा रहे स्पेशल कॉलम, जिसमें हेल्थ इस वेल्थ, अनंत सागर, एजुकेशन, महिलाओं के लिए जरूरी टिप्स और खासकर रेसिपी में दी जा रही महत्वपूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंच रही हैं, जिसके लिए मैं दैनिक समाचार पत्र का धन्यवाद करती हूं।

**सविता, नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा**

**मैं** अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ रही हूं। इस समाचार पत्र में मेरे को पूरी जानकारी मिलती है। मेरी आपसे गुजारिश है कि आप धार्मिक का एक पेज मंगलवार का प्रकाशित करते हैं। इस पर मेरी गुजारिश है कि आप चार पूरे पेज अखबार के साथ अलग से दें। कोरोना कॉल के बाद लोगों को धार्मिक चीजों की तरफ आस्था ज्यादा बढ़ी है। इस कारण आने वाले समय में ध्यान दें।

**मीनाक्षी, नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा**

पाठक अपने पत्र और सुझाव *editoranantgyaan@gmail.com* पर या 88945-21702 व्हाट्सऐप पर भेज सकते हैं।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### अच्छा काम करने वाले अधिकारी होंगे सम्मानित

**गोहर ।** नाचन विधानसभा क्षेत्र में आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से 'मा भी पाणा वोट' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के द्वारा सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस बार लोकसभा चुनाव में 81 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का लक्ष्य तय है। सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत 'मा भी पाणा वोट' अभियान का पहला चरण 17 मई, 2024 को महानाटी के साथ संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि अभियान का दूसरा चरण सोशल मीडिया पर चलाया जाएगा। लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ 10 बूथ लेवल अधिकारियों के लिए कुछ मानक तय किए हैं तथा अच्छे मानकों के आधार पर उन्हें प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया जाएगा।

### लोक अदालतें 29 जुलाई से 3 अगस्त तक

**मंडी ।** सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव विवेक कायस्थ ने दी। उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में हिमाचल प्रदेश से संबंधित लंबित मामलों की सुनवाई व उनका निपटारा किया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति का केस सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और वह उसका निपटारा इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहता है तो वह अपने वकील के माध्यम से विशेष लोक अदालत में लगवा सकता है। लोग इस विशेष लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

### बाबा हरदेव की स्मृति में मनाया समर्पण दिवस



**सरकाघाट ।** हरदेव सिंह की पावन स्मृति में 'समर्पण दिवस' का आयोजन सरकाघाट क्षेत्र की समस्त शाखाओं ने लोअर बरोट भवन में मनाया। इस समागम की अध्यक्षता सरकाघाट क्षेत्र संयोजक कृष्ण दास ने की। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं को याद किया। इस दौरान लोअर बरोट शाखा के मुखी लाल सिंह ने कहा कि संसार में अमन, शांति कायम करने के लिए युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने अनेक दिव्य संदेश दिए जिसमें निस्वार्थ लोक कल्याण की भावना निहित है। इस संत समागम में विशेष तौर पर क्षेत्रीय सेवादल संचालक रविंद्र कुमार, संचालक महाजन, शिक्षक सुदर्शन, लेखाकार रमेश भारद्वाज मौजूद रहे।

### ग्रामीणों को किया मतदान के लिए जागरूक




**सरकाघाट ।** सरकाघाट के ग्रामीण क्षेत्रों ढलवान, भांबला, आमलागलू, गुम्मू में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत नोडल अधिकारी कर्म सिंह पराशर की अध्यक्षता मे स्वीप टीम सरकाघाट ने स्थानीय लोगों को लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत बढ़ाने में युवा एवं नए मतदाताओं की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया की जिन युवाओं ने पहली बार अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाया है, वो युवा मतदाता लोकतंत्र को सफल व मजबूत बनाने में ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनवाए।

### पेंटिंग बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




**पधर ।** नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता मे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथेरी,राजकीय हाई स्कूल आरग और टीहरी बूथ में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। टिहरी बूथ में महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया शिविर मे स्थानीय लोगों को लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान का महत्व समझाया इस दौरान स्कूल मे बच्चों के लिए नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई। उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत बढ़ाने में युवा एवं नए मतदाताओं की अहम भूमिका है। इस दौरान उन्होंने मतदान में भाग लेने के लिए सभी उपस्थित प्रशिक्षु अध्यापकों को शपथ भी दिलाई।

### दसवीं की परीक्षा में शिवांश ठाकुर स्कूल में प्रथम

**सुंदरनगर ।** राजकीय उच्च विद्यालय सोहर मंडी में स्कूल शिक्षा दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जिसमें शिवांश ठाकुर ने 669 अंक लेकर प्रथम ,सारिका ठाकुर 627 अंक लेकर द्वितीय और करीना ठाकुर 614 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है मुख्याध्यापिका श्रीमती रेणु लता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल के विद्यार्थी शिवांश ठाकुर ने दो विषयों सामाजिक अध्ययन ,विज्ञान में सौ सौ अंक और गणित में 99 अंक हासिल किए। जो कि पढ़ाई को लेकर उनकी गहरी लग्न को दर्शाता है ।

### अभिलाषी शिक्षण समिति ने करवाया दंगल

**नेरचौक ।** अभिलाषी शिक्षण समिति नेरचौक द्वारा टांडा में हर वर्ष के भांति इस बार भी विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस विशाल महादंगल में देश के नामी पहलवानों ने अपने जौहर दिखाए। बड़ी माली में पंजाब के गामा पहलवान ने गोल्डाग के अमृतपाल को हराकर दंगल अपने नाम किया। जिसमें विजेता पहलवान को 35000 रुपए नगद और गुर्ज व उप विजेता पहवान को 30000 रुपए नकद इनाम दिया गया। वहीं छोटी माली में हनुमान अखाड़ा दिल्ली के रिंकू ने सोनीपत के रोहित को पछाड़ा। छोटी माली में विजेता रहे रिंकू पहलवान को 15000 रूपये नगद और उप विजेता पहलवान को 12000 रुपए नकद इनाम दिया गया।

# शहर में मुसाफिरों की सुरक्षा रामभरोसे, टूटे बेंचों से गिर रहे लोग

**अनिल शर्मा, मंडी**

▶ **नगर निगम मंडी कर रहा नए बेंचों का इंतजार**

मंडी शहर में मुसाफिरों की सुरक्षा राम भरोसे ही है। महामृत्युंजय चौक के पास बने रेन शैल्टर में टूटा बेंच पत्थर के सहारे मुसाफिरों का बोझ ढो रहा है। न जाने कब गिर जाए और मुसाफिर घायल हो जाएं।

ऐसा ही हाल इंदिरा मार्कीट के ऊपर रखे सीमेंट का बैंचों का है, जो लोगों का बोझ सहते-सहते जर्जर हो गए हैं, लेकिन किसी हादसे की इंतजार में नगर निगम प्रबंधन इन पर संज्ञान नहीं ले रहा है। गौर हो कि रेन शैल्टर में बेंच काफी दिनों से टूटा हुआ है और लोगों ने इसके नीचे पथर लगाकर इसे बैठने लाइक बनाया हुआ है, जो कभी भी खिसक सकता है। इसके नीचे गिरने से बैठने वाले को क्षति पहुंच सकती है। कई बार राहगीर इन पर बैठते ही गिर भी चुके हैं, लेकिन महीनों बीत गए अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है।

बता दें कि इसी बैंच पर बैठ कर लोग यहां से कोटली, देवधार, रिवालसर, पैडी आदि की ओर जाने के लिए लोग बसों का इंतजार करते हैं। दिन भर यहां राहगीरों की भीड़ लगी रहती है। स्कूली बच्चे भी यहां से बसों में आते जाते हैं। (अनंत ज्ञान)



टूटा हुआ सीमेंट का बेंच।

### टूटे बेंचों को जल्द ठीक करवाया जाए

शहर के लोगों मधु, जीतू, पारुल, अखिल, अनिता, विजय आदि ने मांग की कि शहर में जहां भी टूटे बेंच है उन्हें बदला दिया जाए, ताकि मुसाफिरों को कोई दिक्कत न हो। जो लोग रेन आते है उन्हें तो पता है कि यह टूटे हुए हैं, लेकिन जो पहली बार आते है वह बैठते ही गिर जाते हैं। लोगों ने कहा कि हमारी नगर निगम प्रबंधन से मांग है कि टूटे बैंचों को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए।

### खतरा बने सीढ़ियों पर लटके सरिए

मंडी बस स्टैंड की छत से नीचे आने वाले राहगीरों को छत से निकले सरिए जरा सी चूक होने पर सीधे उनकी आंख, मुंह या सीने को लहूलुहान कर सकते हैं। बता दें कि बस स्टैंड भवन की छत पर पार्किंग की व्यवस्था है, चालक अपने वाहन पार्क कर यहां से नीचे उतरते हैं। सीढ़ियों पर छत से निकले सरिए राहगीरों को क्षति पहुंचा सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि इन सरियों को सीढ़ियों की ओर मोड़ा गया है, जिससे यह और खतरनाक हो गए हैं। हालांकि इनको हटाने में खास खर्चा करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन एचआरटीसी ने सालों बाद भी इन्हें वहां से हटाया नहीं है।



सीढ़ियों पर लटके लोहे के सरिये।

जानकारी मिली है, मंडी नगर निगम में नए बेंच आते ही शीघ्र ही ठीक करवा दिए जाएंगे। जहां ज्यादा खराब स्थिति है वहां बेंच बदल दिए जाएंगे।
-माधुरी कपूर, उपमहापौर मंडी।

# खाद्य सामग्री के सैंपल फेल होने पर नौ को नोटिस

**पुष्पराज, मंडी**

▶ **30 दिन के अंदर मांगा जवाब, इसके उपरांत होगी कड़ी कार्रवाई**

गर्मियों के समय को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मार्च माह में कोल्ड ड्रिंक के सैंपल एकत्रित किए थे जिनकी रिपोर्ट में अनियमितता पाई गई। यह सैंपल मंडी, नेरचौक और सुंदरनगर से एकत्रित किए गए थे जिनमें से मैंगो ड्रिंक, ऑरेंज ड्रिंक, रोडोडेंड्रोन, ग्रीन एप्पल बीयर, मिक्स फ्रुट बीयर, चीज ड्रेसिंग जैसे खाद्य सामग्री मिस ब्रांडेड पाई गई। साथ ही बिस्कुट, ब्लैक विनेगर, रेड चिल्ली सॉस में भी अनियमितता पाई गई।



सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग एलडी ठाकुर ने बताया कि संबंधित लोगों को विभाग द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है जिसमें उनकी तरफ से 30 दिन के अंदर कोई जवाब नहीं आता तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।(अनंत ज्ञान)

### फूड सेफ्टी टेस्टिंग मोबाइल वैन से लिए जाएंगे सैंपल



**मंडी** शहर में अब जल्द ही फूड सेफ्टी टेस्टिंग मोबाइल वैन द्वारा खाद्य पदार्थ और सामग्री के सैंपल लेने शुरू हो जाएंगे। जिससे खाद्य सामग्री का मौके पर ही जांच हो जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 15 मई को इसके संचालन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक आयुक्त एलडी ठाकुर ने बताया कि मोबाइल वैन के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अप्लाई कर दी गई है, जिसे लगाने के बाद गाड़ी शहर में खाद्य सुरक्षा संबंधित सैंपल भी एकत्रित कर सकते है। मोबाइल वैन हेतु स्टाफ भी कि न्युक्ति का कार्य भी जारी है आचार संहिता के कारण स्टाफ पद ग्रहण नहीं कर सका। जून माह के पहले हफ्ते से इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि इन फूड सेफ्टी मोबाइल वैन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी वर्चुअल माध्यम से नेरचौक मेडिकल कॉलेज में दिखाई गई थी। जिसमें मंडी जिला को भी एक फूड सेफ्टी वैन उपलब्ध करवाई गई थी।

# मोदी राज में चरम पर पहुंची महंगाई : ब्रह्मदास चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महंगाई चर्म पर पहुंच गई है। कोई भी चावल 50 रुपए से कम प्रति किलो नहीं है। तेल पहले ही महंगा है और दालें 100 के पार पहुंच चुकी हैं। राजमा और मूंग 200 और डेढ़ सौ पार कर चुकी हैं।



ऐसे में पीएम मोदी को देश की जनता के सवालों का जवाब देना होगा कि महंगाई क्यों हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्रों के कर्जे माफ कर दिए और किसान मांग ही करता रहा।

आज देश की हालत यह है कि किसान सड़क पर आंदोलन कर रहा है और पीएम मोदी किसान आंदोलन को कुचलने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाते रहे हैं। किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम मूल्य नहीं मिल रहा है और भाजपा बड़े व्यापारिक कंपनियों से चंदा एकत्र कर रही है।

भारत में लोकतंत्र कमजोर किया जा रहा है, महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा है।

# 12वीं की परीक्षा में छाए जीनियस स्कूल के होनहार



**नेरचौक ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा कक्षा बारहवीं और कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें जीनियस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल नेरचौक का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में हर्षिता ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, आदर्श वर्मा ने 96.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा ओजश ठाकुर ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में अवनी रावत ने 93.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, मानसी शर्मा ने 89.8 अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा कनिका ने 85 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# कूलर के साथ लिपटे कूड़े को निकाला

**पुष्पराज, मंडी**




सफाई कर्मचारी कूलर के स्थान पर सफाई करते हुए।

महामृत्युंजय मंदिर के पास थनेहड़ा मोहल्ला को जाने वाले रास्ते पर नीलकंठ मंदिर के नीचे कूलर स्थापित किया गया है। शहर वासियों द्वारा इसकी व इसके आसपास साफ-सफाई न होने से पानी खराब होने का मामला समाचार पत्र की सुर्खियां बना। 'अनंत ज्ञान' द्वारा मामला मेयर विरेंद्र शर्मा के ध्यान में लाने के बाद उन्होंने तुरंत उस पर संज्ञान लिया। नगर निगम की सफाई टीम भेजकर कर कूलर व आसपास की साफ सफाई करवा दी।

वहीं कूलर को चारों तरफ से सुरक्षित रखने के लिए लोहे के जाले के अंदर बहुत ही बुरी तरह से कुड़ा पसरा हुआ था। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने सफाई कर्मचारियों को तुरंत कार्यवाही करने के आदेश दिए।

### गंदगी फैलाने पर 7 हजार का चालान

**मंडी ।** नगर निगम की टीम द्वारा वार्ड नंबर 14 बेहना वह वार्ड नंबर 15 धौंदीं चक्कर गुटकर वह नागचला का सफाई से संबंधित निरीक्षण किया गया। इन जगहों के सभी हॉटस्पॉट्स को चिन्हित किया गया है ।

वार्ड नंबर 14 बेहना में पीग फार्म के मालिक जिनके द्वारा वहां पर गदंगी फैलाने के दौरान लोगों की बहुत सी शिकायतें आ रही थी इस दौरान उनका 7000 रुपए का चालान किया गया।

# कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन करेगी माकपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट/मंडी**

मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी लोकल कमेटी की बैठक सोमवार को सरकाघाट और मंडी और 10 विधानसभा में आयोजन किया गया। सरकाघाट में कामरेड सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें लोकसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए इंडिया गठबंधन के घटक कंग्रेस पार्टी उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को समर्थन देने का निर्णय लिया गया।

पार्टी सचिव भूपेंद्र सिंह ने मीडिया को बताया कि माकपा राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और उसके चलते पार्टी ने मंडी लोकसभा सीट से इस बार अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है, ताकि भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा न हो पाए और भाजपा को हराया जा सके।

इस बार भाजपा को सीधी टक्कर देने के उद्देश्य से सभी राजनीतिक दल एक मंच पर इकट्ठा हुए हैं ।



भाजपा को हराने की रणनीति बनाते कामरेड।

### 13 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति का किया गठन

13 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति का गठन भी किया गया जिसमे भूपेंद्र सिंह प्रभारी,डॉक्टर विजय कौशल सयोंजक सुरेश को सह सयोंजक बनाया गया और दिनेश काकू, दिनेश ठाकुर, सुरेश शर्मा, सुरेश राठौर, बीडी शर्मा, मान सिंह, प्रमीला ठाकुर, रोशनी देवी, ऋत्विक ठाकुर, रणताज राणा को सदस्य बनाया गया।

# हमीरपुर की पलक बनी चेस चैंपियन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला मंडी शतरंज संघ ने सुंदरनगर में इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया । मुख्य अतिथि मठ मंदिर सराय के सचिव महेन्द्र शर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के उपाध्यक्ष जसवीर सिंह ठाकुर व अमित शर्मा के साथ जिला सिरमौर शतरंज संघ की महासचिव अमित कुमार शर्मा, जिला मंडी शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष नीरज शर्मा व मठ मंदिर समिति के प्रधान गोपाल शर्मा सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चीफ ऑर्बिटर राजकुमार शर्मा व हंसराज ठाकुर ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला शतरंज प्रतियोगिता में पलक ठाकुर हमीरपुर ने विजेता बनने पर ट्रॉफी व नगद पुरस्कार प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर रहीं श्रिया गुलेरिया ने नकद इनाम व ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर सूर्यांशी शर्मा ने पुरस्कार के रूप में राशि व टॉफी तथा चौथे स्थान पर रहीं योगिता ने राशि व ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप प्राप्त किए।वहीं अंडर 17 छात्रवर्ग जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रणब ठाकुर, शिवांश शर्मा व कनिष्ठ शर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अन्य वर्गों के विजेताओं ने भी इनाम हासिल किए।



विजेता बच्चे व अन्य प्रबंधकों के साथ।

# ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सामाजिक बुराइयों पर जताई चिंता



बैठक के दौरान वरिष्ट नागरिक सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय बैठक सरकाघाट में संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष अशोक अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता सरकाघाट इकाई के अध्यक्ष प्रकाश चंद चौहान ने की।

बैठक में विभिन्न जिलों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने सभी तरह की सामाजिक बुराइयों पर चिंता व्यक्त की तथा इनके ऊपर एक साथ मिलकर काम करने का निर्णय लिया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, महासचिव मेहर सिंह चंदेल, मंडी से रणपत राना, बिलासपुर से महासचिव मस्त राम वर्मा, चम्बा से बालक राम, राय सिंह कंबर, डॉक्टर सुरेश शर्मा सहित आदि ने भाग लिया।

# बगलामुखी माता मंदिर में विराजमान होंगी 6 देवियां

▶ **महाशक्ति के रूप में जानी जाती हैं ये देवियां**

**पंडोह ।** राजमाता बगलामुखी का प्राचीन मंदिर एक प्रमुख स्थल है। माता रानी का भव्य मंदिर पंडोह झील के किनारे बाखली गांव में स्थित है। गत सात वर्षों से इस गांव के बजाह स्थान पर माता राणी का भव्य, मनमोहक और अद्भुत कारीगरी का बेहतरीन प्रस्तुति माता का नवनिर्मित भंडार है।

माता राणी से मिलने के लिए 6 देवी बहनें मंगलवार को 'देव समागम' में उपस्थित हो रही हैं। ये 6 देवियां महाशक्ति के रूप में जानी जाती हैं। इनमें माता मैहणी, माता धारा नागिन, माता सोना सिंहासन, माता निशु पराशरी, माता घटासणी, और माता बुढ़ी बच्छावारण व इनके साथ सुखदेव मुनि थट्टा विराजमान होंगे।

# बाइक चोरी करने पर केस दर्ज

**सरकाघाट ।** उपमंडल धर्मपुर के भराड़ी स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता अमित कुमार पुत्र सुरेश कुमार गांव गड़दयाड़ा अल्याना डाकघर रोपड़ी तहसील सरकाघाट ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई ।उसने बताया कि वह प्रतिदिन रात को अपनी सामान्य ड्यूटी के बाद अपनी पल्सर बाइक को सड़क किनारे खड़ी करता था और आठ मई को वह अपने दोस्त की कार में ड्यूटी पर चला गया, लेकिन वापस आया तो उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी नहीं थी। डीएसपी संजीव गौतम ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।






## आक्रोश डीए की किस्त और एरियर न देने पर गरजे कर्मचारी

# विद्युत बोर्ड कर्मचारी करेंगे चुनावों का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

▶ **कर्मचारियों को पैंशन के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही**

▶ **15 दिन के भीतर पेंशनर संघ की मांगों को किया जाए पूरा**

जोगिंद्रनगर में विद्युत बोर्ड पैंशनर फॉर्म इकाई की मासिक बैठक सुरेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 100 से अधिक पैंशनर ने भाग लिया।

बैठक शुरू होने से पहले से सभी पैशनर कर्मचारियों के द्वारा स्वर्गीय रणजीत सिंह राठौर की आकस्मिक मृत्यु होने पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस बैठक में वक्ताओं ने अपने अपने विचार व मांगे अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर के समक्ष रखा। विद्युत बोर्ड इकाई वित्त सचिव काशी राम ने पेंशनरों को संबोधित करते हुए कहा की बोर्ड के कर्मचारियों के साथ हिमाचल सरकार ने हमेशा सौतेला व्यवहार किया है। प्रदेश में चाहे कांग्रेस की सरकार रही हो चाहे भाजपा की दोनों ही सरकारों ने हमेशा बोर्ड को खत्म करने कि कोशिश की। आज बोर्ड के कर्मचारियों को अपनी पैंशन पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। हर बार सरकार आश्वासन लोलीपॉप देकर बोर्ड कर्मचारियों को ठगती रही है।




इस दौरान बैठक में कर्मचारियों को सरकार द्वारा एरियर व डीए की किस्त न जारी करने पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने सरकार के रबरी पर दुख जाहिर करते हुए कहा कि सरकार का बोर्ड पर किसी तरह का नियंत्रण नहीं है जिसके चलते पेंशनरों को उनके अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं, सभी पैंशनर्स ने एक मत होकर ये निर्णय लिया कि 15 दिनों के भीतर यदि पेंशनर संघ की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाले चुनावों का पेंशनर संघ लोक सभा चुनावों का बहिष्कार करेंगी।

इस दौरान डीसी शर्मा व शेर सिंह ने विद्युत बोर्ड पैशनर संघ की सदस्यता ली। इस अवसर पर दान सिंह ठाकुर, एनआर वर्मा यूएस कटवाल मस्ताराम, नेक राम बैठक में मौजूद रहे।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में कृतिका और यामिनी ठाकुर प्रथम



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद लोग व अन्य अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, गोहर**

एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में 'मा भी पाणा वोट' थीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नान्डी और स्यांज में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई।

एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। एसडीएम ने बच्चों को अपने अभियान का ब्रांड एंबेसडर बताया। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। नान्डी स्कूल के पेंटिंग में दीपिका और प्रमिला, नारा लेखन में पुष्पलता और रोहित, भाषण में कुलदीप और अमृता क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे।

स्यांज स्कूल के पेंटिंग प्रतियोगिता में कृतिका और यामिनी ठाकुर, नारा लेखन में जया सोनी और दिव्या, भाषण में हतेशा वर्मा और डिंपल कुमारी क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। उन्हें एसडीएम गोहर द्वारा सर्टिफिकेट वितरित किए गए। स्यांज स्कूल की प्रिया ने मतदान के महत्व पर भाषण, सुमन ने कविता, रोहित ने पहाड़ी गीत, छात्रों ने मतदान पर नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वीप टीम सदस्य पवनजीत कश्यप, हेमराज, स्यांज स्कूल के प्रधानाचार्य यशपाल सहित आदि मौजूद थे।

# खड़ामुख-होली मार्ग पैदल यात्रियों के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

खड़ामुख-होली मार्ग एक महीने बाद फिर पैदल यात्रियों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया है। यात्रियों के लिए पैदल मार्ग बहाल होने के बाद यहां पर लोगों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है 16 अप्रैल के दिन यहां पर भारी लैंडसलाइड के चलते यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों व पैदल आवाजाही के लिए बंद हो गई थी। जिसके बाद यहां पर तहसील होली का संपर्क पिछले 1 महीने से दूसरी जगह से पूरी तरह कट चुका है। जिसके कारण यहां की हजारों की आबादी को कई मूलभूत असुविदों का सामना करना पड़ रहा है।



खड़ामुख-होली मार्ग पैदल यात्रियों के लिए बहाल होने का दृश्य।

सड़क बंद होने के चलते लोगों को वैकल्पिक रास्ते के जरिए एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचना पड़ रहा था जिसके लिए उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि वाहनों की आवाजाही के लिए मार्ग बहाल होने के लिए अभी और समय लग सकता है।

जानकारी के अनुसार यहां पर अभी तक लैंडस्लाइड जारी है । यह सड़क यहां पर चुनावी मुद्दा भी बनती जा रही है । यहां पर सड़क बहाल करने के लिए मशीन के जरिए जितना मालवा हटाया जा रहा है, उससे कई गुना ज्यादा मलवा ऊपर से और नीचे की ओर धंस रहा है। हालांकि इस सड़क के लिए जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना द्वारा जूलॉजिकल सर्वे टीम को भी यहां पर बुलाया गया है।

सड़क बंद होने के चलते तहसील होली के हजारों लोगों को संपर्क पिछले एक महीने से पूरी तरह से कर चुका है।

# सेवा संकल्प समिति ने की जरूरतमंदों की सहायता

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

संस्था सेवा संकल्प समिति की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष चंद्रमणी वर्मा की अध्यक्षता में समिति कार्यालय सरकाघाट में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष ने गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समति ने एक वर्ष में समिति द्वारा जरूरतमंदों को 35 लाख 58 हजार रुपए उनके खाते में डाले है और यह क्रम लगातार चल रहा है।

इस माह भी शनिवार को करीब 20 गंभीर बीमारियों से ग्रसित गरीब जरूरतमंदों के खाते में 116 हजार डाले गए है। इस मौके पर राकेश पंकज, डॉ. विजय कुमार शर्मा, जगदीश जम्नाल ,ललित जंवाल, ध्यान सिंह चौहान राधा लाल, प्रेम सिंह ठाकुर, राम प्यारी, केसी ठाकुर, रघुवीर सिंह, राजकुमार शर्मा, पीसी ठाकुर, वीर चंद वर्मा, ओम प्रकाश, नानक चंद शर्मा, रमेश चंदेल उपस्थित थे।



जरूरतमंदों की सहायता करते हुए समिति के सदस्य।

# सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत



मामले की जांच करती पुलिस।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर त्रिलोचन महादेव के समीप रविवार रात एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से बाइक सवार के मौके पर ही मौत हो गई है। बाइक सवार कुलविंद्र कुमार पुत्र हरो राम आयु 30 वर्ष ग्राम ढकोग पंचायत दुर्गेठी का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार युवक देर शाम चंबा से घर की तरफ वापस आ रहा था। सुबह लोगों ने देखा कि मोटरसाइकिल नंबर एचपी 46 3750 धरवाला से आगे त्रिलोचन महादेव के समीप सड़क पर गिरी हुई पड़ी थी। जिसकी सूचना लोगों ने सोशल मीडिया पर डाली और पुलिस चौकी गैहरा की ओर से भी सूचना मिलते ही यहां पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंच गई। छानबीन के बाद पाया गया कि उक्त बाइक 6 महीने पहले ही कुलविंद्र पुत्र हरो राम निवासी ढकोग ने खरीदी थी। यह घटना रात 12:00 के बाद की बताई जा रही है। घटना के वक्त युवक लगभग 100 फीट गहरी खाई में गिरने के बाद रावी नदी में जा गिरा और घटना स्थल से लगभग 500 मीटर आगे जल शक्ति विभाग के पावर हाउस के पास उसका शव रावी नदी से बरामद भी कर लिया गया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। घर वालों व रिश्तेदारों की माने तो कुलविंद्र की सितंबर महीने में शादी भी तय हो गई थी जिसकी तैयारियां चली हुई थी।

थाना प्रभारी भरमौर हरनाम सिंह ने कहा कि हादसे के कारणों की सभी एंगल से जांच की जा रही है।

# डीसी मुकेश ने विजय शर्मा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षण एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम की निरंतरता में आज बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला के चुनाव आईकॉन पदमश्री विजय शर्मा को शॉल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं एवं जिलावासियों से एक जून को मतदान करने का विशेष आग्रह किया।

विजय शर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। सभी लोगों को अपना मन पसंद प्रत्याशी और सरकार चुनने का अधिकार है। साथ हीं उन्होंने कहा कि लोग अकारण ही अपने बहुमूल्य मत का कई बार प्रयोग नहीं करते हैं।

राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन को लेकर उन्होंने सभी जिला वासियों से मतदान के महत्व को समझकर एक जून को अधिक से अधिक संख्या में मतदान का आग्रह किया।



गाने का विमोचन करते डीसी और (इनसेट में) विजय शर्मा को सम्मानित करते हुए।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान संगीत प्रवक्ता गुलशन पाल द्वारा लिखित गीत का विमोचन भी किया। सहायक आयुक्त पीपी सिंह , एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश संख्यान सहित काफी संख्या में मतदाता इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

# चुराह में देवदार के दो दर्जन स्लीपर बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, तीसा**

चुराह के तीसा बीट में वन विभाग ने दो अलग-अलग जगह पर देवदार की लकड़ी जब्त की है। जानकारी के अनुसार तीसा बीट के गांव गुवाड़ी सनवाल में नौ स्लीपर देवदार और दो चील के स्लीपर वन विभाग ने जब्त किए हैं। वन विभाग ने आरोपी राजदीन पुत्र गनियां को लकड़ी के परमिट दिखाने को कहा है।

वहीं दूसरा मामला तीसा बीट में वन विभाग ने खेतों में मिट्टी में दबाई आठ ठेला लकड़ी के बरामद किए हैं, जिसमें वन विभाग ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपीयों में मंगतू राम पुत्र हल्फा जगदीश पुत्र प्रभदयाल भगत पुत्र पुत्र पांजाराम के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

आरओ अजय कुमार ने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि दो अलग-अलग जगह पर लोगों ने अवैध तरीके से लकड़ी काटी है। जिस पर वन विभाग की टीम ने मौके पर जाकर देखा तो वहां पर एक जगह नौ स्लीपर देवदार और दो स्लीपर चील के तो वहीं पर दूसरी जगह आठ ठेला लकड़ी के बरामद किए हैं। जो आरोपियों ने खेतों में मिट्टी के नीचे दबाए हुए थे।



आरोपियों से बरामद लकड़ी।

उन्होंने कहा है आरोपियों के खिलाफ वन विभाग के एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मुख्य मार्ग पर गड्ढे दे रहे हादसे को न्योता

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

बारिश ने जहां एक तरफ बीते कुछ दिनों से हो रही गर्मी से निजात दिलाई तो वहीं दूसरी ओर बारिश ने एनएच 154 ए पर स्थित एनएचपीसी चौक के साथ लगते पर खेरी पुल के पास बड़े-बड़े भारी गड्ढे पानी से भरे तालाब में तब्दील हो गए हैं। जिससे आने जाने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

बताते चलें कि एनएचपीसी ने जहां एक और अपने नाम से बीच रास्ते में बड़े-बड़े होल्डिंग टांग कर अपने नाम की ब्रांडिंग तो कर दी किंतु रास्ते पर पड़े भारी गड्ढे दिखाई नहीं दिए जिसका आने जाने वाले राहगीर तथा वाहन चालक परेशानी का सामना उठा रहे हैं।

काबिले गौर है कि खेरी पुल से वाया पद्दर मुख्य बाजार का रास्ता भी बीते कुछ समय पहले एनएचपीसी द्वारा तैयार करवाया गया था जो मौजूदा समय में ऐसा लगता है रास्ते में पड़े गड्डे न हो बल्कि बड़े-बड़े गड्ढों के बीच रास्ता हो जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार एनएचपीसी प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन को भी अवगत करवाया है किंतु नतीजा ज्यों के त्यों ही है।



खस्ताहाल सड़क जिससे लोगों का गुजरना मुश्किल हो रहा है।

आपातकालीन स्थिति में पीएचसी बनीखेत से अगर टांडा मरीज को रेफर किया जाए तो इसी ही रास्ते से होकर जाना पड़ता है और अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन गड्ढों में जब एंबुलेंस गुजरती होगी तो अंदर एंबुलेंस में मरीज का क्या हाल होता होगा। इसलिए स्थानीय गणमान्य ग्राम वासियों एनएचपीसी प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द खैरी पुल से वाया पद्दर मुख्य बाजार बनीखेत का रास्ता दुरुस्त करवाया जा सके ताकि आम लोगों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं का समाधान हो सके।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज का डीसी ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपातकालीन वार्ड से लेकर चिकित्सालय के अन्य वार्डों में जाकर मरीजों से बातचीत की।

जहां पर उन्हें किसी प्रकार की कमी नजर आई तो उसे सुधारने के लिए चिकित्सालय प्रबंधन को दिशा निर्देश भी जारी किए। आपातकालीन कक्ष में एक बिस्तर पर दो-दो मरीज उपचाराधीन थे। इसको लेकर उपायुक्त ने चिकित्सा अधीक्षक को आपातकालीन कक्ष में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने को कहा। साथ ही वहां पर मरीजों की आवश्यकता अनुसार सभी प्रकार की दवाइयां भी उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय चंबा में रोगियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना प्रबंधन का पहला दायित्व है। जिसमें कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी निरीक्षण से पूर्व दिए गए दिशा निर्देश पूर्ण होने चाहिए अन्यथा अगले निरीक्षण विभागीय प्रबंधन को उचित कार्रवाई से गुजरना होगा।

इस मौके पर सहायक आयुक्त पीपी सिंह, पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ विशाल सहित कई पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# गोह के अंगों सहित दो आरोपी किए गिरफ्तार

**आरके रांगड़ा, चंबा**

खजियार मार्ग पर वन विभाग की टीम ने नाकाबंदी के दौरान संरक्षित वन्य जीव गोह (मॉनीटर लिजार्ड) के चार हथा जोड़ी सहित बाहरी राज्य के दो व्यक्तियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। वन विभाग की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ आरंभ कर दी है।

गौर हो कि वन विभाग चंबा ने तस्करी मामले में मिली गुप्त सूचना पर खजियार मार्ग पर नाका लगा हुआ था। उसी दौरान वहां से गुजर रहे बाहरी राज्य के वाहन को निरीक्षण के लिए रोका गया। जिसमें विभागीय दल जब वाहन की तलाशी ली तो वाहन से वन्य जीव गोह के चार हथा जोड़ी बरामद की। जिस पर वाहन में तत्काल मौजूद दो व्यक्तियों को वन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी। वन विभाग चंबा द्वारा दोनों आरोपियों को रिमांड हेतु न्यायालय में पेश करने में विभाग जुट गया है।



घोह के बरामद अंग।

यह पहला मामला है जिसमें वन्य जीव गोह के चार हथा जोड़ी सहित आरोपी विभाग द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। वहीं इस मामले के प्रकाश में आते ही विभाग अलर्ट होने सहित समस्त फील्ड कर्मचारियों को इस दिशा में छानबीन करने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। ताकि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की धड़पकड़ की जा सकें। मान्यता है कि इसे घर में रखने से सुख समृद्धि आती है। जिसके लिए की लोग इसकी तस्करी कर रहे हैं।

## आरोपियों से पूछताछ जारी

**वन** मंडल अधिकारी चंबा कृतज्ञ कुमार ने बताया कि गोह सुरक्षित वन्य प्राणी की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि आरोपी हथा जोड़ी को कहां से लेकर आए हैं।

# हिमाचल ग्रामीण बैंक ने दी दो लाख की बीमा राशि

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक जोगिंद्रनगर द्वारा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपए की राशि मृतक की पत्नी रामकली पत्नी स्वर्गीय रवि सिंह को सौंपी। मृतक स्वर्गीय रवि सिंह की धर्मपत्नी ने बताया कि वे गांव मसौली के स्थाई निवासी हैं तथा कुछ समय पूर्व बीमारी के चलते उनके पति का स्वर्गवास हो गया था।

इस मौके पर ग्रामीण बैंक शाखा जोगिंद्रनगर के शाखा प्रबंधक संदीप जमवाल ने चेक सौंपा। इस मौके पर बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य प्रेमलता, गंगा राम, विशाल शर्मा, अजय शर्मा, बालक सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# कश्मीरी मोहल्ले में आ रही गंदे पानी की सप्लाई, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्यालय के चौगान वार्ड अधीन कश्मीरी मोहल्ले में गंदा पानी आने से लोग पेट की बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने जल शक्ति विभाग चंबा में शिकायत दर्ज करवाई है। जिस पर विभाग ने मोहल्ला वासियों को पाइप लाइन का निरीक्षण करवाने का अश्वासन दिया है।

गौर हो कि गत माह जहां वार्ड हटनाला व जनसाली में दूषित पेयजल का मामला प्रकाश में आया था। वहीं अब चौगान वार्ड में भी पिछले कुछ दिन से नलों में गंदे पानी की सप्लाई आ रही है। हालांकि गत वर्ष ही बरसात के दिनों में भूस्खलन होने पर मोहल्ला कश्मीरी में नई पाइप लाइन डाली गई। जिसकी वजह पुरानी पानी लाइनों का जंग लगने लीकेज हो रहा था, लेकिन लाइन बदलने के बाद भी मुख्य लाइन की उस दौरान जांच नहीं हो पाई। जिस कारण पाइप लाइन में गंदा पानी आ रहा है।

जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता जितेंद्र शर्मा ने बताया कि कश्मीरी मोहल्ले में दूषित पेयजल सप्लाई आने से स्थानीय लोगों ने उन्हें अवगत करवाया था। जिसके तहत मोहल्ला कश्मीरी में पेयजल पाइप लाइन का निरीक्षण करने के आदेश जारी कर दिए है।

## सूडोकु 0062 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0061 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

# मतदान जागरूकता के लिए मंडयाली गीत लांच

**अनंत ज्ञान, गोहर**

एसडीएम गोहर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नाचन लक्ष्मण सिंह कनेट ने आगामी एक जून को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता के लिए सोमवार को एक गाना जारी किया। नाचन विधानसभा में मतदाता जागरूकता अभियान 'मा भी पाणा वोट' के अंतर्गत व्यवस्थित स्वीप कार्यक्रम के नोडल अफसर पवनजीत कश्यप द्वारा लिखित और गाया हुआ गीत 'सुण लौ सारे मंडियां दे वोटरो वोट देणा जरूर' गाने का वीडियो जारी किया। इस मौके पर उन्होंने साथ ही कहा कि नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता आगामी एक जून को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

उन्होंने बताया कि इस गाने को स्वीप टीम नाचन के नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप लिखा और गाया है। प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने गीत के संगीत को व्यवस्थित और रिकॉर्ड किया है। उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता पर आधारित इस गाने को एसडीएम गोहर और स्वीप नाचन के फेसबुक पेज के अतिरिक्त यूट्यूब चैनल पर भी देखा जा सकता है।

एसडीएम ने बताया कि इससे पहले भी स्वीप टीम द्वारा दो मतदान गीत तैयार किए गए थे जो पिछले महीने लांच किए गए थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाषा मे तैयार गीत और कार्यक्रम आसानी से लोगों को कनेक्ट करते हैं। इसी वजह से नाचन में 'मा भी पाणा वोट' थीम के आधार पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



मतदाता जागरूकता के लिए 'सुण लौ सारे मंडियां दे वोटरो वोट देणा जरूर' मंडयाली गीत को लांच करते हुए एसडीएम गोहर

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

14 मई, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** सप्तमी: (4:21 : **नक्षत्र :** पुष्य (1:05), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** गण्ड (7:24) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (3:41-05:22)।

### विशेष दिन

- 14 मई 2024 : गंगा सप्तमी आज।
- 14 मई 2024 : चित्रगुप्त जयंती आज।
- 14 मई 2024 : वृषभ संक्रांति आज।

**मेष:** दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। नए कारोबार में लाभ की आशंका कम है। माता-पिता के स्वास्थ्य में लाभ होगा। करियर में निराश न हो, समय जरूर बदलेगा।

**वृषभ:** आपके काम करने के तरीकों में सुधार की जरूरत है। आज धनागमन सहज होगा। लाभ होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। कारोबार में विवाद शांत होंगे। समय बदलेगा।

**मिथुन:** कार्यस्थल पर स्थिति आप के पक्ष में बनेगी। परिवार में बुजुर्गों को स्वास्थ्य समस्या बढ़ेगी। नौकरी में विवाद शांत होंगे। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कर्क :** अपने पराए में फर्क समझें। आज की दिनचर्या नियंत्रित रखें। बोलने से पहले विचार करें। किसी दूर के मित्र से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**सिंह :** कम बोलें पर अच्छा बोलें। शत्रु भी प्रशंसा करेंगे। बाहरी विवादों का असर परिवार पर न होने दें। वैवाहिक जीवन में शांति बनी रहेगी।

**कन्या :** सोच के परे कार्य होने से परेशानी बढ़ सकती है। कार्यस्थल का वातावरण पक्ष में होगा। विवादों में मौन रहना ही लाभदायक होगा।

**तुला:** नौकरी में अशांति का वातावरण बनने के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। फिजूल खर्च बढ़ेंगे। धोखा होने की आशंका है। पुराने रोग उभरने की संभावना है।

**वृश्चिक:** दिन चिंताजनक व्यतीत हो रहे है। मानसिक पीड़ा हावी रहेगी, पर इष्टबल पर मजबूत रखें। आर्थिक निवेश से लाभ के आसार हैं। संतान के स्वास्थ में सुधार होगा।

**धनु :** दिन की शुरुआत आनंददायक रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात से लाभ के योग हैं, जो शुभ रहेगा। यात्रा के योग है। स्वास से सम्बंधित रोग से ग्रसित रह सकते है।

**मकर:** वचारों में बदलाव करना पड़ेगा। सुख शांति चाहते हैं तो स्वयं के व्यवहार को बदलना पड़ेगा। मुश्किल है, पर नामुमकिन नहीं। लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**कुंभ :** अपने आप पर विश्वास रखें, दूसरों के भरोसे न रहें। आलस्य से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। सजग रहें सतर्क रहें। स्वास्थ्य ठीक होगा, व्यय बढ़ेंगे।

**मीन:** दिनचर्या में बदलाव लायें यश कीर्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ बढ़ेगा। संतान पर ध्यान रखने की आवश्यकता है। अपने व्यवहार में नम्रता लाने की आवश्यकता है।

**लापरवाही** बेपरवाह होकर निजी संस्थान हरे-भरे पेड़ों को कर रहे छलनी

# पेड़ों पर होर्डिंग लगाना क्या लाजिमी है?

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जहां एक और पूरा देश प्रकृति के संरक्षण एवं बचाव की बात करता है, तो वहीं दूसरी और कुछ लोग अपना नाम चमकाने और अपने आप को दूसरों से सर्वश्रेष्ठ दिखाने के चक्कर में हरे भरे पेड़ों पर बड़ी-बड़ी किले ठोकर अपने ब्रांड की होर्डिंग टांग रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला बनीखेत के साथ लगते खेरी पुल पर देखने को मिला जहां सड़क किनारे छायादार पेड़ पर लंबी किले ठोकर कि निजी शिक्षण संस्थान द्वारा अपने नाम को चमकाया जा रहा है।

## उच्च अदालत ने भारी जुर्माना एवं सजा का रखा है प्रावधान

हालांकि इसको लेकर माननीय उच्च अदालत ने भारी भरकम जुर्माना एवं सजा का भी प्रावधान रखा है बावजूद इसके भी बेहोश एवं बेपरवाह होकर इस निजी संस्थान द्वारा अपने आप को चमकाने हेतु हरे भरे पेड़ को छलनी करने से पहले दया भाव नहीं दिखा।

वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण सहित कई जागरूकता कार्यक्रम चलाएं जा रहें, लेकिन विभाग की नाक तले कई संस्थानों द्वारा वन अधिनियम को धचा दिखा कर पेड़ों की सीना छलनी करने पर उतारू हैं। इस संदर्भ में वन विभाग अधिकारियों से जब प्रतिक्रिया लेनी चाही तो आचार संहिता लागू होने का हवाला देते हुए इस विषय कनी काटते हुए जल्द कार्यवाही करने की बात कह पला झाड़ रहे हैं।




पेड़ पर लगा हुआ होर्डिंग, नियमों के खिलाफ है।

वहीं स्थानीय पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवियों ने उक्त निजी संस्थान पर भारी जुर्माना एवं सजा की मांग की है ताकि और लोगों को भी सबक मिल सके ताकि वह पर्यावरण के भक्षक न होकर रक्षक सिद्ध हो सके। (अनंत ज्ञान)

# मत का प्रयोग करना जिम्मेदारी से ज्यादा दायित्व : सक्सेना

## रथ मैदान में कार्यक्रम आयोजित, मुख्यातिथि प्रबोध सक्सेना ने जिला स्वीप आइकनों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय ढालपुर के रथ मैदान में जिला निर्वाचन कार्यालय कुल्लू द्वारा स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सोमवार को आयोजित इस स्वीप कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार प्रबोध सक्सेना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्वागत डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कुल्लवी परंपरा के अनुसार कुल्लवी टोपी और शॉल पहना किया। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं अन्य अतिथियों ने वंदे मातरम का गान का कार्यक्रम का आगाज किया। इसके बाद जिले के स्वीप आइकनों को मुख्यातिथि के द्वारा टोपी और स्मृति चिन्ह के तौर पर सुंदर कप भेंट कर सभी का अभिनंदन किया। इसके बाद चुनाव में मतदान के प्रयोग के लिए प्रेरित करते गीत का विमोचन भी मुख्यातिथि के द्वारा किया गया, साथ ही मतदाताओं को भी जागरूक करती वीडियो का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्यातिथि ने लोकतंत्र की मशाल को डीसी कुल्लू के हाथों में सौंपकर स्वीप कार्यकर्ताओं को रवाना किया। इस स्वीप कार्यक्रम को जीवंत कुल्लू, जीवंत लोकतंत्र के थीम पर आयोजित किया गया और साथ ही इस कार्यक्रम के माध्यम से आसरा वोट, आसरा अधिकार लोकसभा चुनाव -2024 का संदेश भी प्रसारित किया गया। इसके बाद एक नुक्कड़ नाटक पेश कर समाज में मतदान के प्रति लोगों के रवैये को कलाकारों ने अपने खूबसूरत अभिनय से पेश किया साथ ही उपस्थित जनता को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश, एडीसी अश्विनी कुमार, एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, एसी टू डीसी शशि पाल नेगी, जिला पर्यटन अधिकारी सुनैना शर्मा, जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी कविता ठाकुर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नरेंद्र शर्मा सहित बहुत से अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला स्वीप आइकन को सम्मानित करते मुख्यातिथि प्रबोध सक्सेना।

### अधिकारी कार्यो का ईमानदारी से करें निर्वहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार प्रबोध सक्सेना ने कुल्लू में अधिकारियों के साथ बहुउद्देशीय सभागार में लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए चुनावी प्रक्रिया में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अक्षर पालन सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वे अपने कार्यों का कर्तव्य-निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पोलिंग अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिले में कुल 3 लाख 34 हजार 331 मतदाता हैं 10 हजार 78 सेवारत मतदाता 3448 दिव्यांग मतदाता है। जिले में 575 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे तथा इनमे से तीन मतदान केंद्र संवेदनशील श्रेणी में आते है। जिले में मतदान पक्रिया को पूरा करने के लिए 2300 अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की जानी प्रस्तावित है। जिले में 55 मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी प्रस्तावित है, जबकि तीन मतदान केंद्रों पर माइक्रो ओब्जर्वेशन की तैनाती प्रस्तावित है।



# जिस पार्टी को खून-पसीने से सींचा, उसी ने दिया धोखा: मार्कंडेय

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरे डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि जिस पार्टी को 21 साल अपने खून पसीने से सींचा उसी पार्टी ने धोखा देकर हताश व निराश कर दिया।

सोमवार को डॉ. मार्कंडेय ने केलांग में पूरे दल बल के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने शक्ति प्रदर्शन भी किया, जिसने दोनों बड़े दलों की चूलें हिलाकर रख दी। केलांग में उन्होंने रैली निकाली और उसके बाद चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उनका एक मात्र उद्देश्य लाहौल-स्पीति की जनता का विकास करना है। कुल्लू के नेताओं को लाहौल-स्पीति की अधिक चिंता है, लेकिन जनता कुल्लू के नेताओं का लाहौल-स्पीति प्रेम समझ गई है। लोगों ने इस कार्यक्रम में आकर मेरा हौसला बढ़ा दिया है। उन्होंने स्पीति से आए 82 लोगों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि स्पीति में कांग्रेस किस मुंह से वोट मांगेगी क्योंकि स्पीति में कांग्रेस ने 800 मजदूरों को रोजगार से बाहर निकाला है, लेकिन मार्कंडेय उन मजदूरों के साथ खड़ा है। (अनंत ज्ञान)


लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरे डॉ. रामलाल मार्कंडेय लोगों के साथ।

### मार्कंडेय बनकर घर-घर में जाएं, मतदान की करें अपील

इस दौरान मार्कंडेय भाषण देते हुए मंच पर भावुक होकर रो पड़े और कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास किया है। पर्यटन को बढ़ावा दिया है जो लाहौल के लोगों की भाग्य रेखा बन गई है। आईटी मंत्री रहते हुए मैंने जिले के लिए टावर क्षेत्र स्वीकृत करवाए, जिससे क्षेत्र में नेटवर्क मजबूत हुआ है। इस दौरान उन्होंने लाहौल-स्पीति की जनता से आग्रह किया कि वह मार्कंडेय बनकर घर-घर में जाएं और मेरे पक्ष में मतदान करने की अपील करें।

### रवि और अनुराधा पर साधा निशाना

उन्होंने रवि ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दो बार विधायक बने हैं, जिसमें उन्होंने ट्राइबल कोटे का फायदा लिया है, लेकिन अब कोटे का विरोध कर रहे हैं। कोटा लेने के लिए भी मेहनत करनी पड़ती है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस के 18 दावेदारों पर भी तंज कसते हुए कहा कि छोटी उम्र की उम्मीदवार को टिकट दिया, लेकिन कांग्रेस से 18 लोग और भी दावेदार थे वह अब क्या करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को दिलाई शपथ



**काजा।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम का आयोजन एडीसी परिसर में किया गया। इस अवसर पर एडीसी राहुल जैन ने कायर्कम में उपस्थित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलवाई और स्वीप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वीप का मुख्य लक्ष्य चुनाव के दौरान सभी पात्र मतदाताओं को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है।

### काजा में चलाया स्वच्छता अभियान

**काजा।** स्पीति प्रशासन की ओर से काजा में साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। सुबह सात से नौ बजे तक हर विभागाध्यक्ष की अगुवाई में अपने-अपने कार्यालय परिसर में समस्त कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें हर विभाग के हर कर्मचारी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एडीसी काजा राहुल जैन ने कहा कि स्पीति में समय-समय पर सफाई अभियान चलाया जाता है। पर्यटन सीजन शुरू हो चुका है और बर्फबारी भी काफी हद तक साफ हो चुकी है, ऐसे में इस सफाई अभियान के माध्यम से बर्फ के नीचे दबे कूड़े-कर्कट को एकत्रित करके कूड़ेदान तक पहुंचाया गया है। स्पीति के साडा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है, ताकि अत्याधुनिक सुविधाओं के माध्यम से क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जाए। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ-साथ टूरिस्ट से भी अपील की है कि स्पीति को स्वच्छ बनाने में अपनी अपनी भूमिका निभाएं

### सेंसई हरीश शर्मा ने निभाई जज की भूमिका

**कुल्लू।** कुल्लू जिला के सेंसई हरीश शर्मा ने वर्ल्ड कराटे फेडरेशन की प्रतियोगिता के नए नियमों के तहत आयोजित रैफरी सेमिनार में भाग लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देहरादून में कैडेट जूनियर अंडर-21 व सीनियर आयु वर्ग की ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन आठ मई से 12 मई के बीच किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले से प्रतिभाशाली सेंसई हरीश शर्मा ने वर्ल्ड कराटे फेडरेशन की प्रतियोगिता के नए नियमों के तहत आयोजित किए गए रैफरी सेमिनार में भाग लिया और इसके साथ ही प्रतियोगिता में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के रैफरी व जजों के नेतृत्व में रैफरी एवं जज की भूमिका को बखूबी निभा कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। गौर रहे कि सेंसई हरीश शर्मा समाजसेवा ओर रक्तदान के क्षेत्र में भी बड़े ही समर्पित भाव से ओर ईमानदार के साथ कार्य करते आ रहे हैं।

### कुल्लू में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम आयोजित

**कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के प्रणेता रविशंकर के जन्म दिवस पर आयोजित किए जाने वाले छह दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम फॉरेस्ट क्लब कुल्लू में सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। सात से 12 मई तक आयोजित इस कार्यक्रम में योग, प्राणायाम तथा ध्यान के अतिरिक्त विश्व विख्यात सुदर्शन क्रिया सिखाई गई। सुदर्शन क्रिया एक सांसों की महत्वपूर्ण क्रिया है जिसे प्रशिक्षक के सानिध्य में ही सीखा जा सकता है ।

### चेतन कपूर व विजय परमार को सौंपी कमान

**कुल्लू।** आगामी लोकसभा के चुनावों को देखते हुए भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के जिला संयोजक हरीश चंद्र गौतम ने चुनाव प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जगदीश चंद्र शर्मा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल से चर्चा करने के उपरांत जिला सह संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्तियां कर दी हैं। जिला संयोजक हरीश चंद्र गौतम ने बताया कि चेतन कपूर एवं विजय परमार कुल्लू भाजपा जिला चुनाव प्रकोष्ठ के सह संयोजक होंगे। उन्होंने बताया कि कुल्लू भाजपा मंडल से प्रयाग कात्यायन संयोजक, भानू भंडारी व तरुण सोनी को सह संयोजक बनाया है, जबकि मनाली भाजपा मंडल से वरुण ठाकुर को संयोजक एवं रविंद्र ठाकुर को सह संयोजक बनाया गया है। बंजार भाजपा मंडल से तिलक राज को संयोजक एवं संजीव नेगी को सह संयोजक बनाया गया है।

# कुल्लू के बंदरोल में दोमंजिला मकान जलकर राख, 12 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के बंदरोल में एक दोमंजिला मकान जलकर राख हो गया है, जिसमें करीब 12 लाख का नुकसान हो गया है। घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई।

दमकल विभाग की टीम सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक मकान आग मकान का अपनी चपेट में ले चुकी थी। ऐसे में मकान के भीतर सारा सामान जलकर राख हो गया है। दमकल विभाग की टीम और आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाकर साथ लगते मकान को जलने से बचा लिया, जिस कारण 20 लाख से अधिक की संपत्ति को घटना में सुरक्षित बचा लिया है। जानकारी के अनुसार यह घटना दोपहर करीब दो बजकर 45 मिनट की है, जब मकान से अचानक आग की लपटें निकलनी शुरू हुई। दमकल विभाग कुल्लू के प्रभारी प्रेम सिंह राणा ने बताया कि घटना में गुड्डू राम और हरिश्चंद्र निवासी बंदरोल का संयुक्त मकान जल गया है, जिसे दोनों को नुकसान हुआ है। उधर, घटना की सूचना मिलने के बाद प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम भी मौके के लिए रवाना हो गई है।


आग से जलकर राख हुआ मकान।

## गीतांश ने जीता गोल्ड मेडल

**बंजार।** जिला मंडी के सुंदरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन अमरीश तोमर, राहुल शर्मा व अंशुल की ओर से करवाया गया। राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बंजार मस्कुलर प्लेनेट जिम के मेंबर गीतांश ठाकुर और सनी ठाकुर ने मेडल जीत कर बंजार का नाम प्रदेश भर में रोशन किया।

बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में 55-60 किलो ग्राम की स्पर्धा में गीतांश ठाकुर ने स्वर्ण व क्लासिक बॉडी बिल्डिंग में सिल्वर पदक जीता और सन्नी ठाकुर ने 70-75 किलो ग्राम स्पर्धा, क्लासिक बॉडी बिल्डिंग में कांस्य पदक जीता। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच मुनीश राही, अपने परिवार व जिम के साथियों को दिया है।

# साहित्य और संगीत का आपस में घनिष्ठ संबंध : गणेश गन्नी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू के अटल सदन के कॉन्फ्रेंस हॉल में 12 मई को द रूरल पोएट्स ने अपना पहला कार्यक्रम आयोजित किया। साहित्य व संगीत के इस कार्यक्रम में चर्चित कवि गणेश ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की, जबकि संगीतकार कैलाश गौतम तथा साहित्य प्रेमी दर्शन ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आगाज गणेश गनी ने दीपक प्रज्वलित कर किया।

संस्था के अध्यक्ष अनिल ठाकरे ने स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं व छात्रों के इस समूह का यह पहला कार्यक्रम है। इस संस्था में ग्रामीण पृष्ठभूमि से साहित्य, संगीत व संस्कृति से जुड़े युवा शामिल हैं। सोनाली व चमन ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में 19 कवियों, लोकगायकों तथा संगीत प्रेमियों ने प्रस्तुतियां दीं। निकिता, थरवीण कुमार, सिमरन, जितेंद्र ठाकुर, तेजवंती ठाकुर, मनोज, श्वेतांजली ने अपनी प्रस्तुतियों से सबको प्रसन्न किया। विशेष अतिथि कैलाश गौतम ने गजल गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विशेष रूप से दर्शन ठाकुर ने साहित्यिक गतिविधियों को जरूरी बताया। साहित्य हमें मुखर बनाता है। मुख्यातिथि गणेश गनी ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य, कला और संगीत के बिना मनुष्य पशु समान है। साहित्य और संगीत का आपस में घनिष्ठ संबंध है। साहित्य और संगीत तनाव से मुक्ति दिलाता है।



## शवाड़ स्कूल में छात्रों को बताया मतदान का महत्व

**आनी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शवाड़ में स्वीप टीम की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वीप टीम आनी के नोडल अधिकारी लेफ्टिनेंट अशोक शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, असिस्टेंट नोडल अधिकारी मनमोहन शर्मा, सदस्य राकेश कुमार उपस्थित रहे। स्वीप टीम ने सभी स्टूडेंट्स के माध्यम से उनके माता-पिता तक ये संदेश दिया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें और मतदान केंद्र में मतदान करने जरूरी जाएं। नोडल अधिकारी ने छात्रों को ये शपथ दिलाई कि वे अपने परिवारजनों को प्रेरित करेंगे कि मतदान केंद्र तक अवश्य जाएं।

# पीपल जातर मेले में बाहर से आए कारोबारियों ने सामान को समेटना किया शुरू

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पीपल जातर मेले में व्यापारियों के लिए तय समय सीमा अब समाप्त हो गई है।

सोमवार को ढालपुर में स्थित मेला मैदान में बाहरी क्षेत्रों से आए कारोबारियों ने अपना कारोबार अब धीरे-धीरे समेटना शुरू कर दिया है। पीपल मेला समाप्त हुए काफी दिन हो चुके हैं, मगर मेले में आए व्यापारियों के लिए कारोबार करने की सीमा 12 मई तय की गई थी, जो कि अब समाप्त हो चुकी है। इस बार लोकसभा और उपचुनाव चुनाव के चलते कारोबार करने की समय सीमा को सीमित किया गया है क्योंकि आचार संहिता के नियमों के चलते मेले में कारोबार की समय सीमा को आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। हालांकि इस बार ढालपुर मैदान में कारोबार की उम्मीद लेकर बाहरी क्षेत्रों से आए कारोबारियों के लिए इस बार का मेला कुछ खास नहीं रहा क्योंकि मेले की शुरुआती दिनों में लगातार हुई बारिश के चलते मेले के शुरुआती दिनों में किसी भी कारोबारी का कारोबार अच्छा नहीं हुआ। मेले में आए कपड़ा व्यापारी, जूता मार्केट के व्यापारी, डॉम, रेहड़ी फड़ी, सिड्डू मार्केट, झूला व्यापारी हो या फिर मीना बाजार सभी का व्यापार भगवान भरोसे ही रहा। (अनंत ज्ञान)



# सेब का समर्थन मूल्य किया जाए घोषित

## हिमाचल सेब उत्पादक संघ ने बागवानी मंत्री को भेजा सात सूत्री मांगपत्र

**अनंत ज्ञान , आनी**

सोमवार को हिमाचल सेब उत्पादक संघ की आनी इकाई के एक प्रतिनिधि मंडल ने बागवानों की मांगों को लेकर बागवानी विभाग के माध्यम से बागवानी मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई हिमाचल सेब उत्पादक संघ के सचिव हेमराज ने की। बागवानी मंत्री को भेजे गए सूत्री मांग पत्र में संघ ने सरकार से मांग की है कि बागवानों को एंटी हैल्नेट और स्प्रे पंपों पर मिलने वाली सब्सिडी जल्द जारी की जाए, सेब का समर्थन मूल्य घोषित किया जाए, ओलावृष्टि से सेब की फसल को हुए नुकसान का मुआवजा जल्द दिया जाए। इसके अलावा एपीएमसी कानून को सख्ती से लागू करने , एपीएमसी और हिमफेड के माध्यम से खरीदे गए सेब का भुगतान बागवानों को जल्द करने और बागवानी विभाग में रिक्त पदों को जल्द भरने की भी प्रदेश सरकार और बागवानी मंत्री से मांग की गई।


प्रतिनिधिमंडल बागवानों की मांगों को लेकर बागवानी मंत्री को ज्ञापन भेजते हुए।

# 18 जून से होगा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की कार्यकारिणी की बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

आयोजित बैठक में आगामी जून माह में होने वाले 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के सफल आयोजन के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि अपने विगत 47 सालों के इतिहास में सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने कला संस्कृति के क्षेत्र में कई बार हिमाचल प्रदेश व भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों सहित विदेशों में अपनी प्रस्तुतियों से कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसी कड़ी में सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर बार की भांति आगामी जून माह में स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 से 21 तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र व देवसदन कुल्लू में करवाने जा रही है।








**समारोह** पांच दिवसीय ध्यान साधना शिविर में आए साधकों को दी विदाई

# करुणामय प्रभु का हर पल करें ध्यान: सुधांश

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पांच दिवसीय ध्यान साधना शिविर में आए साधकों को विदाई दी गई। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष सुधांशु महाराज ने साधना धाम आश्रम में 15 दिनों के लिए आयोजित पांच-पांच दिनों के लिए दो सत्र एवं अर्ध चांद्रायण तप साधना शिविर सहित 15 दिनों के लिए प्रशिक्षण शिविर में आए साधकों को विदाई दी।

इस अवसर पर सत्र में उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने कहा कि अपने को नया और कल्याण करने के लिए चलते हैं परमात्मा की ओर। उन्होंने सभी से करुणामय प्रभु का ध्यान करने के लिए कहा और साथ ही पूर्ण स्वरूप परमात्मा को याद करते हुए उन्हें प्रणाम करें करने और भगवान के संकट मोचक रूप को याद करने को कहा। प्रभु की कृपा को अपने चारों और अनुभव करें। विश्व जागृति मिशन के उपाध्यक्ष एवं ध्यान गुरु डॉ. अर्चिका ने पांच दिवसीय ध्यान साधना शिविर में आए साधकों को विदाई के पल को खास बनाते हुए सभी को झूमने और नाचने पर मजबूर कर दिया।

उन्होंने कहा कि आपको इन पांच दिनों में जो अमृत संदेश और ध्यान के माध्यम से परमात्मा के निकट जाने के मार्ग पूज्य गुरुदेव ने जो दिए हैं, उसे अपने जीवन में लागू करें और आगे बढ़ें। साधकों को पूज्य महाराज ने विशेष आशीर्वाद देते हुए पुनरागमनायच कहा और विदाई दी।


पांच दिवसीय ध्यान साधना शिविर में भाग लेते हुए साधक।

# नगर निगम के वार्ड-1 में पेयजल के लिए हाहाकार

## जल शक्ति विभाग से आठ से नौ दिन बाद मिल रहा पानी, लोगों ने कार्यालय का किया घेराव

**आर मोहन चौहान, सोलन**

चुनाव माहौल के बीच नगर निगम सोलन के वार्ड-1 के विकास मोहल्ला, उदय विहार और अन्य क्षेत्रों में इन दिनों पेयजल के लिए लोगों में हाहाकार मचा है।

वार्ड के अधिकतर क्षेत्रों में 8 से 9 दिन बाद पेयजल की सप्लाई की जा रही है, जिससे लोगों का गुजारा मुश्किल हो गया है। जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज स्थानीय लोगों ने वार्ड पार्षद मनीष सोपाल की अगुवाई में कार्यालय पहुंचकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। साथ ही पेयजल की आपूर्ति नियमित और मांग अनुसार नहीं होने पर खाली बर्तन को लेकर कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन की भी चेतावनी दी। आरोप है कि जल शक्ति विभाग के कर्मचारी पेयजल आपूर्ति में लापरवाही और मनमर्जी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


वार्ड-एक के देंऊघाट और साथ लगते क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर बैठक करते लोग।

### लोगों में पनप रहा रोष

वहीं, शहरवासियों को मांगानुसार पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से उपभोक्ताओं में रोष है। पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं होने से लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं। शहर के कई हिस्से ऐसे भी हैं, जहां नगर निगम व जल शक्ति विभाग की लापरवाही से एक सप्ताह से पानी की सप्लाई नहीं हुई। इससे स्थानीय लोगों में खासा रोष है। जल शक्ति विभाग के मुताबिक नगर निगम के टैंकों में नियमित रूप से पानी लिफ्ट हो रहा है, जबकि निगम बैकलॉग के कारण फिलहाल चौथे दिन रोटेशन के आधार पर पानी की सप्लाई कर रहा है। इससे लोगों का गुजारा मुश्किल हो गया है।

### डिस्ट्रीब्यूशन की खामियों से बढ़ी समस्या

पार्षद मनीष सोपाल का आरोप है कि विभागीय कर्मचारियों की तरफ से पानी के डिस्ट्रीब्यूशन में लापरवाही बरती जा रही है। इसी तरह जल शक्ति विभाग की मुख्य लाइन से देउघाट में बने वाटर टैंक में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों को मांग अनुसार पानी नहीं मिलता। विभागीय कार्यप्रणाली से नाराज लोगों को एकजुट होकर कार्यालय पहुंचना पड़ा। पेयजल समस्या से सैकड़ों परिवार प्रभावित हैं। हालांकि जलशक्ति विभाग सोलन डिवीजन के अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता ने स्थानीय लोगों को चार दिन बाद पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

देउघाट और साथ लगते क्षेत्रों में पानी की समस्या को लेकर लोगों की शिकायत को सुना गया है। लोगों को नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के लिए जेई को निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों की तरफ से पेयजल आपूर्ति में किसी भी तरह की कोताही न हो इस पर भी नजर रखी जाएगी।

**अभिषेक राणा, अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग, सोलन।**

# अवैध तरीके से दवाओं के निर्माण पर जीरो टॉलरेंस अपनाई जा रही : कपूर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी स्थित फार्मा उद्योग में प्रतिबंधित दवा मामले में पंजाब पुलिस की दबिश के बाद अब जांच बरोटीवाला में स्थित उद्योग की दूसरी यूनिट तक पहुंच गई है।

पंजाब पुलिस का नारकोटिकस सेल व एसटीएफ के साथ राज्य दवा नियंत्रक विभाग ने भी जांच शुरू कर दी है। राज्य दवा नियंत्रक विभाग हिमाचल ने बरोटीवाला में स्थित उद्योग प्रबंधन को भी सोमवार को नोटिस जारी कर दिया है और जवाब देने के निर्देश दिए हैं। राज्य दवा नियंत्रक विभाग की शुरूआती जांच में कंपनी प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है, जिसमें कंपनी विभाग की ओर से जारी एसओपी की पालना नहीं कर रही थी। उक्त कंपनी से निकलने वाली नारकोटिकस दवा के बैच की जानकारी न तो ड्रग विभाग को दी और न ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय को दी गई थी। राज्य ड्रग विभाग ने नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई अमल में लाई है। ऐसे में कंपनी पर गाज गिरना लगभग तय माना जा रहा है अगर विभागीय जांच में लापरवाही आती है, तो विभाग ड्रग एंड कॉसमेटिक एक्ट में कार्रवाई अमल में लाएगी और प्रतिबंधित दवाओं का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है, जो कि आने वाले दिनों में साफ होगा। राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर का कहना है कि विभाग के द्वारा कंपनी प्रबंधन को नोटिस जारी कर दिया है और शुरूआती जांच में कुछ खामियां पाई गई हैं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### कंपनी के पास दवा निर्माण का लाइसेंस



राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर ने कहा कि कुछ अफवाहें फैलाई जा रही थी कि कंपनी अवैध रूप से दवाओं का निर्माण कर रही थी, लेकिन ऐसा नही है कंपनी के पास ड्रग विभाग से प्राप्त लाइसेंस मौजूद है। विभाग गंभीरता से पूरे मामले की जांच कर रहा है और विभाग जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है।

### यह है मामला

गौरतलब रहे की मोहाली में प्रतिबंधित दवा समेत दो आरोपियों को पकड़ा गया था, जिसके बाद पंजाब पुलिस की विभिन्न टीमों की जांच बद्दी में स्थित फार्मा उद्योग तक पहुंची, जहां पर इन दवाओं का निर्माण किया जा रहा था। पंजाब पुलिस ने कंपनी से लाखों की संख्या में दवाइयां व कच्चा माल भी बरामद किया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी ने कहा था कि बड़े नेटवर्क का पंजाब पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### शत-प्रतिशत रहा जमा दो का परीक्षा परिणाम



**नाहन।** सीबीएसई की ओर से घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में अरिहंत इंटरनेशनल विद्यालय का सराहनीय प्रदर्शन रहा। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 120 छात्रों ने सीबीएसई की बारहवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें गुनीत कोर 98 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, गीतांजलि 96.2 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय, जबकि रिया व नविशा ने 95.8 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। चतुर्थ स्थान पर रही अनंत जोशी और सुनेही परमार ने 94.6 फीसदी अंक प्राप्त किए। पांचवें स्थान पर आरवेंद्र ठाकुर ने 92.6 फीसदी अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 14 छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए, 80 से 90 फीसदी के मध्य 27 छात्रों ने अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 120 छात्रों में से 112 छात्रों ने 60 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए।

### कैंप में 250 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अर्की।** अर्की उपमंडल की पंचायत बखालग के गांव रिच्छ के दुर्गा मंदिर प्रांगण में महर्षि मार्कंडेय मेडिकल कॉलेज व यूनिवर्सिटी कुमारहट्टी में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लगभग 250 लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई, जिसमें ईएनटी, बाल रोग, हड्डी रोग, मेडिसिन व ओबीजी और नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों का स्वास्थ्य जांचा।

### शूलिनी का स्कीमगो इंस्टीट्यूशंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी, सोलन ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ स्कीमगो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग-2024 में असाधारण प्रदर्शन दर्ज किया है। विश्वविद्यालय ने रसायन विज्ञान, भौतिकी और खगोल विज्ञान में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिससे इन क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पकड़ फिर से स्थापित हो गई है।

### ठोडा प्रतियोगिता कुंथल में होगी आयोजित

**राजगढ़।** सिरमौर खुंद खुशियां एवं सांस्कृतिक एवं ठोडा खेल संघ की ओर से एक बैठक का आयोजन उपतहसील पझोता के कुथंल में डूमेशवर महाराज मंदिर के प्रांगण में किया गया। संघ के महासचिव नेत्र सिंह नेगी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश ठोडा खेल संघ के महासचिव औम प्रकाश मेहता द्वारा की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सिरमौर जोन की ठोडा प्रतियोगिता ग्राम कुंथल में आयोजित की जाएगी।

### लेफ्टिनेंट मोनिका खन्ना बनी कैप्टन

**सोलन।** 2 जैक लाई रेजिमेंट सेना क्षेत्र सोलन के ऑडिटोरियम में पीपिंग समारोह का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में लेफ्टिनेंट मोनिका खन्ना को कैप्टन रैंक पर पदोन्नत किया गया। इस समारोह का आयोजन, 1 एचपी गर्ल्स बटालियन (एनसीसी) के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय शांडिल ने किया गया। लेफ्टिनेंट मोनिका खन्ना का कैप्टन पदोन्नत होना उनकी उत्कृष्ट सेवा, समर्पण और नेतृत्व को दर्शाता है।

### व्यय निगरानी के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात

**सोलन।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत ज़िला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन व्यय निगरानी प्रणाली (ईईएमएस) के तहत चुनावी व्यय की प्रतिदिन निगरानी के लिए अतिरिक्त टीमों का गठन किया गया है। इस बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की ओर से आदेश जारी किए गए हैं।

### वर्कशॉप के सामने कार में लगी आग

**अर्की।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की के समीप वर्कशाप के सामने एक कार देखते ही देखते जल कर राख हो गई। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय कार में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में सवार तीन व्यक्ति ज्यों ही कार से उतरे कार ने अचानक आग पकड़ ली। वर्कशाप में काम करने वाले मुख्य मकैनिक ने बताया कि कार में सफर कर रहे लोग कार से उतर कर उनसे कार के बारे में बात करने ही लगे थे कि अचानक कार ने आग पकड़ ली।

### मोबाइल और नकदी छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**सोलन।** थाना अर्की के तहत पुलिस ने मोबाइल और नकदी छीनने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। धनीराम निवासी गांव व डा. घनागुघाट तहसील अर्की जिला सोलन ने पुलिस थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि समय करीब छह बजे शाम जब यह घनागुघाट दुकान से सामान खरीद कर अपने दोस्त के साथ अपने घर जा रहे थे, तो धर्मेंद्र कुमार ने इनका रास्ता रोककर इनके साथ मारपीट की और इनके दोस्त धनीराम का मोबाइल फोन जबरदस्ती छीन लिया और जेब से नकदी 2000/ रुपए भी निकाल दिए और इनके साथ गाली गलौच करके जान से मारने की धमकियां भी दी, जिस पर थाना अर्की में को मारपीट, गाली-गलौज तथा छीना-झपटी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस अभियोग के अंवेषण के आरोपी धर्मेंद्र को पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

## कालूझंडा में टोल बैरियर व शराब ठेके के विरोध में एसपी से मिले ग्रामीण

# ठेका कंपनी के कर्मचारी कर रहे मारपीट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के कालूझंडा स्थित खुदाबक्श में टोल बैरियर व शराब ठेके के खिलाफ ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बद्दी इल्मा अफरोज से मिले। ग्रामीणों ने टोल बैरियर व शराब ठेके का विरोध करते हुए कहा कि टोल बैरियर के ठेकेदारों पर जबरन वसूली की जा रही है, जबकि खुदाबक्श एरिया के दोनों और हिमाचल व हरियाणा के गांव हैं, जिनका रोजाना आना -जाना लगा रहता है और टोल ठेका कंपनी के द्वारा जबरन पर्ची काटी जाती है और लड़ाई झगड़ा भी किया जा रहा है।


बरोटीवाला में कालूझंडा के निवासी एसपी बद्दी को ज्ञापन सौंपते हुए।

उन्होंने एसपी बद्दी से ठेका कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए और टोल बैरियर को हटाने का मांग रखी। एसपी बद्दी ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि यह मामला आबकारी विभाग के तहत है, जिसके लिए उपायुक्त सोलन को अवगत करवा दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर कोई जबरन लड़ाई झगड़ा करता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बीते दिनों ग्रामीणों ने कालूझंडा में टोल बैरियर व शराब ठेका खोलने का विरोध किया था और गांव की महिलाओं ने ठेके में तोड़ फोड़ कर विरोध प्रकट किया था। कुंडावाला निवासी जितेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि बीते दिन एक टेंपो चंडीगढ़ से खाली करके यूनियन बरोटीवाला को वापस जा रहा था, तो कुछ अज्ञात युवकों ने रात के समय शराब के ठेके के सामने जबरन उसकी गाड़ी को रोका। टोल कर्मियों का कहना था कि ठेके भारी भरकम कीमत के ऊपर खरीदे हैं और टोल मालिकों ने उन्हें यहां पर तैनात किया है और निर्देश दिए हैं कि कोई भी गाड़ी बिना पर्ची के नहीं छोड़नी है। इस दौरान शिकायतकर्ता ने युवकों को बताया कि इस टोल के संदर्भ में पहले ही स्थानीय पंचायत के लोगों व हरियाणा राज्य की साथ लगती पंचायतों की ओर से विरोध-प्रदर्शन किया जा चुका है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने कहा कि गांव के लोग अपनी समस्या को लेकर मिले थे उनकी समस्या को सुना गया। आबकारी विभाग व डीसी के समक्ष ग्रामीणों की मांग को रखा जाएगा।

## खेत में मिला बुजुर्ग का शव

**नाहन।** जिला सिरमौर के विकास खंड नाहन के तहत आने वाले कौलांवालाभूड क्षेत्र में हरियाणा के एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव खेत में पड़ा हुआ मिला है। हालांकि व्यक्ति की मौत किन कारणों से हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन पहुंचाया है। साथ ही मामले की जांच भी शुरू कर दी है।

कौलांवाला भूड के साथ हरियाणा की सीमा लगती है। बताया जा रहा है कि 78 वर्षीय यह व्यक्ति पैदल ही वापस अपने घर हरियाणा की तरफ लौट रहा था। इसी बीच वह यहां एक खेत में मृत अवस्था में पड़ा मिला, जिसके बाद खेत के मालिक ने इसकी सूचना स्थानीय पंचायत प्रधान को दी। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मामले की पुष्टि कौलांवालाभूड पंचायत की प्रधान रितु चौधरी ने की है।

# जमटा में पालतू कुत्ते ने दो बच्चों को किया जख्मी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर जमटा में एक कुत्ते ने साढ़े चार वर्ष के बच्चे पर हमला कर उसे बुरी तरह से लहुलूहान कर दिया। कुत्ते ने बच्चे के सिर को बुरी तरह नोच दिया।



घायल बच्चे को उसके परिजन तुरंत मेडिकल कॉलेज नाहन ले गए, जहां उसका उपचार किया गया। इसी कुत्ते ने एक अन्य बच्ची पर भी हमला किया है। जानकारी के अनुसार नावणी पंचायत के जमटा में एक कुत्ते ने दो बच्चों पर हमला कर दिया। साढ़े चार साल के बच्चे को खेलते वक्त काटा। काफी मुश्किल से मासूम बच्चे को उसके परिजनों ने कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। बच्चे के सिर पर कई टांके लगे हैं। जमटा निवासी संजीत कुमार ने बताया कि स्वास्तिक घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच गांव के एक व्यक्ति के पालतू कुत्ते ने उनके बच्चे पर अचानक हमला बोल दिया। काफी जद्दोजहद के बाद कुत्ते को तो भगा दिया, लेकिन वह बच्चे को बुरी तरह जख्मी कर चुका था। वह उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज नाहन लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार किया गया। बच्चे के मुंह को भी नोंचा है। इसी कुत्ते ने इशिता पुत्री राजेश को भी काटा। उधर, मेडिकल कॉलेज नाहन के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिताभ ने बताया कि जमटा से बच्चों को उपचार के लिए नाहन लाया गया। इन बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

# राजगढ़ के शमोगा में ओलावृष्टि से किसानों-बागवानों की नकदी फसलें तबाह

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

विकास खंड की ग्राम पंचायत छोगटाली के शमोगा क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई है, यहां काबिले जिक्र है कि पंचायत छोगटाली राजगढ़ विकास खंड की अंतिम पंचायत है। उसके बाद नौहराधार तहसील का क्षेत्र आरंभ हो जाता है और शिमोगा राजगढ़ विकास खंड का अंतिम गांव है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां सुबह से मौसम साफ था और दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज ओलावृष्टि आरंभ हो गई। हैरानी का विषय तो यह था कि यहां आसपास के क्षेत्र जैसे दीदग आदि में मौसम साफ रहा बस इस छोटे से क्षेत्र में ही ओलावृष्टि ने अपना कहर बरपाया, जिस कारण यहां किसानों व बागवानों की नकदी फसलें तबाह हो गई हैं, ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरा क्षेत्र सफेद नजर आने लगा।

यहां इन दिनों किसानों की मटर व फूल की फसल यौवन पर है। इसके साथ-साथ कुछ किसानों ने तो टमाटर व शिमला मिर्च की फसल भी लगा ली थी इसी तरह बागवानों की आड़ू सेब,प्लम, खुमानी आदि की फसल भी तैयार होने को है इस ओलावृष्टि से सभी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

## अवैध खनन पर वसूला जुर्माना

**नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में वन विभाग की टीम ने अवैध खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर पकड़े हैं। वन विभाग की टीम ने मौके पर जेसीबी व ट्रैक्टर का चालान कर 52,770 रुपए जुर्माना वसूला। जानकारी के मुताबिक, वन विभाग को सूचना मिली कि पांवटा साहिब के धुतनपुर खड्ड में अवैध खनन हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम देर रात को धुतनपुर खड्ड में पहुंची। वहां पाया कि जेसीबी से ट्रैक्टर में बजरी भरी जा रही थी।

टीम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेसीबी व ट्रैक्टर का चालान कर चालकों से हजारों रुपए का जुर्माना वसूल लिया है। वन विभाग पांवटा साहिब के डीएफओ ऐश्वर्य राज ने मामले की पुष्टि की है।

# नर्सें हमारा भविष्य, देखभाल के लिए हैं जिम्मेदार : कमलेश


अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नाहन मेडिकल कॉलेज की छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हर साल अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पूरे विश्व भर में मनाया जाता है।

नाहन मेडिकल कॉलेज नर्सिंग की अध्यक्षा कमलेश शर्मा ने बताया कि आज उन्होंने नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस के जन्मदिवस पर दीप प्रज्वलित कर, स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। किसी भी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान दवाइयों का और इलाज का होता है, उतना ही सही देखभाल का भी होता है, जिसके लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी नर्स निभाती हैं और 24 घंटे मरीज की देखभाल में लगी रहती हैं। इन्हें सम्मान देने के मकसद से दुनिया भर में हर साल अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षु नर्सिंग छात्राओं के साथ-साथ मैडम रेखा, रीटा राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 45 जरूरतमंदों को बांटा राशन

**नाहन।** दशमेश रोटी बैंक की स्थापना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं।

इस उपलक्ष्य पर रोटी बैंक विकास खंड नाहन के जोगीबन गांव पहुंचा, जहां 45 निर्धन परिवारों को महीने भर का राशन बांटा। बता दें कि दशमेश सेवा सोसायटी की ओर से दिन छह साल पहले दशमेश रोटी बैंक की स्थापना की गई थी। इसके माध्यम से प्रत्येक माह जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाई जा रही है और यह कार्य निरंतर जारी है। प्रत्येक माह इन वर्षों में दशमेश रोटी बैंक जरूरतमंद लोगों को महीनेभर का राशन घरद्वार पर मुहैया करवाने के सेवा कार्य में जुटा है। यह बैंक जरूरतमंद एवं निर्धन गरीब परिवारों के लिए मसीहा बनकर उभरा है।

## लोकतंत्र को बनाएं मजबूत: डॉ. जगदीश

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचन विभाग की टीम ने कोठों स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जगदीश चंद नेगी ने की। उपनिदेशक ने पात्र मतदाताओं से आग्रह किया कि वे एक जून, 2024 को प्रदेश में होने वाले निर्वाचन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मतदान करना अधिकार के साथ-साथ सभी पात्र मतदाताओं का कर्तव्य भी है। चुनावी प्रक्रिया को लोगों के लिए सुगम बनाने के दृष्टिगत सूचना प्रौद्योगिकी आधारित विभिन्न ऐप भी जारी किए गए हैं।

# लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी आवश्यक

## अर्की क्षेत्र के वरिष्ठ और नए मतदाता ने की मतदान करने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

अर्की विधानसभा क्षेत्र की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट तथा प्राथमिक विद्यालय शेरपुर में मतदाताओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया।

स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल और डॉ. हेमराज ने बताया कि निर्वाचन विभाग अर्की मतदाता जागरूकता के लिए सतत प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ मतदाता शांति देवी और नई मतदाता सपना कुमारी ने अर्की क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। शेरपुर मतदान केंद्र में महिलाओं और नए मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक जागरूक अभियान में भाग लिया साथ ही घनागुघाट विद्यालय की स्टूडेंट्स से उनके अभिभावकों, रिश्तेदारों और आस-पड़ोस के पात्र मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। स्कूल के निर्वाचक साक्षरता क्लब (ईएलसी) के प्रभारी किशोर वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने माता-पिता तथा परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करें।


घनागुघाट और शेरपुर में मतदाताओं के लिए विशेष जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते स्टूडेंट्स।

# तथाकथित ओबीसी नेता गलत आवाज उठा रहे : मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले में गिरिपार क्षेत्र के अन्य पिछड़ा वर्ग के उन तथाकथित पदाधिकारियों और राजनीति करने वाले ओबीसी कार्यकर्ताओं को हाटी समिति के फाउंडर मेंबर और फाउंडर उपसचिव मेलाराम शर्मा ने कहा कि आज जब 57 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद केंद्र सरकार ने जब गिरिपार क्षेत्र के हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया है, तो अब अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल होने का विरोध किस लिए किया जा रहा है।



पिछले लगभग पांच सालों से पूरे गिरिपार क्षेत्र में ओबीसी समुदाय के लोगों सहित हजारों हाटी के लोगों ने जगह-जगह पर महाखुमलियों के माध्यम से अपने समुदाय को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए बड़ा संघर्ष किया और बुलंद आवाज उठाई और सरकार पर दबाव बनाया, तो उस समय विरोध करने वाले तथाकथित ओबीसी के नेता कहां सोए हुए थे। जब अनुसूचित जाति के लोगों ने स्वयं को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल न होने के लिए संघर्ष किया, तो उस समय ओबीसी समुदाय के तथा कथित नेता अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल होने के लिए अपनी आवाज क्यों उठाते रहे और उस समय उन्होंने अपना विरोध क्यों दर्ज नहीं करवाया।

**फसल** 100 से 150 रुपए प्रतिकिलो तक मिल रहे किसानों को लहसुन के दाम, किसानों के लिए यह फसल घाटे की हो रही साबित

# देश की बड़ी मंडियों में सिरमौर का लहसुन पहुंचना शुरू

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

सिरमौर जिले की प्रमुख नकदी फसल लहसुन ने देश की विभिन्न मंडियों में दस्तक दे दी है।

देश भर में अपनी अलग पहचान के लिए मशहूर सिरमौरी लहसुन इन दिनों 100 से 150 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है लहसुन का रेट प्रतिदिन मंडियों में अलग-अलग रहता है। मगर उसके बावजूद किसानों के लिए अब लहसुन की फसल घाटे का सौदा साबित हो रही है अभी तो सीजन आरंभ हुआ अगर आने वाले समय में लहसुन के दामों में गिरावट आती है, तो किसानों को हानी का सामना भी करना पड़ता है। इस समय सिरमौर जिले की यह प्रमुख नकदी फसल लगभग पक कर तैयार है। कई जगह किसानों ने खेतों से लहसुन की फसल को निकालना आरंभ कर दिया है।


लहसुन की फसल निकालते किसान।

सिरमौर जिले के राजगढ़, पच्छाद, शिलाई, रेणुका क्षेत्रों में उगाए जाने वाले हाइब्रिड लहसुन की दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा मांग है। तमिलनाडु के बडगापट्टी और कोच्चि जैसी बड़ी मंडियों में यह काफी मात्रा में बिकता है। क्षेत्र के सेर मनौण गांव के प्रगतिशील बागवान रविदत भारद्वाज के अनुसार उन्होंने इस साल लगभग 14 क्विंटल बीज लगभग छह बीघा भूमि पर लगाया था। पिछले लगभग सात दिनों से वह लहसुन की खुदाई में लगे हैं। ()()इसके लिए उन्होंने लगभग 10 से 12 लोगों को काम पर लगा रखा है। आम किसान अब लहसुन का उत्पादन इतना आसानी से नहीं कर सकता। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल और थाईलैंड में भी मांग

नेपाल और थाईलैंड को भी प्रदेश का लहसुन निर्यात होता है। इसका मुख्य कारण यहां का लहसुन औषधीय गुणों से भरपूर होता है। और स्वाद में भी बाकी क्षेत्रों से अच्छा बताया जाता है। खेत से निकालने के बाद लहसुन को अच्छी तरह से सुखाया जाता है और फिर इसे अलग-अलग श्रेणी में ग्रेड किया जाता है। लहसुन की ग्रेडिंग हाथों के साथ अब मशीनों से भी हो रही है।

### खेतों से ही लहसुन की खरीद

राजगढ़ सब्जी मंडी में भी लहसुन आता है। मगर पिछले कुछ समय से लहसुन के खरीददार सीधे किसानों से संपर्क करके खेतों से ही लहसुन खरीद लेते हैं। हालांकि लहसुन की फसल पैदा करना अब महंगा सौदा साबित हो रहा है क्योंकि अच्छे दाम मिलने के बाद भी किसानों को लहसुन की फसल से पहले जैसा लाभ नहीं मिल पा रहा । पिछले साल यहां लहसुन के बीज का रेट 120 से लेकर 150 रुपए प्रति किलो तक था और उसके बाद बिजाई ,खाद, दवाईयां निराई गुड़ाई और पैकिंग के साथ साथ मंडी तक पहुंचाने का खर्च आदि शामिल हैं यानी लगभग एक किलो लहसुन को उगाने में 60 से 80 रुपए तक खर्च आ जाता है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# कांग्रेस दुश्मन देशों का गुणगान करने में जुटी है: जीतराम कटवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर


कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ विधायक जीतराम कटवाल।

झंडूता विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत सोमवार को बडोल पंचायत के तन्यूर व थुराण बूथों के तहत तन्यूर, बडोल, जमली, थुराण बाग, जवाह, पोली, पंजीण, जंजघर प्लॉट व नशान में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सपने पूरे करने का संकल्प लिया है।

गरीब, दलित और वंचित लोग दशकों से कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे थे। मोदी ने 10 वर्षों में उन समस्याओं का समाधान करके इन वर्गों को गरीबी और अन्याय के अंधेरे से बाहर निकाला है। जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है, वहीं कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश को विनाश की ओर ले जाना चाहते हैं। मोदी के दमदार और मजबूत नेतृत्व की वजह से दुश्मन देश जहां भारत की ओर आंख उठाकर देखने से भी डरते हैं। वहीं, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल दुश्मन देशों का गुणगान करने में जुटे हैं। यह चुनाव राष्ट्रवादी भाजपा और देश विरोधी विपक्षी दलों तथा अयोध्या में राम मंदिर बनाने वालों और राम भक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच है। वहीं, हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़कर लगातार पांचवीं बार भगवा परचम लहराएंगे।

# हैदराबाद और गोवा में होगी हिमाचल के चेरी की सप्लाई

## शिमला में 600 रुपए तक बिक रहा चेरी का एक बॉक्स, बाजार में आई भुट्टी और कोटगढ़ की चेरी

रविंद्र जस्टा, शिमला

हिमाचल में चेरी के अच्छे दाम मिलने से बागवानों के चेहरे खिल गए हैं। शिमला के ढल्ली सब्जी में चैरी ने आते ही धूम मचाई थी, जो अब भी बरकार है।

सबसे बड़ी बात है की हिमाचल से चेरी की सप्लाई हैदराबाद और गोवा के लिए भी शुरू कर दी जाएगी। मौजूदा समय में चेरी का बड़ा बॉक्स 350 रुपए से 600 रुपए तक बिक रहा है। वहीं, छोटा बॉक्स 150 से 450 रुपए तक बिक रहा है। इस बार चेरी के बागवानों की चांदी ही चांदी देखने को मिल रही है। चेरी की शुरुआत धन्नापनी से हुई थी और अब भुट्टी और कोटगढ़ से भी चेरी आना शुरू हो चुकी है। आपको बता दें कि दो सप्ताह पहले चेरी ने शिमला की ढली सब्जी मंडी में दस्तक दी थी और पहले ही दिन में चेरी 400 रुपए प्रति किलो के दाम पर बिकी थी। ढल्ली सब्जी मंडी के दुकानदार यशवंत शर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया की आजकल चेरी का छोटा बॉक्स 150 से 450 रुपए के दाम पर बिका है। वहीं, बड़ा बॉक्स 350 से 600 रुपए तक बिका है।

मौजूदा समय में चेरी की आमद करीब तीन हजार बॉक्स की है। आगामी एक सप्ताह में यह आमद 10 हजार बॉक्स तक जा सकती है। इसके बाद ही चेरी का सीजन पूरी तरह से शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)



**मंडी में तीन हजार बॉक्सों की आमद है**

**अभी** मंडी में करीब तीन हजार बॉक्सों की आमद है। आगामी एक सप्ताह में चेरी का सीजन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा और प्रतिदिन करीब 10 हजार बॉक्स मंडी में पहुंचेंगे।

**दो तरह के बॉक्स में पैक होती है चेरी**

**चेरी** को दो तरह के बॉक्स में पैक किया जाता है। इसमें छोटा बॉक्स एक किलो और बड़ा बॉक्स डेढ़ किलो का होता है। छोटे बॉक्स को गत्ते में पैक किया जाता है और बड़े बॉक्स को प्लास्टिक बॉक्स में पैक किया जाता है, इसे पैनट भी कहा जाता है। पैनट यानी प्लास्टिक बॉक्स आस-पास के क्षेत्रों में ज्यादा बिकता है, जैसे स्थानीय शिमला, चंडीगढ़ और नेशनल हाईवे के आसपास आदि। इसके अलावा छोटा बॉक्स यानी गत्ते की पैकिंग के बॉक्स को लंबी सप्लाई में भेजा जा सकता है, जैसे मुंबई, बेंगलुरु और कोलकत्ता आदि। वहीं, इस समय में मुंबई और बेंगलुरु के आढ़ती स्थानीय खरीदारों से चेरी मंगवाते हैं।

## बिलासपुर में मनाया श्रीश्री रविशंकर का जन्मदिन

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय पर आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक और संचालक गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बिलासपुर आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने सुबह पांच बजे बिलासपुर नगर में प्रभात फेरी का आयोजन किया तथा श्रीश्री द्वारा रचित भजनों को गाते हुए माहौल को भक्तिमय बना दिया। उसके उपरांत में मार्केट स्थित आश्रम में सुदर्शन क्रिया करवाई गई और दिन में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने बिलासपुर जिले के घागस स्थित वृद्ध आश्रम अपना घर में रह रहे बुजुर्गों के साथ इस दिन को बिताया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की जिला टीचर को-ऑर्डिनेटर रचना मेहता ने उन बुजुर्गों से बात करके न केवल उनके दुख दर्द को जाना। बल्कि उन्हें ओम उच्चारण तथा पंचकोश ध्यान की प्रक्रिया भी समझाई और उन्हें ध्यान भी करवाया।

# मंत्री जी! आखिर कब चलेगी सोलन पीरन-ठूंड बस सेवा: बिमला वर्मा

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)

मंत्री जी सोलन-पीरन ठूंड बस कब चलेगी, एक साल से लोग बहुत परेशान हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के चुनाव के दौरान में यह मांग ग्राम संगठन पीरन की प्रधान बिमला वर्मा सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बड़े आवेश में आकर उठाई।

बिमला वर्मा का कहना है कि बीते 28 वर्षों से सोलन से पीरन ठूंड को चलने वाली बस सेवा को एचआरटीसी सोलन ने बीते एक वर्ष से बंद कर दिया है। इससे पूरे क्षेत्र के लोगों को सोलन जाने आने में बहुत असुवधिा हो रही है। पूरे क्षेत्र के करीब 50 बच्चे सोलन में शिक्षा ग्रहण करने के अलावा निजी कंपनियों में काम कर हैं। वहीं बस सेवा न होने से जिनको सोलन पहुंचने और घर आने में बहुत दिक्कत पेश आ रही है। पीरन पीरन पंचायत के लोगों को सीमा पर लगते सिरमौर जिला के जघेड़ तक पहुंचने के लिए निजी गाड़ी को 600 रुपए आने जाने के एवज में अदा करने पड़ते है जोकि हर परिवार के लिए कठिन है।


मंत्री अनिरुद्ध सिंह से अपनी मांगों को लेकर मिलती महिलाएं।

**मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने दिया महिलाओं को आश्वासन**

**ग्रामीण** विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने महिलाओं को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। महिला प्रतिनिधिमंडल में रीना मेहता, शकुंतला वर्मा, किरण मेहता, निर्मला ठाकुर, अमिता ठाकुर, नेहा वर्मा, मीरा ठाकुर, मीरा ठाकुर, निशा ठाकुर, वीओ सचिव विद्या चौहान, सह सचिव बीना देवी सहित समूह की अन्य महिलाएं मौजूद रही ।

# जमीन देने के बाद भी नहीं बनी सड़क

## रोड न बनने से कलोह और बबैली के ग्रामीणों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

बलवंत कमल, दधोल

घुमारवीं विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कसारू के गांव कलोह और बबैली गांव के निवासियों ने सड़क के लिए अपनी जमीन लोक निर्माण विभाग हिमाचल सरकार के नाम कर दी है। लेकिन फिर भी दो से तीन साल बीत जाने पर भी विभाग तरफ से कोई भी कार्य सड़क के लिए नहीं हुआ है।

आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी यह गांव सड़क की मूलभूत सड़क सुबिधा से वचित हैं। इस बारे इन गांव के लोगों ने कई बार सरकारों के सामने अपनी बात रखी, मगर हर बार उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

पिछली सरकार मे भी लोगों ने अपनी मांग रखी तो उन्हें कहा गया कि अगर अपने एंबुलेंस रोड लेना है तो उसके लिए आपको जमीन देनी पड़ेगी। इसके लिए इन गांव के लोग राजी हों गए और उन्होंने सड़क के लिए जमीन हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के नाम कर दी। लेकिन अभी तक सड़क नहीं बनाई है। (अनंत ज्ञान)

**विभाग के नाम कर दी है जमीन**



**पवन** शर्मा ने कहा कि मेरे पिता जी लगभग तीन साल पहले अचानक रात को बीमार हों गए सड़क सुविधा न होने के कारण उन्हें सड़क तक पहुंचाने मे हमें बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके कारण मेरी दादी ने इस सड़क के लिए अपनी दो बिग्गा जमीन लोक निर्माण विभाग के नाम कर दी।

**विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई**



**कलोह** गांव के निवासी जगन नाथ शर्मा ने कहा कि उनकी उम्र लगभग 80 वर्ष हों गई है और वो अक्सर बीमार रहते है। उन्होंने सड़क के लिए अपनी तीन बीगा जमीन विभाग के नाम कर दी है, लेकिन विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने से वो दुखी हैं।

**जल्द बनवाई जाए सड़क**



**कलोह** निवासी अजय कुमार ने कहा कि कलोह गांव के लिए सड़क बहुत जरूरी है। क्योंकि यह गांव जंगल के किनारे बीच स्थित है। विभाग ने जहां सड़क के लिए जगह बताई है वो हमने विभाग के नाम करवा दी है। सरकार से मांग करते हैं की जल्दी से जल्दी सड़क बनवाई जाए।

**अभी तक नहीं भेजी जेसीबी**



**कलोह** निवासी राजीव शर्मा ने कहा कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग के निर्देशानुसार जमीन विभाग के नाम कर दी है। मगर विभाग ने जो ट्रेस लाइन निकाली है उस पर एक बार भी विभाग की जेसीबी भेजना मुनासिव नहीं समझा। वहीं, लोगों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।

## न्यूज ब्रीफ

### कल इन जगहों पर बंद रहेगी बिजली

**घुमारवीं।** बुधवार को 11केवी लाइन भराड़ी बरोटा, 11केवी लाइन भराड़ी मरहाना, 11केवी लाइन मलोट हटवाड़ की आवश्यक मरम्मत तथा रखररखाव का कार्य प्रस्तावित है। इस कारण भराड़ी, बाड़ा दा घाट, सलाओं, मरहाना, घंडालवी, लेहड़ी, बरोटा, तड़ोंन, पंतेहडा, हटवाड़, बम, देहरा, कोट इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुबह नौ बजे से शाम को काम समाप्त होने तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता पंकज शर्मा ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। यह कार्य मौसम की अनुकूलता पर निर्भर रहेगा।

### चिड़गांव में लोगों को बताया मतदान का महत्व



**रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चिड़गांव में सोमवार को लोंगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। जिसके माध्यम से छात्रों ने लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया और वोट के महत्व को समझाते हुए जन-जन को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य भी किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल के प्रधानाचार्य वीरेंद्र, वरिष्ठ अध्यापक पवन व स्कूल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के अधिकारी प्रोफेसर भरत खेपान ने नाटक मंचन में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए और उनकी हौसला अफजाई की।

### बिलासपुर स्कूल में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक( छात्रा) पाठशाला बिलासपुर में प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर इस स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ राजेश चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर से लेकर कॉलेज चौक होते हुए सिनेमा कॉलोनी और ओयल गांव तक रैली निकाली । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के नृत्य व गानों के माध्यम से लोगों को अपना मतदान देने के लिए जागरूक किया। प्रधानाचार्य ने इस रैली को विद्यालय परिसर से जब रवाना किया तो उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने मतदान का प्रयोग जरूर करें और इसके बारे में लोगों को जागरूक करने का उन्होंने संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

स्वीप रैली से दिया मतदान करने का संदेश

### मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में स्वीप यानी सिस्टेमेटिक वोटर्स एजूकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन के अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत मतदाता साक्षरता क्लब, एनएसएस और जेंडर चैंपियन क्लब के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के आसपास के गांव पट्टा, भदरोग और नसवाल में मतदान के महत्व पर नारे लगाकर और स्वीप गीत गाकर गांव वालों को जागरूक किया। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने विद्यार्थियों को स्वयं तथा अपने परिवार और गांव वालों को भी बढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विभिन्न स्थानों पर विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैलियां निकाली जाएगी। इसका उद्देश्य इस बार घुमारवीं उपमंडल में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाना है। इस रैली के शुभारंभ में डॉ. सुरेश शर्मा, प्रो. अनिल जमवाल और डॉ. रीता भी मौजूद रहे ।

### बिलासपुर में विशेष लोक अदालतें 29 जुलाई से

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल, सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने यहां बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कोई भी व्यक्ति जिनका माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मामला लंबित वह इस विशेष लोक अदालत में आपने मामले को लगवा सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के दुरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क कर सकते हैं।

# आईजीएमसी शिमला में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

सोमवार को आईजीएमसी में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे सभागार 601 में12 बजे बनाया गया। इसमें आईजीएमसी की प्रधानाचार्य डॉ. सीता ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित थे साथ में डिप्टी एमएस डॉ. अमन मधैक, डॉ. शोमिन आईजीएमसी व दंत महाविद्यालय कर्मचारी संघ के प्रधान हरिद्र सिंह मैहता, सयुंक्त सचिव रंजीत सन्नी चौहान, भवनेश व आरसीटी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट नीना शर्मा, सुनिता गर्ग मौजूद रहे।

वहीं, स्टेट नर्सिंग एसोसिएशन की महामंत्री कल्पना रचैक, आईजीएमसी नर्सिंस लोकल यूनिट की प्रधान शितल, महामंत्री ममता भारद्वाज, पुष्पा, मीरा व मैडर वोटसिसटर व 150 के करीब नर्सिंस ने हिस्सा लिया। इसमें नाटिगगैल जैसी हस्तियों को याद किया गया। साथ ही साथ नर्सिंग सुपरिटेंडेंट नीना शर्मा ने आईजीएमसी में नर्सेस कैटेगरी की समस्याओं को आईजीएमसी प्रशासन व आईजीएमसी व दंत कर्मचारी संघ के प्रधान हरिद्र सिंह मैहता के समक्ष रखी। इसमें आईजीएमसी के प्रिंसिपल व आईजीएमसी के प्रधान हरिद्र सिंह मैहता ने सब को साथ लेकर व सब मिलकर इन समस्याओं का निवारण करने की कोशिश करेंगे।


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आईजीएमसी स्टाफ के सदस्य।

## आदर्श स्कूल में नवाजे होनहार छात्र

**जुन्गा (शिमला)।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा में स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्या सुमन चंदेल ने 12वीं और 10वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा बारहवीं की छात्रा अंकिता, साक्षी व छात्र तनुज तथा कक्षा दसवीं में खुशबू ठाकुर, अनुज व कनक मेहता को बेहतर अंक प्राप्त करने सम्मानित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों ने अन्य छात्रों के साथ अपने विचार एवं अनुभव सांझा किए । प्रधानाचार्य ने सभी प्राध्यापक, अध्यापक व अभिभावक सदस्यों को अपनी ओर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# सनबीम इंटरनेशनल स्कूल की दिवांशी ने झटके 93 प्रतिशत अंक

अनंत ज्ञान, रोहड़ू



सनबीम इंटरनेशनल स्कूल जुब्बल ने अपने दसवीं कक्षा के सीबीएसई बोर्ड के परिणामों को घोषित कर दिया है। इसमें उनके पहले बैच के सभी छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। सभी छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और यह स्कूल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

परीक्षा में शामिल हुए छात्रों में से 30 फीसदी छात्रों ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए है। स्कूल में शीर्ष स्थान पर दिवांशी ढाल्टा हैं, जिन्होंने 93 फीसदी अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन के साथ पहला स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर रिशी मोक्टा ने 92 फीसदी अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, सहज मोक्टा ने सराहनीय 90 फीसदी अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं, दिवांशी ढाल्टा ने गणित में हासिल किए 100 फीसदी अंक। वहीं, सनबीम इंटरनेशनल स्कूल का पूरा स्टाफ इस उल्लेखनीय उपलब्धि से उत्साहित है।

**मेहनत रंग लाई**

**स्कूल** के अध्यक्ष रजत चौहान ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत रंग लाई है और हमें इससे अत्यधिक खुशी मिली है। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण ठाकुर ने कहा कि यह सनबीम इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को दर्शाता है।

# भाग सिंह ने संभाला घुमारवीं थाना प्रभारी का कार्यभार

नीरज शर्मा, घुमारवीं

वर्तमान समय में नशे के बढ़ते प्रभाव को खत्म करने के लिए नशा माफिया को जड़ से खत्म करना ही मुख्य लक्ष्य रहेगा।

यह कहना है घुमारवीं थाना के नए थाना प्रभारी भाग सिंह ठाकुर का। थाना प्रभारी भाग सिंह ठाकुर ने कहा कि नशे की बढ़ती गंभीर समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए जल्द ही एक योजना तैयार की जाएगी। भाग सिंह ठाकुर 2018 बैच के इंस्पेक्टर है। इससे पहले भाग सिंह ठाकुर कुल्लू व धर्मशाला क्षेत्र में कार्य कर चुके हैं। भाग सिंह ठाकुर मंडी जिले के पद्धर गांव के रहने वाले हैं। उनकी स्कूली शिक्षा गांव पद्धर में हुई है। जबकि राजकीय महाविद्यालय मंडी से इन्होंने अपनी स्नातक की डिग्री पूरी की। उन्होंने 2011 बैच में बतौर सब-इंस्पेक्टर पद पर ज्वाइन किया था। (अनंत ज्ञान)

**पुलिस का करें सहयोग**



**छह** साल तक जिला कुल्लू में अपनी सेवाएं देने के बाद बतौर थाना प्रभारी किन्नौर में अपनी सेवाएं दी। 2018 में यह विजिलेंस विभाग में शिमला, केलांग तथा धर्मशाला में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। घुमारवीं क्षेत्र के संदर्भ में उन्होंने यहां पर नशे के बढ़ते प्रभाव को खत्म करने के लिए लोगों से अपील की है कि पुलिस का सहयोग करें और कानून का पालन करें।

# रिजल्ट में छाए आर्यन पब्लिक स्कूल के छात्र

अनंत ज्ञान, सुन्नी

सीबीएससी की दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इन परिणामों में आर्यन पब्लिक स्कूल सुन्नी के छात्रों ने अव्वल प्रदर्शन किया ।

प्रधानाचार्य प्रशांत पंवर ने बताया की विद्यालय के 20 विद्यार्थियों ने बाहरवीं की परीक्षा दी। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा 99 फीसदी विद्यार्थियों में प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की। परीक्षा परिणामों के विज्ञान संकाय में चेष्ठा शर्मा ने 88 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि रिया कौंडल ने 87.6 फीसदी अंक लेकर द्वितीय तथा कर्ण शर्मा ने 82 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, दसवीं का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। हिमांशु वर्मा ने 93.2 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रत्युष पठानिया ने 91 फीसदी अंक लेकर द्वितीय तथा आराधना ने 90.8 फीसदी अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया ।


चेष्ठा शर्मा।


रिया कौंडल।


कर्ण शर्मा।

**प्रतियोगिता** बिलासपुर में पांचवीं जिला स्तरीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का हुआ समापन

# प्रीटीन वर्ग में कनिका ने झटका स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला बिलासपुर पेचक सिलाट (मार्शल आर्ट) संघ के महासचिव बृजलाल चौहान ने बताया की 12 मई को बिलासपुर के किसान भवन में पांचवीं जिला स्तरीय पेचक सिलाट ( मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें जिला बिलासपुर के लगभग 115 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम क्रमशः लड़कियां अनायशा, रुद्राणी, अलीशा, अंशिका ने स्वर्ण पदक तथा मन्नत ने ने सिल्वर पदक प्राप्त किया।

प्रीटीन वर्ग में कनिका ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सब जूनियर में शेरेन सेन, फलीशा, आरती, साक्षी, अविका व रजनी ने स्वर्ण पदक तथा अंकित, आर्य, आरती, सारिका ने सिल्वर पदक प्राप्त किया जूनियर वर्ग में दीपांशी, सलोनी, समीक्षा तथा तनिष्क ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। लड़कों में दस साल से नीचे कार्तिक ने स्वर्ण पदक अभिनव ने रजत पदक तथा कनिष्क और दिव्यांश ने कांस्य पदक प्राप्त किया प्रीटीन में कृशव राघव, कृतिन, रियांश, नमन, आदित्य अभिनव, सुजय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया प्रणव, ध्रुव ,अभय शर्मा, असलान ,अंशुमन, इमरान, अभय ने ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, हैरव सजल, अंकित ठाकुर, साहिल ने कांस्य पदक प्राप्त किया सब जूनियर वर्ग में अंशुमन, अब्बास, शिवा, केशव, रित्विक, देवांश बिष्ट, अर्चित तथा परनय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया हर्ष, आयुष, अंतरिक्ष, अरमान, अंकुश, गौरव तथा वैभव ने रजत पदक प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सारांश, कनिष्क, वरुण तथा विशाल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया रोहित, सौरभ, शौर्य, नैतिक तथा अक्षय ने रजत पदक प्राप्त किया विवेक रही तथा शुभम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।


विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक।

**सम्मानित किए खिलाड़ी**

**प्रतियोगिता** के समापन समारोह के मुख्यातिथि एसडीम बिलासपुर अभिषेक कुमार गर्ग (भारतीय प्रशासनिक सेवा) ने बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया तथा सभी बच्चों को बधाई दी बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया।

# लोक गायिका अंजलि शांडिल का 'साजना' गीत यू-ट्यूब पर रिलीज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

लोक गायकी में अपनी अलग पहचान बना चुकी अंजलि शांडिल अपनी गायकी के प्रति जुनून कम होता प्रतीत नहीं हो रहा है। एक से बढ़कर एक स्वरबद्ध लय प्रस्तुत करने वाले अंजलि शांडिल की अभी हाल ही में रिलीज साजना पहाड़ी गीत मेरा बी नी लगदा दिल, याद तेरी आई ओ को दर्शकों और श्रोताओं ने सर आंखों पर बिठाया है।



इस गीत के रिलीज होते ही करीब 12 घंटो में तीन हजार से ज्यादा दर्शक देख व पसंद कर चुके हैं। इसी से उत्साहित अंजलि शांडिल ने साजना एक गीत गाया है। यह गाना साजना यू-ट्यूब एसएम रिकाड्र्स शिमला पर रिलीज हुआ है। इस गीत को अंजलि ने स्वयं लिखा है और संगीत शशि भूषण नेगी ने दिया है। वीडियो एलबम की शूटिंग मंडी जिला के देव धड़ के रमणीय स्थलों पर हुई है। शूटिंग में नदी-नालों व सीढ़ीदार खेतों की खूबसूरती को भी इस एलबम में समेटने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि उनका अपनी पहाड़ी संस्कृति को संजोए रखना व पहाड़ी गीतों के माध्यम से संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। नई पीढ़ी के लिए पुराने बने गीत लुप्त होते जा रहे हैं। धीरे-धीरे समाप्त होती इन परंपराओं को और संस्कृति को बचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास है। बताया कि शीघ्र ही भजन व मां की भेंटे को प्रमुखता से प्रस्तुत करने की तैयारी में हैं।

